CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 195 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 7 अगस्त, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य 2.0 रुपए ■ पृष्ठ : 8+St

# भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों की क्लास ली, विकास कार्यों की की समीक्षा

## प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों के बड़े आलाधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री की गहन चर्चा, अपराध से जुड़े नए कानून की क्रियान्वयन की भी की समीक्षा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नियमित रूप से केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से किया जा रहे कार्यक्रमों और जन कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते रहे हैं और जहां भी उन्हें कुछ कमी और गड़बड़ी दिखती है तो हाथों हाथ संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर उन्हें बेहतर तरीके से काम करने के लिएहैं प्रेरित भी करते हैं और अधिकारियों को सख्त निर्देश भी देते हैं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को भी मुख्यमंत्री आवास पर विभिन्न सरकारी विभागों के बड़े अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर काफी देर तक चर्चा की उन्होंने अलग-अलग विभाग के अधिकारियों से विभागीय कार्यों का अपडेट पूछा और आने वाले दिनों में विभाग की ओर से क्या-क्या किया जाएगा इसके बारे में भी पूछा मुख्यमंत्री ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी विभाग बार अधिकारियों से सवाल जवाब किया तथा भाजपा के संकल्प पत्र के वादों की क्रियान्वयन के बारे में भी अधिकारियों से फीडबैक लिया इसके अलावा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में नए कानून के क्रियान्वयन के बारे में भी संबंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए,मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले दिल्ली दौरे में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी मुलाकात के दौरान अमित शाह ने अपराध से जुड़े नए कानून के क्रियान्वयन के फीडबैक के बारे में भी जानकारी हासिल की थी और उसके बाद अमित शाह ने भजनलाल शर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए थे इसी क्रम में भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर अपराध से जुड़े नए कानून के क्रियान्वयन के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों से विस्तार से गहन चर्चा की।



### मुख्यमंत्री मुख्य सचिव से नियमित रूप से रहते हैं संपर्क में और लेते रहते हैं अपडेट

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य सचिव से भी नियमित रूप से संपर्क में रहते हैं और उनसे सरकारी विभागों के कामकाज का अपडेट लेते रहते हैं कौन अधिकारी अच्छा काम कर रहा है कौन अधिकारी ठीक तरह से कार्य नहीं कर पा रहा, किस विभाग में क्या कमियां है, किस विभाग में क्या कमियां हैं और इन कमियों को कैसे दूर किया जाए, बजट की घोषणाओं के अलावा भाजपा के संकल्प पत्र के वादों के क्रियान्वयन के बारे में भी नियमित रूप से मुख्य सचिव के साथ वार्तालाप करते रहते हैं उसी का परिणाम है कि प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में पहले की तुलना में ज्यादा ऊर्जा आई है अधिकारी और कर्मचारी पहले की तुलना में ज्यादा समर्पित भाव से काम करते हुए नजर आ रहे हैं जिसका सीधा लाभ प्रदेश के लोगों को मिल भी रहा है

### भजनलाल शर्मा की वर्किंग पॉवर को देखकर अधिकारी भी हैं काफी चकित

शासन सचिवालय के गलियारों में अक्सर बड़े अधिकारियों में कई बार यह चर्चा भी सुनने को मिली कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रात को सोते भी हैं या नहीं क्योंकि जब से उन्होंने प्रदेश के शासन की बागडोर अपने हाथों में ली है उनके नजदीकी लोगों का कहना है कि 24 घंटे में से हर दिन 18 से 20 घंटे भजन लाल शर्मा खुद को सरकारी मीटिंग, सार्वजनिक कार्यक्रम, पार्टीके कार्यक्रम, शिलान्यास उद्घाटन जैसे कार्यक्रमों में ही बिताते आ रहे हैं, मुश्किल से उन्होंने अपने लिए चार-पांच घंटे खाने, पीने, नहाने, पूजा, सोने जैसे कार्यों के लिए निर्धारित किए हुए हैं, अब यह समझ जा सकता है कि उन्होंने अपने को खुद को प्रदेश के लोगों की भलाई और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित किया हुआ है द्य अधिकारियों में चर्चा होती है कि जब वे अधिकारियों के साथ मीटिंग करते हैं तो उनके चेहरे पर बिल्कुल भी थकावट नजर नहीं आती और पूरी तरह से फीट नजर आते हैं और उनका सवाल जवाब करने का तरीका भी एक श्रेष्ठ कुशल शासक की तरह होता है लोग कहते हैं कि भजन लाल शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दैनिक दिनचर्या से काफी प्रभावित हैं भजनलाल शर्मा जब प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन का काम देखते थे तभी से नरेंद्र मोदी की वर्किंग स्टाइल और उनकी वर्किंग पॉवर से काफी प्रभावित थे इसलिए कहीं ना कहीं भजन लाल शर्मा पीएम नरेंद्र मोदी को फॉलो कर रहे हैं और उन्हीं की तरह उन्होंने प्रदेश की जनता के लोगों की भलाई के लिए खुद को समर्पित किया हुआ है जिसके अच्छे परिणाम भी सामने आए हैं जब पिछले 19 महीना में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने कई बड़े फैसले और कई बड़े निर्णय लिए इसी वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के तमाम मंत्रियों ने भजनलाल शर्मा की व्यक्तिगत रूप से भी खूब तारीफ की है और सरकार के कामों को भी खूब सराहा है।

भारत पर अमेरिका का डबल टैरिफ अटैक

## ट्रम्प ने 25% अतिरिक्त शुल्क लगाया, कुल टैरिफ 50% पहुंचा, भारत ने कहा- यह अन्यायपूर्ण, करेंगे जरूरी जवाबी कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**वॉशिंगटन** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाने का आदेश जारी कर दिया है, जिससे कुल टैरिफ अब 50% हो गया है। यह फैसला रूसी तेल आयात को लेकर लिया गया है। नया टैरिफ 27 अगस्त से प्रभावी होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि भारत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल खरीद कर यूक्रेन युद्ध में रूस की सहायता कर रहा है, इसलिए यह कार्रवाई आवश्यक है। इससे पहले 30 जुलाई को भी ट्रम्प ने भारत पर 25% टैरिफ लगाया था। अब उन्होंने इसे दोगुना कर दिया है। हालांकि, कुछ उत्पाद जैसे सेमीकंडक्टर्स, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, फार्मास्युटिकल्स, ऑटो पार्ट्स, तांबा और अन्य खनिजों को इससे छूट दी गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस निर्णय को "अन्यायपूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण" बताया है और कहा है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखकर बाजार आधारित फैसले करता है। ट्रम्प ने मंगलवार को दिए बयान में कहा था कि भारत अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं है और उसके टैरिफ विश्व में सबसे अधिक हैं। उन्होंने फार्मास्युटिकल उत्पादों पर भी 250% टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अमेरिका को अब दवाइयों के लिए भारत और चीन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। भारत से अमेरिका को 2025 में फार्मा उत्पादों का निर्यात झ्र7.5 अरब डॉलर से अधिक रहा। अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली 40% जेनेरिक दवाइयां भारत से आती हैं। ऐसे में यह कदम भारत के फार्मा सेक्टर पर बड़ा असर डाल सकता है। अब दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव और अधिक गहराने की आशंका है। भारत जल्द ही कूटनीतिक व आर्थिक विकल्पों पर विचार कर सकता है।

# 31 अगस्त से पीएम नरेंद्र मोदी चीन के दौरे पर, जापान भी जा सकते हैं

## अब से पहले पांच बार अब तक नरेंद्र मोदी जा चुके हैं चीन, अमेरिका के टैरिफ लगाने के बाद मोदी का यह चीन का दौरा हो गया है काफी महत्वपूर्ण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 31 अगस्त से चीन के दौरे पर जाने की जानकारी मिली है हालांकि खबर लिखे जाने तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस चीन के दौरे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई थी लेकिन मोदी का यह चीन का दौरा करीब करीब तय है और हो सकता है मोदी चीन के साथ-साथ जापान का भी दौरा कर ले जानकारी के अनुसार 31 अगस्त से चीन के तिआनजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन की 25 में बैठक आयोजित हो रही है यह बैठक 1 सितंबर तक चलेगी इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए मोदी शामिल होंगे। बताया गया है कि शंघाई सहयोग संगठन में 10 देश शामिल हैं जिसमें पाकिस्तान, रूस, ईरान, कज़ाखस्तिान इत्यादि देश शामिल हैं। जानकार लोगों का कहना है कि हाल ही में अमेरिका की ओर से टैरिफ थोपने के बाद भारत और अमेरिका के रिश्तों में खटास पैदा हो गई है अमेरिका को इस बात की आपत्ति है कि भारत रूस और चीन से ज्यादा सामान खरीद रहा है ज्यादा व्यापार कर रहा है यह कहकर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने टेरिफ बढ़ाने की घोषणा की थी इसके बाद भारत और अमेरिका के बीच में कहीं ना कहीं रिश्तो में खटास जरूर आई है ट्रंप ने भारत की




अर्थव्यवस्था को लेकर भी सही टिप्पणी नहीं की थी जिसको लेकर भी भारत में ट्रंप के प्रति लोगों में गुस्सा छाया हुआ है हालांकि लोकसभा में भारत के वाणिज्य मंत्री साफ कह दिया था की तारीफ के प्रभाव का भारत में आकलन किया जाएगा और भारत के हितों की रक्षा के लिए भारत भी जरूरी कदम उठा सकता है अब जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से चीन जाने वाले हैं और इस यात्रा में चीन के राष्ट्रपति से भी उनकी मुलाकात हो सकती है इस अवस्था में मोदी का यह चीन का दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक पांच बार चीन की यात्रा कर चुके हैं, प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने पहले चीन की यात्रा वर्ष 2015 में की थी इसके बाद 2016, 2017, 2018 वर्ष में पीएम मोदी ने चीन की यात्रा की, पिछले महीने भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने भी चीन की यात्रा की थी, गलवान में भारत और चीन के सैनिकों की झड़क के बाद पिछले महीने भारत के विदेश मंत्री चीन गए थे, 5 साल में जयशंकर पहली बार चीन की यात्रा पर गए थे और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के दौरे पर जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौर में जापान की यात्रा पर भी जा सकते हैं। जानकार लोगों का कहना है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और नरेंद्र मोदी दोनों के बीच अलग से भी बातचीत होने के आसार हैं इसलिए दुनिया के इन दो बड़े नेताओं के बीच होने वाली बातचीत पर सब की निगाहें टिकी हुई है अमेरिका भी मोदी के चीन दौरे की यात्रा पर बारीकी से नजर रख सकता है। जानकार लोगों का कहना है कि अगर अच्छे माहौल में और अच्छी तरह से मोदी और शी जिनपिंग के बीच बातचीत होती है तो निश्चित रूप से यह दोनों देशों के बीच रिश्ते को मजबूत करेगी जिसका फायदा दोनों देशों की जनता को मिलेगा चीन भारत का पड़ोसी देश है इसलिए भारत हमेशा पड़ोसी देशों के साथ मधुर संबंध बनाने के लिए लेकिन कई बार भारत और चीन के बीच सीमा को लेकर वर्षों से चला आ रहा विवाद दोनों देशों के बीच रिश्तों को कड़वा भी बना देता है।

कर्तव्य भवन से बदलेगा सरकारी कामकाज का तरीका

# पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, बोले- हर साल 1500 करोड़ किराए से मिलेगी राहत

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन किया। यह कॉमन सेंट्रल सेक्रेटरिएट (ष्टस्स्) परियोजना की पहली पूर्ण इमारत है, जो 2019 में शुरू हुए सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास प्रोजेक्ट का अहम हिस्सा है। कर्तव्य भवन का उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों को एक ही स्थान पर लाकर सरकारी कामकाज में समन्वय और पारदर्शिता बढ़ाना है। उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इमारत केवल ईंट-पत्थर की संरचना नहीं, बल्कि विकसित भारत की नीतियों को दिशा देने वाली भूमि है। उन्होंने बताया कि फिलहाल केंद्र सरकार के कई मंत्रालय अलग-अलग किराए की इमारतों में काम कर रहे हैं, जिससे हर साल करीब 1500 करोड़ का किराया देना पड़ता है। साथ ही, मंत्रालयों के बिखरे होने के कारण प्रतिदिन 8 से 10 हजार कर्मचारियों को एक से दूसरे दफ्तर जाना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की भारी बर्बादी होती है। कर्तव्य भवन इस समस्या का स्थायी समाधान देगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में बताया कि आजादी के बाद प्रशासनिक कार्य उन इमारतों से संचालित होते रहे जो अंग्रेजों के शासनकाल में बनी थीं। ये इमारतें अब जर्जर हो चुकी हैं और आधुनिक जरूरतों के अनुकूल नहीं रहीं। ऐसे में 21वीं सदी के भारत को 21वीं सदी की



व्यवस्था की जरूरत है, जहां टेक्नोलॉजी, सुविधा और ऊर्जा दक्षता का समावेश हो। उन्होंने कहा कि कर्तव्य भवन जैसी संरचनाएं सिर्फ निर्माण नहीं बल्कि सुशासन का प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में संसद की नई बिल्डिंग बनने के साथ ही देशभर में 30 हजार से ज्यादा पंचायत भवन और 1300 से अधिक अमृत भारत रेलवे स्टेशन तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कर्तव्य भवन में रूफ सोलर, ग्रीन बिल्डिंग तकनीक, रिजनरेटिव लिफ्ट, सेंसर्स आधारित लाइटिंग और आईडी कार्ड एक्सेस जैसी उन्नत सुविधाएं शामिल हैं। इससे संचालन में दक्षता और रखरखाव की लागत में भी कमी आएगी। भ्रष्टाचार पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें ऐसे लोगों को योजनाओं का लाभ दे रही थीं जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं था। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से इस लीकेज को रोक कर अब तक 4.2 लाख करोड़ की बचत की गई है। पीएम ने यह भी कहा कि 1500 से ज्यादा पुराने कानूनों को समाप्त कर प्रशासनिक प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। कर्तव्य भवन-3 करीब 1.5 लाख वर्ग मीटर में फैली 7 मंजिला इमारत है जिसमें 24 आधुनिक कॉन्फ्रेंस रूम, योग कक्ष, क्रेच, कैफे, मेडिकल रूम और 600 कारों की पार्किंग व्यवस्था है। इस भवन में गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, स्स्ध मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, पेट्रोलियम मंत्रालय, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार और इंटेलिजेंस ब्यूरो के कार्यालय होंगे। सरकार के अनुसार, कर्तव्य भवन-1 और 2 का काम अगले महीने तक पूरा हो जाएगा, जबकि बाकी सात भवनों का निर्माण अगले 22 महीनों में पूरा किया जाएगा। साथ ही, कॉमन सेंट्रल सेक्रेटरिएट के तहत नया प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय, इंडिया हाउस और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय भी विकसित किया जाएगा। इसके दूसरे चरण में नया प्रधानमंत्री आवास भी शामिल है।

# भजनलाल सरकार की एक और उपलब्धि, देश में सुरक्षित शहरों में जयपुर दूसरे स्थान पर

### पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ की मेहनत और नवाचार का मिला पुरस्कार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है जिसमें देश भर के सुरक्षित शहरों में जयपुर शहर दूसरे नंबर पर आया है यानी जयपुर अपराधों के मामलों को लेकर देश में चर्चित नहीं है बल्कि जयपुर में अब अपराध बहुत कम हुए हैं और जयपुर सुरक्षित शहर के रूप में सामने आया है इसलिए यह उपलब्धि जयपुर के लोगों के लिए भी सुकून देने वाली है इसके अलावा जयपुर पुलिस के सभी बड़े अधिकारी और कर्मचारी भी इस उपलब्धि से काफी खुश नजर आ रहे हैं बड़ी बात यह है कि जयपुर पुलिस के कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने अपनी नियुक्ति के पहले दिन से ही जयपुर में अपराधों की रोकथाम के लिए और शांति



व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई तरह के नवाचार किया और कई तरह के प्रयोग किया जिसकी वजह से जयपुर में अपराधों में 14% की कमी आई, हत्या डकैती, दुष्कर्म, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों में भी तेजी से गिरावट आई है और



जयपुर पुलिस की कार्यशैली और व्यवहार में भी अच्छा बदलाव नजर आया है जिसकी वजह से एक तरफ जहां पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट लिखने में संबंधित पुलिस स्टेशन काफी सजग और गंभीर है तो दूसरी तरफ पीड़ित की रिपोर्ट की जांच पर भी तेजी से कार्रवाई हो रही है इसके अलावा दिन और रात के समय पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है, पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ हर महीने शहर के दो पुलिस स्टेशनों में जाकर जनसुनवाई करते हैं कमिश्नर का यह जनता दरबार भी लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है पुलिस की चेक पोस्ट को भी अत्यधिक बनाया गया है और आदतन अपराधियों और उनकी गुंडा गैंग के सदस्यों पर भी पुलिस की हमेशा निगरानी रहती है और वांटेड अपराधियों को पकड़ने की प्रक्रिया भी लगातार जारी है, जयपुर शहर में बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं जिनके माध्यम से अपराधियों को पकड़ने में आसानी रहती है संवेदनशील इलाकों में पुलिस की निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है तथा जयपुर शहर के होटल धर्मशाला मुसाफिरखाना गेस्ट हाउस इत्यादि जगहों पर थाना स्तर पर नियमित रूप से चेकिंग अभियान शुरू किया गया है इन सब नवाचारों और नए प्रयोगों के माध्यम से जयपुर पुलिस की कार्यशैली में क्रांतिकारी बदलाव आया है जिसकी वजह से जयपुर में अपराधों में कमी आई है इसी वजह से जयपुर को भारत का दूसरे नंबर पर सुरक्षित शहर माना गया है जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि।

### *मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भरोसे पर खरे उतरे जोसेफ*

*पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ पिछली गहलोत सरकार के समय से ही जयपुर के पुलिस कमिश्नर पद पर तैनात हैं जोसेफ काफी ईमानदार और कड़क आईपीएस माने जाते हैं और जयपुर में लंबे समय तक यहां तैनात रहे हैं जयपुर पूर्व के एसपी रहने के अलावा जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में पूर्व में अतिरिक्त आयुक्त पद पर भी रहे हैं और बीएल सोनी की जगह पहले पुलिस कमिश्नर का काम भी देख चुके हैं और पिछली गहलोत सरकार ने इन्हें जयपुर का पुलिस कमिश्नर बनाया था उसके बाद से अब तक बीजू जार्ज जोसेफ जयपुर के कमिश्नर पद पर बरकरार हैं कारण यही है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी जोसेफ की कार्यशैली और उनकी ईमानदारी से पहले से ही वाकिफ थे इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद कई बार आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया लेकिन जोसेफ का तबादला नहीं किया, मुख्यमंत्री को जोसेफ की योग्यता पर भरोसा था और अब जिस तरह से जयपुर पूरे देश का सुरक्षित शहर के मामले में दूसरे नंबर पर रहा है उसकी वजह से निश्चित रूप से मुख्यमंत्री के भरोसे और विश्वास को जयपुर के पुलिस कमिश्नर जोसेफ ने बरकरार रखा है*

CMYK

# जिला कलक्टर ने फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल की समीक्षा की

**फ्लैगशिप स्कीमों एवं बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन करावे -जिला कलक्टर**

**शिशु अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार की कार्य योजना बनाने हेतु समिति गठित**

**शहर में नई फूड स्ट्रीट के लिए यूआईटी करेगी जगह चिन्हित**



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर फ्लैगशिप योजनाओं व बजट घोषणाओं में प्रगति, राजस्थान संपर्क पोर्टल लंबित परिवादों एवं इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट कार्यों आदि की विस्तृत समीक्षा कर जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने फ्लैगशिप योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग कर उनमें लक्ष्यानुसार प्रगति सुनिश्चित करें, साथ ही यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से लाभांवित होने से वंचित ना रहे। उन्होंने विभागवार योजनाओं में प्रगति की वस्तुस्थिति जानकर संबंधित अधिकारियों को सैचुरेशन स्तर तक क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं में प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये कि निर्धारित टाइमलाइन में बजट घोषणाओं के कार्यों को चरणबद्ध रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रत्येक बजट घोषणा की प्रगति पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रियागत कार्यवाही को पूर्ण कराकर यथाशीघ्र इनकी धरातल पर क्रियान्विति कराने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को बजट घोषणाओं का त्वरित लाभ मिल सके। उन्होंने जिला शिशु अस्पताल में जिले व आसपास के राज्यों के शिशु मरीजों की बढती संख्या को ध्यान में रखते हुए शिशु चिकित्सालय के विस्तार एवं सुविधाओं में इजाफा करने हेतु सीएमएचओ, पीएमओ, एससी पीडब्ल्यूडी व एससी यूआईटी की संयुक्त समिति का गठन किया। उन्होंने समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि आगामी 20 वर्ष की कार्ययोजना को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सालय में आधुनिक सुविधाएं विकसित करने हेतु 15 दिनों में नक्शा आदि कार्य योजना तैयार कर डीपीआर बनाए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएमएफटी फण्ड के अनुरूप बजट घोषणाओं की कार्य योजना बनाकर उनके अगले सप्ताह तक प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने आरवीपीएनएल के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये कि कठूमर में 132 केवी के सब स्टेशन हेतु उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर भूमि आवंटित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यूआईटी सचिव को निर्देश दिये कि बहरोड, तिजारा रोड आदि स्थानों पर फूड स्ट्रीट हेतु भूमि चिन्हित कर कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि मुंगस्का नर्सरी से हनुमान सर्किल तक व हनुमान सर्किल से नमन होटल तक बजट घोषणा के 10 करोड रूपये की राशि से नाला निर्माण हेतु डीपीआर तैयार हो चुकी है अतः यूआईटी वर्षा ऋतु से पहले दोनों स्थानों पर नाला निर्माण का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यार्थियों एवं आमजन को प्राकृतिक वातारण में अध्ययन की सुविधा प्रदान करने हेतु ओपन लाइब्रेरी बनाए जाने के प्रस्ताव तैयार कर भूमि चिन्हित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि एनकेप व एनसीआरपीबी के तहत प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने यूआईटी द्वारा डेढ लाख रूपये की लागत से तूलेडा रोड व सूर्य नगर बाई पास पर लगाई गई रोड लाइट के कार्य की सराहना की। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि तांगा स्टैण्ड व महिला चिकित्सालय में 15 दिवसों में पिंक टॉयलेट बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने हनुमान चौराहे पर बनाए जाने वाले बस स्टैण्ड की भूमि पर से विद्युत लाइन शिफ्ट कराने के कार्य में उदासीनता बरतने पर रोडवेज के प्रबंधक पर नाराजगी जाहिर कर निर्देश दिये कि सीएमडी स्तर पर वार्ता कर कार्य को पूर्ण करावे। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा कर निर्देश दिये कि आमजन की ग्रीवेंस का समाधान प्राथमिकता से यथाशीघ्र सुनिश्चित हो, इसके लिए प्रतिदिन संबंधित अधिकारी पोर्टल का अवलोकन कर इस पर आने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ निर्धारित टाइमलाइन में निस्तारण करना सुनिश्चित करें, परिवादियों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निवारण होने से उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि होगी। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई मॉनिटरिंग सिस्टम व अन्य जनसुनवाई से प्राप्त परिवेदनाओं का भी गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण किया जावे। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं के निस्तारण में विलम्ब कर लापरवाही बरतने पर प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी, वाडरशेड के अधीक्षण अभियन्ता, एडीपीएस समसा व गौरी देवी महाविद्यालय के प्राचार्य को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चन्द शर्मा, डीटीओ सुरेश यादव, जीएम डीआईसी एम. आर मीना, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अग्रवाल महासभा की पूर्वी इकाई के चुनाव सम्पन्न




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.) दिनेश मित्तल अध्यक्ष मनोनीत** श्री अग्रवाल महासभा अलवर की पूर्वी इकाई का चुनाव बुधवार को अंबेडकर नगर स्थित अग्रवाल बालिका छात्रावास में 7.30 बजे कराए गए। अग्रवाल महासभा के पर्यवेक्षक के रूप में मंत्री श्री विजय अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गर्ग ,उप मंत्री महेश कुमार गोयल की देखरेख में समाज बंधुओ की बैठक आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से दिनेश मित्तल को पूर्वी क्षेत्र इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सभी अग्र बंधुओ ने नव निर्वाचित अध्यक्ष को मलाई पहनकर शुभकामनाएं प्रेषित की, इस अवसर पर शिव कुमार अग्रवाल पूर्व पार्षद, सुरेश अग्रवाल जलालपुर वाले, अशोक गोयल, अजय गोयल कनिष्ठ उपाध्यक्ष, पदमचंद अग्रवाल अनिल गर्ग,मनीष अग्रवाल,विजय अग्रवाल बुटोली , रिंकेश जिंदल ताराचंद अग्रवाल महावीर सिंघल, विकास अग्रवाल, जिला संस्थान के महामंत्री अनिल अग्रवाल मंत्री प्रमोद कुमार गुप्ता आदि बड़ी संख्या में अग्र बंधु उपस्थित थे। अग्रवाल महासभा अलवर के अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता ने बताया कि कल दिनांक 7 अगस्त को दक्षिण इकाई क्षेत्र के चुनाव अग्रवाल छात्रावास नया बास सर्किल अलवर पर आयोजित किए जाएंगे।

## पावन धाम मंदिर में 16 अगस्त को मनाया जाएगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अपना घर शालीमार ऑफिसर एनक्लेव-2 रेसिडेंट सोसायटी 14 बीघा में 16 अगस्त वार शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। सोसायटी के प्रवक्ता जितेंद्र सेतिया ने बताया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अपना घर शालीमार ऑफिसर एनक्लेव-2 रेसिडेंट सोसायटी 14 बीघा में 16 अगस्त वार शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर से कमल कान्हा सुखवानी, गोपालगढ़ से राहुल ब्रजवासी, व गाजियाबाद से नेहा शर्मा जयदीप स्वर संगम आर्केस्ट्रा ग्रुप अपनी स्वर लहरियों से भगवान श्रीकृष्ण को मीठे मीठे भजनों से रिझायेगे। वहीं मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया जाएगा साथ ही भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना की जाएगी। साथ ही भक्तजन उपवास रखकर भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाएंगे।




## तंज ... ओर सिर्फ जनता ही त्रस्त है - नेता प्रतिपक्ष जूली

**अलवर(निस.)/जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले रोडवेज एवं निजी बसों का सफर में 10 से 30 प्रतिशत बढ़ाकर सरकार ने अपनी मंशा साफ कर दी है कि त्योहार पर छूट देने की आड़ में प्रदेशवासियों की जेब पर भार डाला गया है। जूली ने तंज कसते हुए कहा कि महंगाई बोलकर भाजपाइयों की भावनाएं आहत ना की जाए, वैसे प्रदेश में सब कुछ ठीक है बस महंगाई चरम पर है, गुंडाराज और माफिया बेलगाम हैं, तानाशाही हावी है और सरकार वो दिल्ली दरबार की जी-हुजूरी और अपनी ब्रांडिंग में व्यस्त है, सिर्फ जनता ही त्रस्त है।



## नेता प्रतिपक्ष जूली ने किया सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

**अलवर(निस.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरिस्का के क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट के नए ड्राफ्ट को सुप्रीम कोर्ट द्वारा लौटाए जाने पर इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह पारदर्शी नहीं यहां टाइगर को लाभ नहीं मिलेगा बल्कि एक सोची समझी साजिश के तहत कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसा किया जा रहा है। इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पुनर्निर्धारण का मजाक बनाकर रख दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चीफ सेक्रेटरी को मैं यही कोर्ट में बुला लूंगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि अक्टूबर तक दोबारा पुनर्निर्धारण करके प्रस्ताव लाए नियमों को फॉलो करें, कहा कि नोटिफिकेशन से लेकर लोगों से आपत्ति जरूर मांगे। गौरतलब है कि सरिस्का मामले को नेता प्रतिपक्ष जूली ने अलवर से लेकर दिल्ली तक प्रमुखता से उठाया।

## जयपुर में संयुक्त शासन सचिव भास्कर ए सांवत से गौरव उत्सव समिति के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**15 अगस्त की शाम अलवर में होने वाले स्वतंत्रता गौरव उत्सव कार्यक्रम में आने का दिया निमंत्रण**



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति के सदस्यों ने जयपुर में बुधवार को राजस्थान सरकार में संयुक्त शासन गृह सचिव आईएएस भास्कर ए सांवत से मुलाकात की। समिति अध्यक्ष गौरीशंकर विजय ने बताया कि अलवर में स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर पिछले 9 वर्ष से स्वतंत्रता गौरव उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य देश की स्वतंत्रता व देश की रक्षा के शहीद हुए महान बलिदानियों को स्मरण करते हुए व उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पण करना व देश की सीमा पर खड़े भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाना व देश के लिए शहीद हुए महान बलिदानियों को स्मरण करते हुए व उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पण करना है। अलवर के अतिरिक्त देशभर में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाए, इसी उद्देश्य के साथ समिति अध्यक्ष गौरीशंकर विजय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जयपुर में मुलाकात की। समिति सदस्य मनोज गुप्ता और दीपक अग्रवाल ने बताया कि आईएएस भास्कर ए सांवत ने पूर्व में अलवर जिला कलेक्टर रहते हुए कंपनी बाग शहीद स्मारक के लिए 29 लाख का बजट अनुमोदित किया था, जिसके बाद ही शहीद स्मारक स्वरूप में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ। उन्होंने बताया कि आईएएस भास्कर ए सांवत अलवर के बाद जहां भी पोस्टिंग पर रहे उन्होंने समिति के कार्यों को हमेशा सराहा। राजस्थान सरकार में विभिन्न उच्च पदों पर रहते हुए उन्होंने 15 अगस्त दीपोत्सव कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में अपने स्तर पर महत्वपूर्ण सहयोग दिया। वर्तमान समिति को वह समय समय पर अपना मार्गदर्शन प्रदान करते रहे हैं। समिति की तरफ से मुलाकात के दौरान उनका आभार प्रकट करते हुए उन्हें आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए सम्मान पूर्वक निमंत्रित किया गया। इस दौरान दिलीप विजय, डा मंजू विजय इत्यादि उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन से पहले मिलावटखोरी पर बड़ी कार्रवाई, 350 लीटर मिलावटी दूध नष्ट, गोदाम सील

**मिलावटखोरो के खिलाफ निरंतर चलेगी कर्रवाई -जिला कलेक्टर**



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)** आगामी त्यौहारों को देखकर जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देशन में मिलावटखोरों के खिलाफ सघन अभियान चलाकर लगातार सैंपलिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 9 अगस्त तक चलाया जाएगा है, जिसके तहत मिठाई दुकानों और दूध डेयरियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट ने बताया अभियान के तहत रक्षाबंधन पर्व से पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 350 लीटर मिलावटी दूध मौके पर ही नष्ट कर दिया और गोदाम को सील कर दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि त्योहार के सीजन में मिठाइयां बनाने के लिए बड़े पैमाने पर मिलावटी दूध तैयार किया जा रहा था। सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम हमीराका, तहसील तिजारा में छापा मारा। उन्होंने बताया कि मौके पर आरिफ खान (उम्र 34 वर्ष, जाति मेव) द्वारा मावा बनाने के लिए दूध में मिलावट की जा रही थी। टीम ने मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन से मौके पर ही दूध की जांच की, जिसमें आंशिक मिलावट की पुष्टि हुई। यह कार्रवाई मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर की गई। छापे के दौरान रिफाइंड तेल के पीपे, एस एन एफ पाउडर, मिल्क पाउडर के कट्टे बरामद किए गए। ये सभी सामग्री दूध में मिलावट और फैट बढ़ाने के लिए उपयोग की जाती है। मौके से लिए गए दूध और मावा के नमूने खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। वहीं, मिलावटी व बदबूदार दूध को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। जांच के दौरान परिसर में भारी गंदगी पाई गई और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था, जिसके चलते परिसर को सील कर दिया गया। नमूना जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार, उपनिरीक्षक लोकेश (थानाधिकारी, शेखपुर अहीर), महिपाल सिंह, सुभाष यादव, रमेश शर्मा, हेमराज (कानि 284), सुंदर (कानि चालक 1073) सहित टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## जन सुरक्षा अभियान के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में होंगे शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्र सरकार के निर्देशानुसार 30 सितम्बर तक संचालित जन सुरक्षा अभियान के तहत 8 अगस्त को जिले की ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन होगा, जिसमें मौके पर ही आमजन के सरकारी की विभिन्न योजनाओं में नामांकन किए जाएंगे। अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक बाबू लाल पालरिया ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार 30 सितम्बर तक संचालित जन सुरक्षा अभियान के तहत जिले की ग्राम पंचायतों में प्रशासन व सभी बैंकों के सहयोग से कैम्पों का आयोजन किया जा रहा हैं जिनमें प्रधानमंत्री जन-धन योजना में वर्तमान निष्क्रिय बैंक खातों का पुनः सत्यापन, नये बैंक खाते खोलना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना में शिविर स्थल पर ही नामांकन किया जा रहा है उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में प्रतिवर्ष केवल 20 रूपये में 2 लाख का दुर्घटना बीमा, जीवन-ज्योति बीमा योजना में प्रतिवर्ष केवल 436 रूपये में 2 लाख रूपये का जीवन बीमा और अटल पेंशन योजना में न्यूनतम मासिक निवेश करने पर 60 वर्ष की आयु के बाद अंशदान आधारित स्थाई रूप से अधिकतम 5000 रूपये मासिक पेंशन मिलेगीद्य योजनाओ से जुड़ने के लिए अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबरों से एसएमएस एवं मिस्डकाल द्वारा भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकताहै।

### 8 अगस्त को इन ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

उन्होंने बताया कि जन सुरक्षा अभियान के तहत 8 अगस्त को ग्राम पंचायत गढ़ी, खेरली रेल, ककराली, स्यालुता, तालरा, सहड़का, कूंडला, खालसा नगर, डेरा, समूची, सीलीबोरी, खेरली सयैद, हल्दीना, बेरका, झालाताला, हाजीपुर, झालाताला, हाजीपुर, तहतारा, कानपूर लोज, सलेमा खुर्द, सोनखर(ग्रामीण), तिलवार, मलाखेरा व लालवंडी में जनसुरक्षा शिविर आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अभियान से जुडकर बैंकिंग व सामाजिक सुरक्षा योजनाओ का लाभ उठाये।

## कारोबारी का अपहरण कर लूटपाट करने वाला पाचवां आरोपी गिरफ्तार

**वारदात में प्रयुक्त 1 देशी कट्टा बरामद**




जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** पुलिस थाना ने कार्यवाही करते हुए कारोबारी का अपहरण कर लूटपाट करने वाले पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि थाना राजगढ पर 7 जून 2025 को परिवादी ने मामला दर्ज कराया की 6 जून 2025 को मै दुकान बन्द करके शाम 9.30 बजे के करीब मोपेड से घर आ रहा था ठेकडा हनुमान मन्दिर से पहले उन्होने कार से मुझे टक्कर मार कर गिरा दिया और गाडी से 4 नकापोश बदमाश मेरे मुंह पर कपडा डाल कर कार में डाल दिया और उन्होने गाडी को अलवर रोड पर ले गये उन्होने मेरा फोन, सोने की अगूंठी व जेब से करीब 18 हजार रूपये निकाल लिये उन्होने मुझे बिलेड से काटा व बन्दूक की नोक पर मुझसे फोन के फोन पे से पैसे निकाल लिये उन्होने मुझे धमका कर दस लाख रूपये घर वाले से लाने का कहा मैने कहा मेरे पास इतने रूपये नही है उन्होने घर फोन करके पैसे डालने के लिए मजबूर किया उन्होने मेरे भाई के नम्बर पर काल करके पैसे डालने को कहां उन्होने जान से मारने की धमकी देते हुए मुझे गाडी में बाधं दिया मैने उनसे पैसे की कही उन्होने 10 हजार रूपये डाल दिये चारों तरफ नाकाबन्दी होने की वजह से मुझे भरतपुर से आगे जगंल की और झाडियो में पटक कर वहां से भाग गये मैं वहां से अपने हाथ पैरो को खोलकर झाडियो से वहां से खेतों मे होकर रोड पर पहुचां वहां पुलिस प्रशासन रोड पर नाकाबन्दी वाले मिला और उन्होने मेरा नाम पूछा में पुलिस के साथ पुलिस चौकी कोठी नारायणपुर लाया गया अपराधियो को सामने आने पर पहचान सकता हूँ। इत्यादि पर अभियोग पंजीबद्ध अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला अलवर डॉ. प्रियंका के निकटतम सुपरविजन व पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना के निर्देशन में थानाधिकारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में पुलिस थाना राजगढ टीम द्वारा आसूचना संकलित व तकनीकी सहायता से घटना को अंजाम देने वाले 3 शातिर आरोपीयान को 13 जून 2025 को बापर्दा गिरफ्तार किया एवं चौथे आरोपी सुरेन्द्र सिंह उर्फ गगन पुत्र श्री जसमेर सिंह जाति जटसिख उम्र 30 साल, निवासी मिलकपुर पुलिस थाना रामगढ़, जिला अलवर को 25 जून 2025 को गिरफ्तार किया गया एंव 5 अगस्त को आरोपी दीपक उर्फ दीपू पुत्र मन्जीत सिह जाति मजबी सिख निवासी मस्तपुर थाना गोविन्दगढ अलवर हाल मुल्तान नगर नई बस्ती सुर्य नगर थाना वैशाली नगर जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से घटना के समय परिवादी से लूटी गई राशि 1500 रुपये एवं घटना में प्रयुक्त 01 देशी कट्टे को बरामद किया है

## सीईओ ने किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित मिले कर्मचारियो को किया नोटिस जारी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद अलवर द्वारा पंचायत समिति रैणी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति रैणी में कार्यरत ध्यानीराम मीना, सहायक विकास अधिकारी, मुकेश चन्द मीना, सहायक विकास अधिकारी, दिनेश मीना, वरिष्ठ सहायक एवं जितेन्द्र सिंह, कनिष्ठ सहायक अनुपस्थित पाये गये, जिसके लिये श्रीमान द्वारा विकास अधिकारी, पंचायत समिति रेणी को अनुपस्थित पाये गये उपरोक्त अधिकारी/कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात सीईओ द्वारा ग्राम पंचायत माचाडी एवं ईटोली का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनो ग्राम पंचायत क्षेत्रों में साफ-सफाई का अभाव पाया गया, जिसके लिये मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद अलवर द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुये इस बाबत सरपंच / ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये एवं भविष्य में पुनः इस प्राकर की पुर्नावृत्ति नही पाये जाने हेतु विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी, पंचायत समिति रैणी एवं ग्राम पंचायत माचाडी व ग्राम पंचायत ईटोली के सरपंच / ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।



## चोरी के ट्रांसफार्मर सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स




**राजगढ(निस.)** पुलिस थाना राजगढ़ ने कार्यवाही करते हुए चोरी के ट्रांसफार्मर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि थाना राजगढ में 27 जूलाई को कनिष्ठ अभियंता माचाडी बिजली विभाग रैणी ने मामला दर्ज कराया कि दिनांक 27 जूलाई की सुबह की रात्रि करीब 4.10 बजे गांव बुचपुरी मे कृषि के ट्रांसफार्मर को चोर चोरी करके ले गये। इत्यादि पर अभियोग पंजीबद्ध अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ प्रियंका के निकटतम सुपरविजन व पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना के निर्देशन में थानाधिकारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में पुलिस थाना राजगढ टीम द्वारा आसूचना संकलित व तकनीकी सहायता से त्वरित कार्यवाही करते हुए ट्रांसफार्मर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 2 आरोपी धारासिह उर्फ पोला पुत्र नानगराम जाति बावरिया उम्र 22 साल निवासी कलेशान ठेकडीन थाना राजगढ व प्रहलाद उर्फ मोटा पुत्र प्रताराम जाति भील उम्र 27 साल निवासी बबेली पुलिस थाना राजगढ को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपियों से चोरी किया गया विधुत ट्रांसफार्मर व चोरी करते समय प्रयुक्त लोहे का ओजार संडासी (कटर) को बरामद किया गया



# पहले वाजपेई का अब नरेंद्र मोदी का दिल जीता "अश्विनी वैष्णव" ने

## अश्विनी वैष्णव के नवाचारों और नए प्रयोग से रेलवे में आया क्रांतिकारी बदलाव

## विकसित देशों के रेलवे ढांचे की तरह नए कलेवर और नए अंदाज में नजर आने लगा है इंडियन रेलवे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** हीरे की परख जौहरी को ही होती है, जौहरी पत्थर में से भी हीरे को ढूंढ लेता है, हिंदुस्तान की राजनीति में आज की तारीख में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बड़ा कोई जौहरी है ही नहीं, मोदी वे शख्स हैं जो एक नजर में ही पल भर में इंसान के काबिलियत की परख कर लेते हैं, मोदी भले ही दिल्ली में बैठे हो लेकिन देश भर के अधिकारियों और राजनेताओं पर उनकी निगाहें रहती हैं और अच्छा काम करने वाले चाहे राजनेता हो या फिर अधिकारी उन्हें अच्छे अवसर प्रदान करके जनता और राष्ट्र की सेवा करने का पूरा अवसर भी देते हैं, ऐसे ही उनकी निगाहें कई साल रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव पर टिकी थी जब वैष्णव पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के दफ्तर में उपसचिव हुआ करते थे उस समय गुजरात का मुख्यमंत्री रहने के दौरान नरेंद्र मोदी का वाजपेई के कार्यालय में आना-जाना लगा रहता था इसलिए नरेंद्र मोदी और अश्वनी वैष्णव के बीच मुलाकात होना आम थी, उस समय ही मोदी अश्विनी वैष्णव की कार्यशैली, व्यवहार और उनकी पर्सनालिटी से काफी प्रभावित हो गए थे उस समय अश्विनी वैष्णव ने पीएम नरेंद्र मोदी के दिल में एक अच्छे ऑफिसर के रूप में जो छवि बना ली थी, उस छवि को नरेंद्र मोदी देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद भी नहीं भूल पाए क्योंकि उन्होंने उस समय हिंदुस्तान के ब्यूरोक्रेट्स में एक ऐसे ऑफिसर को ढूंढ निकाला था जो समाज और राष्ट्र के विकास में आगे एक बड़ी भूमिका निभा सकता है आज मोदी की उस सोच को अश्वनी वैष्णव सच भी साबित कर रहे हैं क्योंकि एक तरफ अश्वनी वैष्णव मोदी सरकार के श्रेष्ठ मंत्रियों की सूची में अग्रिम पंक्ति में शामिल हैं तो दूसरी तरफ पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें जिन जिन विभागों की जिम्मेदारी दी है उन विभागों में अश्वनी वैष्णव ने अपने नवाचारों और नए प्रयोगों से क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं जिसमें भारतीय रेलवे तो पूरी दुनिया में नए लुक में और नए अंदाज में नजर आने लगा है, दुनिया के यूरोपीय विकसित देश रेलवे में जो सुविधा यात्रियों को देते हैं ठीक उसी तरह की सुविधा भारतीय रेल में आज यात्रियों को मिल रही है, चाहे रेल में यात्रियों की सुविधा का मामला हो या फिर सुरक्षा का या फिर माल ढुलाई का हर क्षेत्र में भारतीय रेलवे यात्रियों को सुविधा उपलब्ध करवाने में दुनिया भर में अव्वल नजर आ रहा है और अब भारत बुलेट ट्रेन संचालित करने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह सब रेलवे में जो उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्य हुए हैं वे रेल मंत्री अपनी वैष्णव की कार्यशैली और नवाचारों के परिणाम ही हैं ।



### राजस्थान और उड़ीसा दोनों राज्यों से दिल का रिश्ता है अश्विनी वैष्णव का

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मुख्य रूप से राजस्थान के पाली जिले के जीवंत कला गांव के रहने वाले हैं और इनका ननिहाल खेरवा गांव में है जहां इनका जन्म भी हुआ था लेकिन कई साल पहले इनके पिता देवीलाल पाली जिले से जोधपुर शहर में चले गए थे और वे जोधपुर में रहकर ही वकालत और कर सलाहकार के रूप में काम करते थे इसलिए वैष्णो की स्कूली शिक्षा जोधपुर में हुई और जयनारायण विश्वविद्यालय से उन्होंने डिग्री भी हासिल की फिर कानपुर आईआईटी से एमटेक किया तथा 1994 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में 27वीं रैंक हासिल की और इन्हें उड़ीसा कैडर मिला। उड़ीसा में बालेश्वर सुंदरगढ़ कटक सहित कई जिलों के कलेक्टर रहे और 1999 में आई भीषण आपदा में उन्होंने लोगों की खूब सेवा की, उड़ीसा में आई आपदा में राहत कार्यों में अश्वनी वैष्णव के कामों की तारीफ पूरे हिंदुस्तान में हुई और अटल बिहारी वाजपेई भी उनके कामों से काफी प्रभावित हुए थे बाद में अश्विनी वैष्णव प्रतिनयुक्ति पर दिल्ली चले गए । लेकिन उड़ीसा में विभिन्न जिलों में जिला कलेक्टर और अन्य पदों पर रहने के दौरान अश्विनी वैष्णव ने कई बड़े नवाचार और कई बड़े कार्य किया जिसमें गरीब मजदूर और आदिवासी लोगों के कल्याणऔर उत्थान के लिए अंत्योदय के आधार पर उन्होंने शानदार बेमिसाल काम किया जिसकी वजह से उड़ीसा सरकार की निगाहों में अश्विनी वैष्णव अपने से सीनियर अधिकारियों की तुलना में ज्यादा लोकप्रिय और काबिल अधिकारी बन गए थे, आपदा में उनके कामों की चर्चा उड़ीसा में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में हुई और तत्कालीन भारत सरकार भी अश्विनी वैष्णव से काफी प्रभावित हुई ।उड़ीसा के लोगों में भी अश्वनी वैष्णव खूब लोकप्रिय अधिकारी के रूप में माने जाने लगे थे इसलिए उड़ीसा राज्य के प्रति भी अश्वनी वैष्णव का दिल का रिश्ता है राजस्थान के तो रहने वाले हैं इसलिए राजस्थान से तो उनका दिल का रास्ता रहेगा ही इसीलिए कुछ साल पहले उन्होंने अपने पाली जिले में स्थित पैतृक गांव में मकान की मरम्मत का काम भी करवाया था और वहां पर उनके परिजनों का आना-जाना भी लगा रहता है इस तरह से अश्वनी वैष्णव का राजस्थान और उड़ीसा दोनों राज्यों से गहरा जुड़ाव है ।

### *भारतीय रेलवे अब विकसित देशों के रेलवे ढांचे को दे रहा है टक्कर, क्रांतिकारी बदलावों से इंडियन रेलवे का नया कलेवर और नया अंदाज, वर्ष 2027 में बुलेट ट्रेन का होगा संचालन*

इसमें कोई संदेह नहीं पिछले 10 सालों में भारतीय रेलवे ने उन्नति और प्रगति की जो गाथा लिखी है उससे भारतीय रेलवे का अब नया लुक और नया अंदाज यात्रियों को काफी लुभा रहा है एक तरफ जहां यात्रियों को रेलों में सभी तरह की अत्याधुनिक सुविधाएं मिलने लगी हैं तो दूसरी तरफ रेल दुर्घटनाओं में पहले की तुलना में भारी कमी आई है अब बुलेट ट्रेन संचालन की दिशा में भी भारतीय रेलवे तेजी से आगे बढ़ रहा है 2027 तक बुलेट ट्रेन भारत में दौड़ने लग जाएगी इसके लिए जापान और अन्य देश से तकनीकी रूप से सहयोग लिया जा रहा है, रेल मंत्री के रूप में अश्वनी वैष्णव ने कई नए नवाचार और नए फैसले लिए हैं इसकी वजह से रेलवे के स्टाफ की कार्य कुशलता और कार्य शैली में क्रांतिकारी बदलाव आया है, देश में अत्याधुनिक तरीके से रेलवे ट्रैक स्थापित किया जा रहे हैं करीब 2000 से ज्यादा रेलवे में कोच बढ़ाई जा रहे हैं अब 1000 नई ट्रेन संचालन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रेल दुर्घटनाओं का आंकड़ा 170% से घटकर अब 30% रह गया है उसकी वजह यह है कि रेलवे ट्रैक के मजबूतीकरण और सुधारीकरण के लिए नियमित रूप से रेलवे ट्रैक की मॉनिटरिंग व्यवस्था को मजबूत किया गया है रेलवे सिग्नल व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, अत्याधुनिक तरीके से रेलवे ट्रैक स्थापित किया जा रहे हैं, रेलवे बजट में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है, नमो भारत और अमृत ट्रेन जैसी ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को एक से एक अत्याधुनिक सुविधाएं मिल रही है और इनका किराया भी पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और बांग्लादेश की तुलना में काफी कम है, यही वजह है कि ट्रेनों के प्रति यात्रियों का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है रेल दुर्घटनाओं में कमी होने की वजह से ट्रेन में सफर करते समय यात्री खुद को पूरी तरह से सुरक्षित और आरामदायक महसूस कर रहे हैं, ट्रेनों में टिकट बुकिंग की व्यवस्था भी पहले की तुलना में ज्यादा आसान हुई है ऑनलाइन टिकट बुकिंग व्यवस्था को और मजबूत और पारदर्शक तरीके से लागू किया गया है बड़ी बात यह है कि वर्ष 2014 में जहां रेलवे में 20000 करोड़ का निवेश होता था वहां अब रेलवे में 2.52 लाख करोड़ का निवेश होने लगा है जिसमें 20000 करोड़ का निवेश पीपीपी के माध्यम से ही है द्य ट्रेन में माल ढुलाई के आंकड़े में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है पहले जहां माल ढुलाई का आंकड़ा 29% था वह अब बढ़कर 35% हो रहा है। इन सब तथ्यों की वजह से इंडियन रेलवे अब दुनिया के यूरोपीय विकसित देशों के रेलवे ढांचे को टक्कर देने लगा है, यात्रियों को जो सुविधा विदेश में ट्रेनों में मिलती है इस तरह की सुविधा अब इंडियन रेलवे यात्रियों को उपलब्ध करवा रहा है और देश के पर्यावरण की रक्षा में भी इंडियन रेलवे अब अपनी अहम भूमिका निभा रहा है और पर्यावरण का पूरा ध्यान रखते हुए इंडियन रेलवे अपनी विकास की गाथा को तेजी से आगे बढ़ा रहा है और इन सब अच्छे परिणाम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नवाचार, उनकी नई सोच, और उनकी कार्यशैली की बड़ी भूमिका रही है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट मंत्रियों की सूची में श्रेष्ठ काम करने वाले मंत्रियों में अश्वनी वैष्णव अग्रिम पंक्ति में नजर आते हैं

### *ईमानदार और समर्पित होने की वजह से ही अश्विनी वैष्णव को मिला रेलवे जैसा विभाग*

*अश्विनी वैष्णव ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की नौकरी के दौरान एक ईमानदार और कर्मठ अफसर के रूप में खुद को उड़ीसा में स्थापित किया था जिसकी वजह से उनकी चर्चा पूरे देश में हुई, अश्विनी वैष्णव की ईमानदारी और काम के प्रति उनकी समर्पण भावना ने उन्हें अटल बिहारी वाजपेई और नरेंद्र मोदी को ही काफी प्रभावित किया इसी वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें रेलवे जैसा बाद मंत्रालय सोप है इसके अलावा संचार और प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेवारी भी अश्विनी वैष्णव के पास में है लेकिन रेल मंत्रालय भारत का ही नहीं बल्कि दुनिया भर में सबसे बड़ा मंत्रालय माना जाता है भारतीय रेलवे विभाग दुनिया भर का सबसे बड़ा और विशाल विभाग है इसीलिए लोकसभा में रेलवे का अलग से बजट जारी किया जाता है और यह भी सच है कि रेल मंत्रालय कई बार भ्रष्टाचार जैसे मामलों को लेकर भी पूर्व की केंद्र सरकारों में हमेशा चर्चा का विषय बना रहा लेकिन जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है तब से भारतीय रेलवे में भ्रष्टाचार जैसे मामले सामने नहीं आए और जब से अश्विनी वैष्णव ने रेल मंत्रालय अपने हाथ में लिया है तब से रेल मंत्रालय के कामकाज पर किसी ने भी किसी भी बात को लेकर अब तक उंगली नहीं उठाई है संसद में भी रेल मंत्रालय को निशाने पर लेने के लिए विपक्ष के हाथ में कभी कोई ऐसा मामला आया ही नहीं कि वह रेल मंत्रालय को लेकर मोदी सरकार को संसद में कटघरे में खड़ा करें वजह यही है कि रेल मंत्रालय के कामकाज में पारदर्शिता का माहौल कायम करने में अश्विनी वैष्णव काफी सफल हुए हैं अधिकारियों और कर्मचारियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए वे हमेशा प्रेरित करते रहते हैं और हर काम की लगातार नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते रहते हैं । विभागीय कार्यों के लिए टेंडर की व्यवस्था को और पारदर्शक बनाया गया है और रेलवे में नौकरियों की भर्ती की व्यवस्था को भी और मजबूत और पारदर्शक बनाया गया है इन सब नवाचारों और नए प्रयोगों से रेलवे विभाग के कामकाज में काफी सुधार हुआ है ।*

### राजनीति में आने से काफी पहले ही छोड़ दी थी भारतीय प्रशासनिक सेवा की नौकरी

हिंदुस्तान की राजनीति में कई अधिकारी ऐसे हैं जो हाई प्रोफाइल सरकारी नौकरी को सिर्फ विधायक और सांसद बनने के लिए ही छोड़े हुए हैं लेकिन अश्विनी वैष्णव ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की नौकरी राजनीति में एंट्री करने के लिए नहीं छोड़ी थी, जब केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई की सरकार चली गई, इसके बाद अश्विनी वैष्णव ने भी नौकरी छोड़ दी,उसके बाद कुछ सालों तक अटल बिहारी वाजपेई ने अश्विनी वैष्णव को अपना निजी सचिव बनाए रखा लेकिन बाद में 2008 में अश्विनी वैष्णव एमबीए की पढ़ाई के लिए अमेरिका चले गए और वहां प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में 2 साल की पढ़ाई करने के बाद एमबीए की डिग्री लेकर 2010 में वापस भारत आए, भारत आने के बाद उन्हें कई बड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नौकरियों में नौकरी के ऑफर मिले उन्होंने कुछ बड़ी कंपनियों में नौकरी भी की लेकिन उनका इन कंपनियों में अच्छी वेतन मिलने के बाद भी नौकरी करने का मन नहीं कर रहा था इसके बाद उन्होंने गुजरात में खुद की भी कुछ कंपनियां स्थापित की इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय-समय पर उनकी मुलाकात होती रहती थी, वर्ष 2008 में अश्विनी वैष्णव ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण कर ली थी लेकिन पार्टी में संगठन के रूप में उन्हें कोई काम नहीं मिला फिर भी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से उनकी मुलाकातें होती रहती थी क्योंकि अटल बिहारी वाजपेई के उप सचिव रहने के दौरान देशभर के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से उनकी जान पहचान हो गई थी इसलिए भाजपा के बड़े नेताओं से उनके अच्छे व्यक्तिगत संबंध बन गए थे नरेंद्र मोदी से उनकी अकसर नियमित रूप से मुलाकात होती रहती थी और प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही नरेंद्र मोदी यह चाहते थे कि अश्विनी वैष्णव की योग्यता और उनके कार्य कुशलता का फायदा जनता के लिए उठाया जाए इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर 28 जून 2019 को उड़ीसा स्टेट से बीजू जनता दल के सहयोग से भारतीय जनता पार्टी ने अश्विनी वैष्णव को राज्यसभा का सांसद बनवा दिया और फिर जुलाई 2021 से अश्विनी वैष्णव नरेंद्र मोदी की कैबिनेट का हिस्सा भी बन गए।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के काफी भरोसेमंद और पसंद के ऑफिसर रहे हैं अश्विनी वैष्णव

अटल बिहारी वाजपेई जब देश के प्रधानमंत्री थे उस समय उड़ीसा में आई भयंकर आपदा की स्थिति में अश्विनी वैष्णव की ओर से किए गए उल्लेखनीय कार्यों की चर्चा पूरे भारत में थी, पीड़ित लोगों की सेवा के लिए अश्विनी वैष्णव ने दिन रात एक कर दिए थे और जरूरतमंद लोगों की हेल्प करने के लिए अपने अधीनस्थ कर्मचारी और अधिकारियों को प्रेरित करते रहे, कई कई रात अश्विनी वैष्णव सोए नहीं और अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने पीड़ित लोगों की खूब सेवा की, जिनके घर उजड़ गए उन्हें पुनर्वास की व्यवस्था की, जो बेसहारा हो गए उन्हें हर तरह से आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई, केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से पीड़ितों के लिए भेजे गए एक-एक पैसे का सदुपयोग को इसके लिए वे अपने अधीन राहत कार्य की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते थे ताकि बिचौलिए पैसे ना खा जाए इन सब कामों पर उड़ीसा सरकार और केंद्र सरकार दोनों की निगाहें थी इसलिए अश्विनी वैष्णव की ईमानदारी और उनकी काम के प्रति समर्पण भावना ने उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के दिल में भी एक अलग जगह बना ली थी इसलिए वाजपेई ने उन्हें प्रतिनयुक्ति पर दिल्ली बुलाया और फिर अपने दफ्तर में उपसचिव बनाया ।

## तेजाजी की सातवीं ध्वज यात्रा की तैयारियों को लेकर नेमावर में बैठक सम्पन्न



### ध्वज यात्रा 25 अगस्त को हंडिया से होगी रवाना, रामदीन सेवलिया बने यात्रा प्रभारी

जयपुर टाइम्स

**नेमावर (मध्यप्रदेश),** नर्मदा क्षेत्रीय जाट समाज की महत्वपूर्ण बैठक जाट धर्मशाला, नेमावर में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वीर तेजाजी महाराज की सातवीं ध्वज यात्रा की रूपरेखा तय करना था, जो हंडिया (मध्यप्रदेश) से खरनाल (राजस्थान) तक आयोजित की जाएगी। समिति ने निर्णय लिया कि यात्रा 25 अगस्त 2025 को हंडिया तेजाजी मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात रवाना होगी। यह यात्रा चार चरणों में पूरी की जाएगी –

1. उज्जैन,
2. गुलाबपुरा-चित्तौड़गढ़,
3. पादु कलां-मेड़ता,
4. खरनाल, जहां ध्वज चढ़ाकर विशेष पूजा की जाएगी।

बैठक में तय किया गया कि जो भी तेजाभक्त इस यात्रा में शामिल होना चाहते हैं, वे पूर्व में समिति को अपनी सहमति अवश्य दें। श्री रामदीन सेवलिया को इस यात्रा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, ध्वज लेकर श्री श्याम जी सिरोही रवाना होंगे। साथ ही, सभी टू व्हीलर व फोर व्हीलर वाहन चालकों को अपने वाहन के पूरे दस्तावेज साथ रखने एवं टू व्हीलर चालकों को हेलमेट पहनना अनिवार्य बताया गया।

इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने विचार रखे जिनमें शामिल रहे

श्री लक्ष्मीनारायण गोरा (अध्यक्ष, वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड, म.प्र. शासन),
शिवकुमार पटेल (पूर्व अध्यक्ष, नर्मदा क्षेत्रीय जाट विकास समिति),
हरनारायण जाट माली,
सतनारायण सिरोही,
शंकरलाल घुड़िया,
गणेश जाट सीहोर,
भुजराम जाट हाटपिपलिया,
किशोर गोलिया, संतोष जानी, रामनिवास घासाल आदि।

बैठक के उपरांत सामाजिक उत्सव के रूप में श्री लक्ष्मीनारायण गोरा व श्री सुदीप कमल पटेल (पूर्व उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत खिरकिया) का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। पूरे आयोजन में सामाजिक एकता और भक्ति की भावनाएं देखने को मिलीं।

## *प्रदेश में तीन सरकारी विभागों में सामान खरीदने पर रोक, भारत में निर्मित सामान ही खरीदे*

### मंत्री मदन दिलावर का नया फरमान, कोई अधिकारी या कर्मचारी विदेशी सामान खरीदेगा तो उसे व्यक्तिगत रूप से चुकाने होंगे पैसे

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के तीन बड़े शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, और संस्कृत शिक्षा विभाग में विदेशी सामान खरीदने पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है यह पाबंदी इन तीनों विभागों के मंत्री मदन दिलावर ने लगाई है दिलावर ने साफ कहा है कि शिक्षा विभाग पंचायत राज विभाग और संस्कृत शिक्षा विभाग में भारत से निर्मित सामान ही खरीदा जाए विदेश से सामान नहीं खरीदा जाए अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी विदेश से सामान खरीदेगा तो उसे खुद उसे विदेशी सामान का पैसा चुकाना होगा मंत्री मदन दिलावर ने साफ कहा है कि यह निर्णय स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है उन्होंने कहा कि अगर विदेश से सामान खरीदना जरूरी ही हो गया हो और वह सामान भारत में उपलब्ध नहीं हो तो सामान खरीदने के लिए मंत्री स्तर पर अनुमति मांगना जरूरी होगा मंत्री के अनुमति देने के बाद ही अधिकारी विदेश से सामान खरीदे जानकार लोगों का कहना है कि मदन दिलावर संघ समर्पित नेता माने जाते हैं और शुरू से ही अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं चाहे राजस्थान विधानसभा की कार्रवाई हो या फिर सार्वजनिक सभा दिलावर के बयान कई बार मीडिया और आम जन में सुर्खियों में छा जाते हैं दिलावर राष्ट्रभक्ति और हिंदुत्व भाव से गहरे रूप से जुड़े हुए हैं और स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने की बात भी कई बार खुले मंच पर कहते रहते हैं इसलिए उन्होंने अब अपने विभागों में ही सबसे पहले स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने की प्रक्रिया शुरू की है और इसी क्रम में उन्होंने विभाग के बड़े अधिकारियों से कहा है कि विदेशी सामान बिल्कुल भी नहीं खरीदें ।

## मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना और पीएम आवास योजना 2.0 के शिविर 7-8 अगस्त को जगतपुरा जोन कार्यालय में बिना गारंटी 80 हजार तक ऋण और आवास योजना के आवेदन होंगे स्वीकार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत पात्र आवेदकों के लिए स्थायी शिविरों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में 7 और 8 अगस्त 2025 को जगतपुरा जोन कार्यालय में दो दिवसीय अस्थायी शिविर आयोजित किया जाएगा। नगर निगम के उपायुक्त श्यामलाल जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत भवन निर्माण श्रमिक, हस्तशिल्पी, घरेलू कामगार, गिग वर्कर सहित संगठित क्षेत्र के अन्य श्रमिकों और 18 से 60 वर्ष की उम्र के अल्प आयवर्गीय पात्र व्यक्तियों को बिना गारंटी 80 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत आवास निर्माण या मरम्मत हेतु पात्र लोगों के आवेदन भी इन शिविरों में भरे जाएंगे। यह शिविर निगम मुख्यालय पर 30 अगस्त से शुरू हुई शिविर श्रृंखला का हिस्सा हैं। श्री जांगिड़ ने बताया कि आवेदन करते समय जनआधार कार्ड, बैंक पासबुक, आधार से लिंक मोबाइल नंबर एवं व्यवसाय से संबंधित दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है। इच्छुक नागरिक निर्धारित तिथियों में जगतपुरा जोन कार्यालय पहुंचकर शिविर का लाभ ले सकते हैं।

## भाजपा रक्षाबंधन को मनाएगी सेवा, संगठन और समर्पण के पर्व के रूप में 08 से 10 अगस्त तक पूरे राजस्थान में होंगे विविध आयोजन

**जयपुर(कासं.)** भारतीय जनता पार्टी आगामी 08 से 10 अगस्त 2025 तक रक्षाबंधन पर्व को सेवा, संगठन और समर्पण के रूप में राजस्थान भर में भव्यता से मनाने जा रही है। इस तीन दिवसीय आयोजन का उद्देश्य सामाजिक एकता को बढ़ावा देना, सेवाभावी व्यक्तियों का सम्मान करना तथा संगठनात्मक बंधन को मजबूत करना है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अभियान संयोजक मुकेश दाधीच ने बताया कि हर जिले में एक जिला महामंत्री और महिला मोर्चा की दो पदाधिकारी संयोजक और सह-संयोजक के रूप में कार्यक्रमों का संचालन करेंगी।

**तीन दिवसीय कार्यक्रम की मुख्य रूपरेखा इस प्रकार है**

8 अगस्त - सम्मान व समर्पण दिवस
पार्टी कार्यकर्ता ट्रैफिक पुलिस, अस्पताल स्टाफ, विद्यालय, सरकारी व निजी कार्यालयों और पुलिस स्टेशनों में सेवाभावी कर्मियों को राखी बांधकर आभार व्यक्त करेंगे। "आप हैं, इसलिए हम सुरक्षित हैं" यह संदेश प्रमुख रूप से दिया जाएगा।

9 अगस्त - संगठनात्मक एकता व परिवार दिवस
भाजपा कार्यकर्ता अपने परिवार के साथ रक्षाबंधन मनाएंगे। बूथ, मंडल और शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच भाईचारे और संगठनात्मक एकता को दर्शाते हुए "भाजपा परिवार - एक सूत्र में बंधा" का भाव प्रकट करेंगे।

10 अगस्त - सेवा व सामाजिक सद्भाव दिवस
सैनिकों को राखी भेजी जाएगी या उनके साथ रक्षाबंधन मनाया जाएगा। साथ ही घुमंतू समाज, मजदूर बस्तियों और झुग्गियों में जाकर राखी और मिठाई वितरित की जाएगी, जिससे सेवा और अपनत्व का संदेश प्रसारित हो। यह आयोजन सांसदों, विधायकों, जिलाध्यक्षों और मंडल स्तर के पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से आयोजित होंगे।

# जल परिवहन की नई संभावनाएं

*शुरू हो जाएगी। रो-रो सर्विस भी शुरू करने की योजना है, जिसके तहत लोग कार जैसे निजी साधनों के साथ गंतव्य तक सहजता से पहुंच सकेंगे। हालांकि अब तक 'रिवर इन्फारमेशन सिस्टम' विकसित नहीं हो पाया है। बजट की कमी नहीं हुई तो यह सपना भी पूरा होने में कम से कम चार साल तो लग ही जाएंगे।सड़क व रेल मार्ग के मुकाबले जल मार्ग से ढुलाई का खर्च छह फीसद कम हो जाएगा। अभी तो राष्ट्रीय जल मार्ग की शुरुआत वाराणसी से हल्दिया के बीच की गई है। वाराणसी, हल्दिया व झारखंड के साहबगंज में मल्टी टर्मिनल भी बनाया जाएगा। पचास से ज्यादा छोटे टर्निमल व फरक्का में छह सौ करोड़ की लागत से गेट बनाया जाएगा ताकि मालों की ढुलाई के साथ ही जलपोतों का संचालन बखूबी किया जा सके। सरकार चाहती है कि गंगा में न केवल मालवाहक बल्कि आलीशान क्रूज भी चलें। देश के बड़े उद्योगपति अपना क्रूज खरीदें और उसी क्रूज से गंगा में उतरें।*



बीते पच्चीस सालों में जल परिवहन को विकसित करने के लिए नौ समितियां गठित की गईं। सभी समितियों ने जल मार्ग के विकास पर मुहर तो लगाई लेकिन संभावित खतरों की ओर इशारा भी किया। लेकिन जल मार्ग में आने वाली बाधाओं से किस तरह से निजात पाई जाए, इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। अब इस दिशा में नई शुरुआत की गई है। वर्तमान सरकार ने एक सौ ग्यारह नदियों को राष्ट्रीय जल मार्ग घोषित करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण विधेयक इस साल पारित कराया है। केंद्र सरकार ने दावा किया है कि कुल बीस हजार किलोमीटर लंबे नदी किनारों व साढ़े सात हजार किलोमीटर लंबे समुद्र तट का विकास वह करेगी। इस क्रम में बीते दिनों वाराणसी से मारुति सुजुकी की कारों व निर्माण सामग्री से लदे दो पोतों को रवाना भी किया गया। सरकार का कहना है कि जलमार्ग से पश्चिम बंगाल में इन कारों की लागत पांच हजार रुपए तक कम हो जाएगी। राष्ट्रीय जल मार्ग-1 का विकास जल मार्ग विकास परियोजना के जरिए किया जा रहा है। इसकी फंडिंग विश्व बैंक द्वारा की जा रही है। इस पर कुल बयालीस सौ करोड़ रुपए की लागत आएगी। सरकार ने यह भी कहा है कि नदी तटों के विकास पर साढ़े पांच सौ से सात सौ अरब रुपए खर्च होंगे। जल परिवहन में सड़क मार्ग के मुकाबले ढुलाई की लागत पांच फीसद से भी ज्यादा घट जाएगी। अभी एक टन माल की ढुलाई प्रति किलोमीटर सड़क मार्ग से 2.50 रु., रेल मार्ग से 1.36 रु. और जल मार्ग से 1.06 रुपए पड़ती है। इसके अतिरिक्त, जल मार्ग से ढुलाई में प्रति टन किलोमीटर ईंधन की खपत भी कम हो जाएगी। सरकार का कहना है कि राष्ट्रीय जल मार्ग-1 जब समृद्ध हो जाएगा तब विमान की लैंडिंग भी शुरू हो जाएगी। रो-रो सर्विस भी शुरू करने की योजना है, जिसके तहत लोग कार जैसे निजी साधनों के साथ गंतव्य तक सहजता से पहुंच सकेंगे। हालांकि अब तक 'रिवर इन्फारमेशन सिस्टम' विकसित नहीं हो पाया है। बजट की कमी नहीं हुई तो यह सपना भी पूरा होने में कम से कम चार साल तो लग ही जाएंगे।सड़क व रेल मार्ग के मुकाबले जल मार्ग से ढुलाई का खर्च छह फीसद कम हो जाएगा। अभी तो राष्ट्रीय जल मार्ग की शुरुआत वाराणसी से हल्दिया के बीच की गई है। वाराणसी, हल्दिया व झारखंड के साहबगंज में मल्टी टर्मिनल भी बनाया जाएगा। पचास से ज्यादा छोटे टर्निमल व फरक्का में छह सौ करोड़ की लागत से गेट बनाया जाएगा ताकि मालों की ढुलाई के साथ ही जलपोतों का संचालन बखूबी किया जा सके। सरकार चाहती है कि गंगा में न केवल मालवाहक बल्कि आलीशान क्रूज भी चलें। देश के बड़े उद्योगपति अपना क्रूज खरीदें और उसी क्रूज से गंगा में उतरें। निकट भविष्य में सरकार ऐसा विमान भी खरीदना चाहती है जो रन वे के अलावा पानी में भी उतरेगा। लेकिन साथ ही यह अंदेशा भी है कि अरबों-खरबों के निवेश के बाद भी जलमार्ग कहीं दम न तोड़ दें। इस आशंका से उबरने के लिए पहली जरूरत यह है कि गंगा या राष्ट्रीय जल मार्ग की अन्य नदियों में पानी की मात्रा कम नहीं होनी चाहिए। अभी तो गंगा सफाई अभियान का हाल यह है कि फंड जरूर स्वीकृत हुआ है लेकिन धरातल पर कुछ दिख नहीं रहा है। विदेशों की तर्ज पर देश की नदियों में रिवर फ्रंट बनाने की योजना भी शुरू की जा चुकी है। रिवर फ्रंट से नदी के किनारों का सौंदर्यीकरण तो हो जाएगा लेकिन नदी खुद को रिचार्ज करने के लिए जो पानी अपने कच्चे किनारों से बरसात के दौरान लेती है, वह प्राकृतिक व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। ऐसे में नदी के अंदर पानी का संकट होना लाजिमी है। उदाहरण के लिए, साबरमती को देखा जा सकता है। इस नदी की औसत चौड़ाई 1253 फुट थी जो रिवर फ्रंट योजना के बाद 902 फुट रह गई है। नासा की रिपोर्ट पर गौर करें तो मालूम पड़ता है कि देश में जल स्तर 0.04 मीटर की दर से हर साल गिर रहा है। सबसे पहले तो इस जल स्तर को गिरने से रोकने की समुचित व्यवस्था करनी होगी। पिछले पंद्रह सालों से देश के 96 जलाशयों में पानी की उपलब्धता कम हुई है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, इन जलाशयों की कुल क्षमता का अठ्ठाईस से बत्तीस फीसद ही पानी बचा हुआ है। देश की पचासी फीसद पानी की जरूरत को पूरा करने वाले भूमिगत जल का स्तर निरंतर गिर रहा है। नदी विशेषज्ञों का कहना है कि नदियों में न्यूनतम जल प्रवाह बनाए रखने के लिए सरकार को कानूनी प्रावधान भी करने चाहिए। नदी का पानी, विशेषकर गंगा का, हर माह ढाई हजार लीटर मैक्सिको, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में जाता है। वर्ष 2012 में अमेरिका पहुंचे गंगा के पानी का वहां के वैज्ञानिकों ने अध्ययन किया तो पता चला कि उसमें प्रदूषण की मात्रा काफी ज्यादा है। कपास, धान और गन्ना जैसी फसलों के लिए भारी मात्रा में पानी की जरूरत पड़ती है। लेकिन इन फसलों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है, जिसकी वजह से कई राज्यों में पिछले सात सालों से सूखे की स्थिति है। उत्तराखंड स्थित पंतनगर कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों के मुताबिक किसानों को सलाह दी जा रही है कि जल संकट को देखते हुए किसान उन फसलों पर ज्यादा ध्यान दें जिनमें पानी की आवश्यकता कम पड़ती है। सरकार पहले नदियों में मानक के मुताबिक पानी की व्यवस्था तो करे।

## सम्पादकीय

# भारत ने अमेरिका को सुनाई खरी-खरी; रोकना है तो खुद रुकिए



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारत पर पच्चीस फीसद शुल्क लगाने और रूस से तेल एवं गैस खरीदने पर जुर्माना लगाने का एलान किया था। निश्चित तौर पर यह भारत पर अनावश्यक दबाव बनाने की रणनीति है। मगर अमेरिका की उम्मीदों के उलट भारत ने अपने रुख को और सख्त कर स्पष्ट कर दिया है कि जब राष्ट्रहित का मसला हो तो कोई बाहरी दबाव मजबूत इरादों को लक्ष्य से डिगा नहीं सकता है। भारत ने साफ कहा है कि रूस से तेल खरीदने के लिए शुल्क बढ़ाने की चेतावनी अनुचित और अव्यावहारिक है। यही नहीं, भारत ने दुनिया के सामने इस बात को भी उजागर किया है कि अमेरिका किस तरह दोहरे मापदंड अपनाकर अपने हितों को साधने की चेष्टा कर रहा है। असल में इस तरह का प्रयास किसी भी देश की राष्ट्रीय संप्रभुता पर अतिक्रमण और उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना है। दूसरी ओर रूस ने भी अमेरिका के इस कदम को वैश्विक दक्षिण देशों के खिलाफ नव-उपनिवेशवादी नीति करार देकर और इन देशों के साथ सहयोग बढ़ाने की इच्छा व्यक्त कर साफ कर दिया है कि अब दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की पक्षधर है। भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर अमेरिका और यूरोपीय संघ पर पलटवार करते हुए रूस के साथ उनके व्यापारिक संबंधों की ओर ध्यान दिलाया है। विदेश मंत्रालय ने रूस के साथ ऊर्जा संबंधों की आलोचना को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि अमेरिका खुद अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, विद्युत वाहन उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायनों का आयात करता है। वहीं, यूरोपीय संघ इस मामले में दो कदम आगे है। वर्ष 2024 में यूरोपीय संघ का रूस के साथ 67.5 अरब यूरो का द्विपक्षीय व्यापार हुआ। वर्ष 2023 में इसमें सेवाओं से जुड़ा व्यापार लगभग 17.2 अरब यूरो आंका गया। यह उस वर्ष या उसके बाद रूस के साथ भारत के कुल व्यापार से काफी अधिक है। वास्तव में वर्ष 2024 में एलएनजी का यूरोपीय आयात रेकार्ड 16.5 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो 2022 में 15.21 मिलियन टन से कहीं अधिक है। ऐसे में सवाल है कि जो देश खुद रूस से तेल-गैस और अन्य सामग्री खरीद रहे हैं, वे किसी अन्य देश को रूस से व्यापार करने से कैसे रोक सकते हैं? क्या यह दोहरे मापदंडों का प्रदर्शन नहीं है? अमेरिका की ओर से तर्क दिया जा रहा है कि रूस भारत को कच्चे तेल की बिक्री से अर्जित धन का इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध में कर रहा है। मगर इस बात की क्या गारंटी है कि अमेरिका और यूरोपीय देशों की ओर से रूस से जो सामग्री खरीदी जा रही है, उससे मिले धन का इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध में नहीं हो रहा है? जाहिर है, अमेरिका दोहरे मापदंड अपनाकर अपने भू-राजनीतिक हित साधना चाहता है। दरअसल, वह उभरती विश्व व्यवस्था में अपने आधिपत्य को नुकसान से चिंतित है। भारतीय विदेश मंत्रालय का साफ कहना है कि रूस से कच्चे तेल का जो आयात किया जाता है

# रोटी की जद्दोजहद



भूख आज भारत की सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। हर साल भुखमरी की व्यापकता नए आंकड़ों के रूप में सबके सामने आ जाती है। दुनिया भर की भुखमरी सूचकांक की हर वर्ष जारी होने वाली सूची मे साल दर साल निरंतर आती हुई गिरावट भी भारत में फैली भूख की बीमारी की कहानी बयां करती है। बढ़ती जनसंख्या हरेक व्यक्ति की, हरेक परिवार की प्राथमिक आवश्यकताओं तक की पूर्ति सही तरीके से नहीं कर पा रही है, जिससे भुखमरी की समस्या गंभीर स्वरूप लेती जा रही है। कुछ साल पहले तक लोग कड़ी मेहनत के बाद दो वक्त की रोटी सुकून से खा लिया करते थे, अब उनके लिए रोजाना बढ़ती महंगाई ने दो जून की रोटी के लाले पैदा कर दिए हैं। देश की बड़ी आबादी खाने-पीने की महंगी होती हरेक चीज के चलते एक वक्त का खाना अपने नसीब से खा पा रही है तो उन्हें दूसरे वक्त फाके करने पड़ रहे हैं। एक ओर लोगों ने महामारी से राहत पाई तो दूसरी ओर अनेक लोगों की नौकरियां भी हाथों से निकल गई हैं। बिना काम के, बिना पैसों के, देश मे अनेक ऐसे परिवार हो गए हैं, जो भुखमरी की मार झेल रहे हैं।

ऐसी परिस्थितियों में राज्य सरकारों का दायित्व बन जाता है कि भूख और कुपोषण से पीड़ित आबादी को उपयुक्त भोजन मुहैया करवाए। सामुदायिक भोजनालयों-कैंटीनों के जरिए केरल, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, ओड़ीशा, तेलंगाना, कर्नाटक आदि राज्यों में इस दिशा में रोजाना जो भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है वह सराहनीय है। इसी तर्ज पर देश के अन्य उन क्षेत्रों में जहां भुखमरी अधिक है, सस्ता और पौष्टिक भोजन स्थानीय सरकारों को शुरू करने की पहल कर भुखमरी की समस्या के निदान के प्रयासों में तेजी लानी होगी। आजाद भारत में कुपोषण और भुखमरी से मुक्ति के नाम पर घोषित और पोषित योजनाएं अनेक बार भ्रष्ट तंत्र में आधी-अधूरी अधर में लटक जाती हैं या फिर पूरी तरह से हवा-हवाई हो जाती हैं। समस्या को हल करने के बजाय अक्सर ये योजनाएं खराब क्रियान्वन और अक्षम व्यवस्था की भेंट चढ़ जाया करती हैं, जिसका खामियाजा बहुत बड़े वर्ग को भुगतना होता है। भुखमरी की समस्या को निपटाने के लिए देश में जरूरी धन और संसाधनों की कोई कमी नहीं है। इस समस्या को मिटाने की मंशा बनाने के साथ आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण मे बदलाव की सख्त जरूरत है। मजबूत इरादों के साथ किया गया कोई कार्य विफल नहीं होता है तो फिर भुखमरी की समस्या का निपटान भी दृढ़ता के साथ किया जा सकता है।

# लोरी की डोर

लल्ला लल्ला लोरी/ दूध की कटोरी/ दूध में बताशा/ मुन्नी करे तमाशा।' सहज, सरल और संक्षिप्त शब्दों वाली इस लोरी की एक और विशेषता थी कि लता के अतिरिक्त इसे गायक मुकेश ने भी गाया था, जबकि मां की ममता से जुड़ी होने के कारण लोरी आमतौर पर महिला स्वरों में ही पसंद की जाती है। आशा भोंसले ने भी 1950 में ही फिल्म वचन में 'चंदा मामा दूर के/ पुए पकाएं बूर के/ आप खाएं थाली में/ मुन्ने को दें प्याली में' गाकर बच्चों को एक खूबसूरत, सदा जवान लोरी की भेंट दी थी। बच्चों की पकड़ में आसानी से आ सकें



अब अक्सर ऐसा होता है कि नींद पलकों के साथ आंख-मिचौनी खेलती रहे और मन अतीत की गहराइयों में डूब जाए। सूरदास की पंक्तियां याद आती हैं- 'यशोदा हरी पालने झुलावें, हलरावें दुलराएं, मल्हरावें, जोई सोई कुछ गावें'। फिर लोरियों के संसार में मुस्कराता हुआ अपना शैशव याद आने लगता है, जब मां मीठे स्वर में नींद से अनुनय करती थी- 'आ जा री आ, निंदिया तू आ, झिलमिल सितारों से उतर, आंखों में आ सपने सजा।' अमर फिल्म 'दो बीघा जमीन' की यह लोरी नींद से बोझिल पलकों पर लयात्मकता का स्निग्ध चुंबन जड़ देती थी। मां के सान्निध्य को देर तक महसूस करने की लालच में आंखें नींद से विद्रोह करती थीं तो उन्हें हौले से मूंद कर स्वप्नलोक में विचरने के लिए भेज देती थीं उनकी लोरियां। उनकी दूसरी प्रिय लोरी थी उन्ही दिनों की बेहद सफल फिल्म 'अलबेला' में लता मंगेश्कर की गाई लोरी 'धीरे से आ जा री अंखियन में, निंदिया आ जा री आ जा।' गीतकार राजेंद्र कृष्ण की इस लोरी के छोटे छंद में छोटी-छोटी लहरों-सा शांत बहाव था और बाल मन को रिझाने वाले शरारती भाव भी- 'तारों से छुप कर तारों से चोरी/ देती है रजनी चंदा को लोरी/ हंसता है चंदा भी निन्दियन में/ निंदिया आ जा री, आ जा।' 'निंदियन' और 'गलियन' जैसे छोटे, सरल और मीठे शब्द ही तो लोरी को बड़ों की कविता से अलग एक विशिष्ट पहचान देते हैं। लहर-लहर बहते स्वर, जिनमें अधिक उतार-चढ़ाव न हों। प्रवाह हो, लेकिन आंदोलन न हो, लोरी में सम्मोहन भरते हैं। आगे चल कर 1977 में छोटे छंद की एक और लोरी बहुत लोकप्रिय हुई। फिल्म 'मुक्ति' की आनंद बक्शी रचित इस लोरी के शब्द थे- 'लल्ला लल्ला लोरी/ दूध की कटोरी/ दूध में बताशा/ मुन्नी करे तमाशा।' सहज, सरल और संक्षिप्त शब्दों वाली इस लोरी की एक और विशेषता थी कि लता के अतिरिक्त इसे गायक मुकेश ने भी गाया था, जबकि मां की ममता से जुड़ी होने के कारण लोरी आमतौर पर महिला स्वरों में ही पसंद की जाती है। आशा भोंसले ने भी 1950 में ही फिल्म वचन में 'चंदा मामा दूर के/ पुए पकाएं बूर के/ आप खाएं थाली में/ मुन्ने को दें प्याली में' गाकर बच्चों को एक खूबसूरत, सदा जवान लोरी की भेंट दी थी। बच्चों की पकड़ में आसानी से आ सकें, इसलिए लोरी के स्वरों में अधिक उतार-चढ़ाव नहीं होता। वह शांत रस का एक अद्भुत रेशमी जाल बुनती है। शिशु मन उस जाल में फंस कर मछली की तरह तड़पता नहीं, न उससे मुक्त होने का प्रयास करता है। इतना स्निग्ध होता है लोरी का संगीत कि उसके सम्मोहन के जाल से हौले-हौले फिसल कर अनायास ही शिशु नींद के आगोश में चला जाता है। मां अगर शिशु को अपने अंक में बांधती है तो लोरी मां और शिशु दोनों को अपने अंक में भर कर एक कर देती है। लेकिन लोरी शिशुओं के लिए केवल नींद की दवा नहीं होती। मानसिक विकास में एक महत्त्वपूर्ण कदम होता है संप्रेषण-भावों और शब्दों दोनों का। संप्रेषण की राह पर लोरी शिशु को सबसे पहले नन्हे डग भरना सिखाती है, जब वह लोरी के शब्दों को खुद तुतलाते हुए दुहराता है। लोरी शिशु का परिचय उसकी सांस्कृतिक विरासत से भी कराती है। चंद्रमा को 'चंदा मामा' कहना विशुद्ध भारतीय संस्कृति की पहचान है। तभी आमतौर पर हर भारतीय भाषा की लोरी चंदा मामा को दूध का कटोरा लेकर आने को कहती है। फिल्म मिलन की सुमधुर लोरी 'राम करे ऐसा हो जाए, मेरी निंदिया तोहे मिल जाए' शिशु के मन में यह उत्सुकता भी जगाती होगी कि यह राम कौन हैं, जिनके किए कुछ भी हो सकता है।

संसार की सभी भाषाओं में लोरियां शिशु का परिचय उसकी सांस्कृतिक विरासत से कराती हैं। अंग्रेजी की प्रसिद्ध क्रिसमस कैरोल 'साइलेंट नाइट' लोरी की मिठास और क्रिसमस की भावुक संवेदना में स्वरों को गूंधकर शिशु का परिचय ईसाइयत से कराती है। उसी तरह अपनी सुख-सुविधा से परे जाकर दूसरों के लिए कुछ करने का पावन संदेश इन शब्दों से मिलता है कि 'मैं गाऊं, तुम सो जाओ, सुख सपनों में खो जाओ।' लोरी के सरल सहज शब्द छोटे-छोटे टुकड़ों में दोहराए जाकर बालक के खिलंदड़ी मन को एक बिंदु पर केंद्रित करके एकाग्र होना सिखाते हैं। आज के अत्याधुनिक परिवेश में घर-दफ्तर के कार्यभार और सामाजिक कर्तव्यों से जूझती हुई मां के पास क्या अब भी लोरी सुना कर शिशु को निंदिया की गोद में सौंपने का धीरज बचा है?



# रामायण के लिए रणबीर कपूर ने छोड़ दी इस दिग्गज सिंगर की बायोपिक



रणबीर कपूर इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण की तैयारियों में व्यस्त हैं। उन्हें जब यह फिल्म ऑफर हुई, उसी समय उनके पास दिवंगत सिंगर किशोर कुमार की बायोपिक का प्रस्ताव भी आया था। दोनों में से एक फिल्म को चुनना उनके लिए चुनौती थी। हालांकि, रणबीर ने किशोर कुमार की बायोपिक को छोड़कर रामायण साइन की। इसका खुलासा हाल ही में अनुराग बसु ने किया है।

## मुश्किल था रणबीर के लिए यह फैसला

निर्देशक अनुराग बसु ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि रणबीर कपूर ने सिंगर की बायोपिक के बजाय रामायण को चुना। हालांकि, यह फैसला करना उनके लिए बहुत मुश्किल था। मगर, उन्होंने सही फैसला कर लिया। अनुराग बसु ने बातचीत के दौरान बताया कि शेड्यूल में टकराव के चलते रणबीर को दोनों प्रोजेक्ट्स यानी रामायण और किशोर कुमार की बायोपिक में से किसी एक को चुनना पड़ा। उन्होंने कहा, रणबीर के लिए यह जिंदगी में एक मुश्किल चुनाव था। किशोर कुमार की बायोपिक या रामायण। उनके लिए यह बहुत मुश्किल था। आखिरकार उन्होंने रामायण को चुना और मुझे लगता है कि यह सही फैसला था।

## अनुराग बसु की इन फिल्मों में काम कर चुके हैं रणबीर

रणबीर कपूर और अनुराग बसु पहले भी कई बार साथ काम कर चुके हैं। इनमें बर्फी (2012) और जग्गा जासूस (2017) जैसी फिल्में शामिल हैं। हालांकि, दोनों ने फिर से साथ काम करने की इच्छा जताई। मगर, इस बार रणबीर कपूर के व्यस्त शेड्यूल के चलते ऐसा नहीं हो पाया। अनुराग बसु ने आगे कहा, हम साथ काम करने की कोशिश करते रहते हैं, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है।



# सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज होने पर खुशी से झूमीं मृणाल ठाकुर

## बोलीं- इससे बेहतर जन्मदिन का तोहफा नहीं

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस खास मौके पर अभिनेत्री ने एक पोस्ट के जरिए बताया है कि उनके लिए ये जन्मदिन का सबसे खास तोहफा था। मृणाल अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं।

### मृणाल ठाकुर ने किया पोस्ट

एक्ट्रेस के लिए ये दिन खास रहा क्योंकि फिल्म की रिलीज ठीक उनके जन्मदिन पर हुई। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं शेयर करते हुए लिखा कि इससे बेहतर तोहफा उन्हें नहीं मिल सकता था। फिल्म की स्क्रीनिंग पर उनके करीबी दोस्त, परिवार और टीम मेंबर्स मौजूद थे। सभी ने मिलकर इस दिन को यादगार बना दिया। एक्ट्रेस ने दर्शकों और टीम का आभार जताते हुए कहा कि ये जर्नी उनके लिए हमेशा खास रहेगी।

### मृणाल ने पोस्ट में क्या लिखा?

एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा- मैं अपने जन्मदिन की शुरुआत इससे बेहतर तरीके से नहीं कर सकती थी। सन ऑफ सरदार 2 आखिरकार रिलीज हो गई है और इस खास मौके पर मेरे सभी अपने मेरे साथ थे। ये पल मेरे दिल के बहुत करीब रहेगा- हमेशा। ये फिल्म पागलपन, जादू और बेहद शानदार, प्यारी और टैलेंटेड टीम से भरी हुई है। और अब राबिया दुनिया के सामने है- मुझे उम्मीद है कि आप उसे उतना ही प्यार देंगे जितना मैंने किया और अपने दिलों में उसके लिए थोड़ी सी जगह भी बना पाएंगे। हर उस इंसान का तहे दिल से शुक्रिया, जो इस छोटी-सी यात्रा का हिस्सा बना।

सन ऑफ सरदार 2 में अजय देवगन एक बार फिर जस्सी रंधावा के किरदार में अपने देसी अंदाज और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के साथ लौटे हैं। उनके साथ मृणाल ठाकुर राबिया की भूमिका में नजर आईं नीरू बाजवा डिंपल के रोल में और रवि किशन राजा के किरदार में दमदार नजर आए। फिल्म की सपोर्टिंग स्टारकास्ट में दीपक डोबरियाल (गुल), चंकी पांडे (दानिश), कुब्रा सैत (महविश), संजय मिश्रा (बंटू पांडे), अश्विनी कालसेकर (प्रेमलता), डॉली अहलूवालिया (बेबे), मुकुल देव (टोनी), विंदू दारा सिंह (टीटू), साहिल मेहता (गोग्गी), रोशनी वालिया (सबा) और शरत सक्सेना (रंजीत सिंह) शामिल हैं।



# परम सुंदरी के परदेसिया पर बोले सचिन-जिगर

संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने अपकमिंग फिल्म 'परम सुंदरी' के गाने 'परदेसिया' पर बात की और कहा कि उनका मकसद एक ऐसा गाना बनाना था जो टाइमलेस हो यानि समय की बाधा से मुक्त हो, जिससे हर वर्ग और पीढ़ी इसे दिल की गहराइयों से स्वीकार कर सके। परम सुंदरी के परदेसिया गाने को फिल्ममेकर्स ने 30 जुलाई को रिलीज कर दिया है। सचिन-जिगर ने एक संयुक्त बयान में कहा, 'परदेसिया' एक ऐसा गाना है जिसमें भावनाएं, आवाज और लेखन पूरी तरह एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। हम चाहते थे कि यह गाना ऐसा हो जो नया होने के बावजूद लोगों के दिलों में बरसों से बसा हुआ लगे।

उन्होंने बताया कि गायक सोनू निगम की आवाज और उनके जन्मदिन पर गाने का रिलीज होना एक खास संयोग था। उन्होंने बताया, सोनू जी की आवाज में एक दर्द के साथ गहराई भी है। कृष्णकली की आवाज ने गाने को और भी आकर्षण देने का काम किया है। तीनों आवाजों का मेल इस गाने को और भी खास बनाता है। उन्होंने गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य की तारीफ करते हुए कहा, उनके शब्द भावनाओं को खूबसूरती से पेश करते हैं। वह शब्दों को नहीं, भावनाओं को लिखते हैं। रोमांस सिनेमा में वापसी कर रहा है और 'परदेसिया' के जरिए हम प्यार के साथ स्लो डांस को फिर से लेकर आए हैं।




# अभिषेक बच्चन की स्ट्रीमिंग में सफलता और स्मार्ट चुनाव

ऐसे इंडस्ट्री में जहाँ अटेन्शन क्षण भर के लिए होता है और डिजिटल दर्शकों को खुश करना बेहद कठिन माना जाता है, अभिषेक बच्चन उन गिने-चुने अभिनेताओं में से हैं जिन्होंने न केवल ओटीटी के दौर में खुद को बनाए रखा है, बल्कि इस माध्यम को बखूबी साधा भी है। हाल ही में विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर उनके एक से बढ़कर एक प्रभावशाली प्रदर्शन यह साबित कर रहे हैं कि आज की सफलता शोर मचाने में नहीं, बल्कि सही चुनाव करने में है। चाहे वह तीखी व्यंग्यात्मक फिल्म हो, भावनात्मक ड्रामा हो या फिर दिल को छू लेने वाली हल्की-फुल्की कहानी- अभिषेक ने ऐसी कहानियों के साथ तालमेल बिठाया है जो दिल को छूती हैं और ऐसे किरदार निभाए हैं जो सीमाओं को चुनौती देते हैं। उदाहरण के लिए, अमेज़ॅन प्राइम वीडियो की हिट फिल्म बी हैप्पी को ही ले लीजिए, जो रिलीज़ होते ही नंबर 1 पर ट्रेंड करने लगी। इस फिल्म की गर्मजोशी, हास्य और रिलेटेबिलिटी ने हर उम्र वर्गों के लोगों को प्रभावित किया, और कई लोगों ने इसे साल की सबसे सुकून देने वाली फिल्मों में से एक बताया। इससे पहले नेटफ्लिक्स पर आई वांट टू टॉक आई थी, जो न केवल स्ट्रीमिंग पर सफल रही, बल्कि हर जगह चर्चा का विषय बन गई, और अभिषेक को उनके बहुस्तरीय, संयमित अभिनय के लिए कई पुरस्कार मिले। शिक्षा व्यवस्था पर आधारित सामाजिक कॉमेडी दसवी नेटफ्लिक्स इंडिया के चार्ट में टॉप पर पहुँच गई और अपने तीखे संदेश और कॉमिक टाइमिंग के लिए जानी गई। वहीं कालीधार लापता ने उनकी डिजिटल जर्नी को एक और बेहतरीन और समीक्षकों द्वारा सराही गई भूमिका के साथ पूरा किया, जो दिखाता है कि वह किस तरह से सहजता से विभिन्न शैलियों और माध्यमों के बीच बदलाव करते हैं।

# बॉलीवुड के बाद अब तेलुगु सीरीज में नजर आएंगी दिव्या दत्ता

मशहूर अभिनेत्री दिव्या दत्ता बॉलीवुड फिल्मों में अपनी अदाकारी से दर्शकों को दीवाना बनाने के बाद अब तेलुगु मनोरंजन जगत में भी जलवा बिखेरने को तैयार हैं। एक्ट्रेस मायासभा नाम के वेब सीरीज से तेलुगु इंडस्ट्री में कदम रख रही हैं, जिसका ट्रेलर भी गुरुवार को रिलीज कर दिया गया।

### एक्ट्रेस ने शेयर किया पोस्ट

दिव्या दत्ता ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी तेलुगु वेब सीरीज मायासभा का ट्रेलर शेयर किया। इस ट्रेलर में एक्ट्रेस राजनेता के रूप में नजर आ रही हैं और उनकी प्रेजेंस ने सीरीज में जान डालने का काम किया है। इस ट्रेलर को शेयर करते हुए दिव्या दत्ता ने कैप्शन में लिखा, 'एक ऐसी कहानी, जिसने राज्य की किस्मत बदल दी।'

### लंबे समय से तेलुगु सिनेमा में आना चाहती थीं एक्ट्रेस

बातचीत में दिव्या दत्ता ने कहा, 'पहली बार हमेशा खास होता है और मैं लंबे समय से तेलुगु सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती थी। बॉलीवुड और साउथ फिल्मों के बीच बढ़ते तालमेल के साथ मुझे इस शो के साथ शुरुआत करने पर गर्व है।' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी आगामी सीरीज बहुत ही शानदार होने वाली है। उन्होंने अपने निर्देशक और क्रू मेंबर्स का धन्यवाद किया है, जिनके कारण वह तेलुगु में डेब्यू कर रही हैं।



# मजबूत महिला किरदार निभाना पसंद है

अभिनेत्री परिणीता बोरठाकुर जल्द ही जी टीवी के लोकप्रिय शो वसुधा में खास किरदार में नजर आएंगी। नई और प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए तैयार अभिनेत्री ने बताया कि शो में उनके किरदार का नाम चंद्रिका सिंह चौहान है, जो एक परिवार मुखिया का सशक्त और दमदार किरदार है।

परिणीता ने बताया कि किसी चल रहे शो में बीच में किसी किरदार को निभाना अपने आप में कई चुनौतियां लेकर आता है, लेकिन वह इसे एक बड़े अवसर के रूप में देखती हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उन्हें मजबूत महिला किरदारों वाली कहानियां पसंद हैं।

परिणीता ने अपने किरदार के बारे में बताया, वासुधा जैसे शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत रोमांचक है। यह शो पहले से ही दर्शकों के बीच लोकप्रिय है और हाल ही में टीवी इंडस्ट्री के टॉप 10 शोज में शामिल हुआ है। बीच में किसी किरदार को अपनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैं इसे एक अवसर के रूप में देखती हूं, जिसके जरिए मैं एक ऐसी कहानी का हिस्सा बन सकती हूं, जो पहले से ही लाखों लोगों के दिलों को छू चुकी है। उन्होंने आगे कहा, मुझे हमेशा से गहरी भावनाओं और मजबूत महिला किरदारों वाली कहानियां पसंद रही हैं। चंद्रिका के किरदार के बारे में जानते ही मुझे उससे तुरंत जुड़ाव महसूस हुआ। वह एक ऐसी महिला है जो शांत, दमदार और दृढ़ विश्वास के साथ परिवार का नेतृत्व करती है। मैं इस किरदार में अपनी शैली लाने की कोशिश करूंगी, साथ ही उस मूल भावना को बनाए रखूंगी, जिसे दर्शकों ने पसंद किया है।

वसुधा की कहानी में करिश्मा और मेघा की साजिशों के बीच चंद्रिका एक स्थिर और मजबूत किरदार के रूप में उभरती है, जो अनुशासन और गरिमा के साथ परिवार को संभालती है।

परिणीता ने कहा, चंद्रिका का किरदार भावनात्मक मुश्किलों और सिद्धांतों से भरा है। इसे निभाना मेरे करियर का सबसे रचनात्मक अनुभव रहा है। मैं उम्मीद करती हूं कि दर्शक मेरे इस किरदार को अपनाएंगे। पहले इस किरदार को नौशीन अली सरदार ने निभाया था। निर्माता अरविंद बब्बल ने बताया, नौशीन ने चंद्रिका के किरदार को बहुत खूबसूरती और गरिमा के साथ निभाया। हम उनके योगदान के लिए आभारी हैं। अब परिणीता बोरठाकुर का स्वागत करते हुए हमें खुशी है। वह एक संवेदनशील और प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, जिन्होंने चंद्रिका के व्यक्तित्व को गहराई से समझा है।





# सफलता बहुत से एक्टर्स को पैरालाइज कर देती है, यहां खुद को बचा लेना सबसे बड़ी उपलब्धि

**गुलाल, चमेली, हासिल और अतरंगी रे जैसी दर्जनों फिल्में कर चुके एक्टर पंकज झा ने वेब सीरीज पंचायत के विधायक चंद्रकिशोर सिंह के रूप में अपनी एक्टिंग का सिक्का जमा दिया। इन दिनों वह अपनी नई वेब सीरीज सरपंच साहब के लिए चर्चा में हैं, जिसे लेकर हुई खास बातचीत के दौरान उनके व्यक्तित्व के कई अनछुए पहलुओं के बारे में रोचक खुलासे हुए।**

### साइडलाइन हो रहे हाइब्रिड एक्टर

अपनी जिंदगी को एक अलग ही दर्शन से जीने वाले पंकज झा पंचायत के विधायक चंद्रकिशोर सिंह के बाद वेब सीरीज सरपंच साहब में भी नेता त्रिवेणी सिंह की भूमिका में नजर आए। ऐसे में, कहीं इंडस्ट्री के आम चलन के मुताबिक, वह भी नेता के रोल में दोहराव या टाइप कास्टिंग के शिकार तो नहीं हो रहे? इस सवाल पर वह कहते हैं, नहीं, मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं हो रहा है, क्योंकि मैं किसी इंडस्ट्री से बिलॉन्ग ही नहीं करता हूं। मेरी अपनी खुद की इंडस्ट्री है। मैं यह सब रंग अपने ऊपर नहीं चढ़ने देता हूं। मेरी अभी किताब आई है- अज्ञात से ज्ञात की ओर, जो मैंने अमिताभ बच्चन जी को गिफ्ट की। उन्होंने मेरी कविता ट्वीट भी की, तो लोग मुझे लेखक भी बोलते हैं।

### मैं कोई आज का एक्टर तो हूं नहीं

पुणे में मेरा अपना स्टूडियो है। जहांगीर आर्ट गैलरी में मेरी चित्रों की प्रदर्शनी लगी तो लोग मुझे पेंटर भी बोलते हैं, ऐसे में मैं इस बात की क्या फिक्र करूंगा कि लोग मुझे नेता के रोल में देख रहे हैं। मैं कोई आज का एक्टर तो हूं नहीं। मेरी पूरी जर्नी है। मैं एनएसडी रेपेट्री में था। फिर मीरा नायर, राम गोपाल वर्मा वगैरह के साथ मैंने गुलाल, ब्लैक फ्राइडे, चमेली जैसी 50 से ऊपर फिल्में की हैं। मैंने अपने ऊपर काम किया है। ओशो की थेरेपी, ध्यान-मेडिटेशन में खुद को लगाया है।

### मैं जब अभिनय करता हूं तो उस पात्र को जीता हूं

पंकज झा ने आगे बताया, एक्टिंग की बारीकियां, एक्टिंग क्या होता है, एनर्जी कैसे वर्क करती है? इन चीजों पर मैंने बहुत काम किया है। ओशो ने कहा था कि जीवन ऐसे जियो, जैसे अभिनय कर रहे हो और अभिनय ऐसे करो, जैसे जीवन जी रहे हो। मेरी यही फिलॉसफी है। मैं जब अभिनय करता हूं तो उस पात्र को जीता हूं, वही जिंदापन लोगों को छूता है, क्योंकि अब फेक, झूठी फिल्में, जिनका रिएलिटी से कोई वास्ता नहीं है, उसे लोग नहीं देख रहे हैं। इसलिए जो हाइब्रिड वाले एक्टर हैं, वो साइडलाइन हो रहे हैं। त्रिवेणी सिंह नेता है, मगर बहुत प्यार किरदार है, जो पूरे गांव को जागरूक करता है।

### जिसके पास जितना वक्त, वो उतना धनी

पंकज अपनी जिंदगी का मकसद लोगों को अपने अर्जित ज्ञान को लौटाना मानते हैं। बकौल पंकज झा, मेरे गुरु ने कहा था कि उनका ऋण आप एक ही शर्त पर चुका सकते हैं कि गुरु से जो भी मिला है वो दुनिया को बांट दो। इसलिए, मैं अपने शब्दों, अपनी लेखनी, अपनी चित्रों के जरिए उसे लौटाने की कोशिश करता हूं। उन्होंने हमें मौत को आगे करके जीना सिखाया है कि हम कभी भी इस दुनिया से जा सकते हैं। हम सब यहां मेहमान हैं, तो जब तक हो, अच्छे से रहो।

### मेरे लिए सफलता का मापदंड यह है कि आप आज में कितने जिंदा हैं

हर रोज आसपास के लोग दुनिया से जा रहे हैं। जब एक बार आपको यह अहसास हो जाएगा कि ये दुनिया आपका घर नहीं है तो आपकी जिंदगी से तनाव, भविष्य की चिंता, दिखावा, बेईमानी, ये सब खत्म हो जाएगी। आप जिंदगी को जीने लगेंगे कि अरे, इतनी सुंदर जिंदगी है और हम किन चीजों में उलझे हुए हैं। मैं दुनिया में उसको धनी मानता हूं, जिसके पास खुद के लिए समय है। मेरे लिए सफलता का मापदंड यह है कि आप आज में कितने जिंदा हैं। जैसे, मेरा कोई अतीत नहीं है, इसलिए मेरा कोई भविष्य भी नहीं है। मैं इस पल में जीता हूं।

## पूर्व सैनिकों ने सीएम को सौंपा ज्ञापनः ईएसआई वेतन सीमा 21 हजार से बढ़ाकर 30 हजार करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में पूर्व सैनिकों ने कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) की सुविधाओं का दायरा बढ़ाने की मांग उठाई है। बुधवार को वॉयस ऑफ एक्स-सर्विसमैन सोसाइटी राजस्थान के बैनर तले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा गया। छाछरो योद्धा कैप्टेन राम सिंह तंवर के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने ईएसआई के तहत वेतन सीमा बढ़ाकर 30,000 करने की मांग रखी। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में 21,000 मासिक वेतन पाने वाले कर्मचारी ही ईएसआई की स्वास्थ्य सेवाओं के पात्र हैं। यह सीमा वर्ष 2017 में निर्धारित की गई थी और अब तक इसमें कोई संशोधन नहीं हुआ है। इस वजह से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक जो निजी क्षेत्रों में कार्यरत हैं, वे इन सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। पूर्व सैनिकों का कहना है कि महंगाई और वेतनमान में वृद्धि को देखते हुए ईएसआई की वेतन सीमा को कम से कम 30,000 तक बढ़ाया जाना जरूरी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि राज्य सरकार इस संबंध में केंद्र को प्रस्ताव भेजे, ताकि लाखों कर्मचारियों विशेष रूप से पूर्व सैनिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। पूर्व सैनिकों की यह पहल उन हजारों कर्मियों के लिए राहत का मार्ग प्रशस्त कर सकती है, जो सीमित वेतन सीमा के कारण सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से बाहर हो जाते हैं।

## सवा लाख बिल्व पत्र अर्पण व भजन संध्या में गूंजे भोले बाबा के जयकारे

जयपुर टाइम्स



**जयपुर (कासं.)।** सावन के प्रदोष के अवसर पर बंगाली बाबा आत्माराम ब्रह्मचारी गणेश मंदिर ट्रस्ट व सोमवार प्रदोश एव सावन सेवा समिति के तत्वावधान में दिल्ली रोड,बंगाली बाबा गणेश मंदिर स्थित स्वयं आत्माराम जलेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को सवा लाख बिल्व पत्र अर्पण व भजन संध्या का आयोजन किया गया। दोपहर बाद से देर रात भक्ति,अभिषेक जैसे धार्मिक आयोजनों व मंत्रोच्चारण की मधुर स्वर लहरियों से आसपास का क्षेत्र आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। आयोजक चन्द्र प्रकाश भाड़ेवाला ने बताया कि सुबह भोले बाबा के पूजा-अर्चना व अभिषेक के बाद दोपहर 2बजे से सवा लाख बिल्व पत्र अर्पण शुरू हो गया। इस मौके पर त्रिवेणी धाम के महाराज राम रिछपाल दास जी महाराज ने भोले बाबा दूध,जल आदि औषधियों से अभिषेक कर जलेश्वर महादेव मंदिर को मंत्रोच्चारण की स्वर लहरियों के बीच बिल्व पत्र अर्पित किए। इस मौके पर श्री कनक बिहारी मंदिर के श्री सियाराम दास जी महाराज,सांगानेर के कमलेश जी महाराज, विष्णु दास जी नागा महाराज झोटवाड़ा मनोहरदास,रामराज दास जी महाराज,राजाराम जी महाराज,राम रज जी महाराज, इन्द्र मणि जी महाराज,प्रियाशरण जी महाराज सहित अन्य मंदिरों के संत-महंतो ने मंत्रोच्चारण के बीच बिल्व पत्र अर्पित किए। इस मौके पर आयोजक चन्द्र प्रकाश भाड़ेवाला,नितेश अग्रवाल,अविनाश अग्रवाल आदि ने आयोजन में पधारे सभी संत-महंतों का माला व दुपट्टा पहनाकर का सम्मान किया। इस दौरान जलेष्वर महादेव के समक्ष बिल्व पत्र अर्पित करने का सिलसिला दोपहर में शुरू जो साम चल चला।

## पूर्व पार्षद व समाजसेवी बजरंग प्रसाद मित्तल का निधन

जयपुर टाइम्स



**कोटपूतली(निसं.)।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित आदर्श नगर निवासी पूर्व पार्षद, समाजसेवी व भामाशाह बजरंग प्रसाद मित्तल का 69 वर्ष की उम्र में बुधवार अल सुबह राजधानी जयपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार देर रात्रि उन्हें श्वांस लेने में दिक्कत व घबराहट होने की शिकायत पर स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां से हालत बिगड़ने पर उन्हें राजधानी जयपुर रैफर कर दिया गया था। जहां गहन चिकित्सा ईकाई में स्थानान्तरित किये जाने के बावजूद उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। मित्तल के निधन का समाचार सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बेहद सरल, हंसमुख व मिलनसार स्वभाव के धनी मित्तल मूलतः क्षेत्र के ग्राम पुरूषोत्तमपुरा के रहने वाले थे, जो कि पुरूषोत्तमपुरा स्थित श्री जगन्नाथ गौशाला के संरक्षक भी थे। मंगलवार दिन भर वे ग्राम पुरूषोत्तमपुरा में ही प्रतिवर्ष की भांति बुधवार (तेरस) को प्रस्तावित सवामणी की तैयारियों में जुटे रहें। लेकिन नीयति को कुछ और ही मंजूर था। मित्तल का बुधवार प्रातः 10 बजे ही डाबला रोड़ स्थित चौधरियान श्मषान घाट में बेहद गमगीन माहौल में अन्तिम संस्कार किया गया। जहां उनके ज्येष्ठ पुत्र डॉ. अरविन्द ने चिता को मुखाग्नि दी। मित्तल के निधन का समाचार सुनकर बड़ी संख्या में व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों व विभिन्न राजनैतिक दलों से जुड़े लोगों ने श्रद्धांजलि दी। वे अपने पीछे पत्नी सुषीला देवी, पुत्र डॉ. अरविन्द व शशि, भाई नरेश, सुभाश, चौथमल व दिलीप, पौत्र दर्ष व कृषव समेत भाई बंधुओं, पौत्र-पौत्रियों, दोहता-दोहितियों समेत भरा पुरा परिवार छोड़कर गये हैं।

## बालिका आवासीय छात्रावास में प्रवेश 25 अगस्त तक

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** निकटवती ग्राम पवाना अहीर स्थित मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के अधीन गत वर्ष से संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास में शिक्षा निदेशालय एवं एडीपीसी समग्र शिक्षा द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार सत्र 2025-26 के लिये कक्षा 09 से 12 में अध्ययनरत बालिकाओं के द्वितीय चरण में प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 25 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। छात्रावास प्रभारी प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन व बढ़ावा देने हेतु संकल्पित सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेशोत्सव के प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया को 25 अगस्त तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि विभागीय नियमानुसार एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, बीपीएल, घुमन्तू परिवार, अनाथ, बेघर, दिव्यांग, एकल माता पिता, सीडब्लूएसएन व जरूरतमंद छात्राओं को आवेदन प्राप्ति के बाद प्राथमिकता अनुसार प्रवेश दिया जायेगा। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा स्थानीय विद्यालय में कक्षा 09 से 12 में प्रवेश होने वाली बालिकाओं को समस्त सुविधायें यथा खान पान, रहन सहन, पढ़ाई, फीस, कपड़े, स्टेशनरी, छात्रवृत्ति व स्टाइपेंड सुविधा सहित समस्त खर्चा सरकार द्वारा वहन किया जाता है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार खजोतिया के अनुसार अभी तक लगभग 60 प्रतिशत से अधिक सीटें भरी जा चुकी हैं। छात्रावास व्यवस्थार्थ एक गार्ड सहित सात महिला कार्मिकों को नियुक्त किया गया है।

# प्रदेश में 309 नगर निकायों के चुनाव दिसंबर में करने को तैयार सरकार

***जयपुर जोधपुर और कोटा में एक ही नगर निगम के तहत होंगे चुनाव, नगर निकायों का पुनर्शिमांकन करके गजट नोटिफिकेशन कर दिया जारी, प्रदेश के वार्डो का भी सीमांकन करके गजट नोटिफिकेशन कुछ ही दिनों में किया जाएगा जारी***

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में एक प्रदेश एक चुनाव अभियान के तहत आगामी दिसंबर माह में प्रदेश में 309 नगर निकायों के चुनाव आयोजित करवाने के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह से तैयार है घ इसके लिए नगर निकायों का पुनर्शिमांकन करके गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है तथा प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं में वार्डों के सीमांकन का काम भी अंतिम दौर में है बहुत जल्दी ही वार्डों का सीमांकन करके गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा और इसके बाद निर्वाचन विभाग को मतदाता सूची को भी अपडेट करने को कहा जाएगा यह घोषणा प्रदेश के शहरी निकाय विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को नागौर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान की उन्होंने कहा कि जयपुर जोधपुर और कोटा में दो दो नगर निगम हैं लेकिन अब पहले की तरह इन तीनों शहरों में एक ही नगर निगम होगा और एक ही नगर निगम के तहत नगर निकाय चुनाव करवाए जाएंगे उन्होंने कहा कि प्रदेश में कल 312 अभी नगर निकाय हैं लेकिन जब इन तीनों शहरों में एक एक ही निगम होगा तो फिर 309 निकायों में चुनाव होना स्वाभाविक है इसलिए 309 नगर निकायों में चुनाव करवाने के लिए सरकार ने अपने स्तर पर करीब करीब सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली है अब निर्वाचन विभाग को चुनाव करवाने के लिए बहुत जल्दी ही कहा जाएगा

## कांग्रेस के बड़े लीडर चुनाव करवाने की लगातार कर रहे डिमांड

एक तरफ प्रदेश के नगर निकाय विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा कई बार यह बयान दे चुके हैं कि सरकार नगर निकाय के चुनाव दिसंबर में करवाने के लिए तैयार है तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के बड़े लीडर लगातार आरोप लगा रहे हैं कि प्रदेश की भजनलाल सरकार नगर निकाय और पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव नहीं करवाना चाहती कल राजधानी जयपुर में सहित स्मारक पर एनएसयूआई के प्रदर्शन कार्यक्रम में भी सचिन पायलट ने प्रदेश की भजनलाल सरकार पर आरोप लगाया था कि सरकार प्रदेश में कोई चुनाव करवाना ही नहीं चाहती उन्होंने कहा कि सरकार ना तो नगर निकाय चुनाव करवाना चाहती है ना पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव करवाना चाहती है और ना ही छात्र संघ चुनाव करवाना चाहती है घ पायलट के इस बयान के एक दिन बाद ही एक बार फिर से नगर निकाय विभाग मंत्री ने फिर से नगर निकाय चुनाव दिसंबर में करवाने की बात कह कर कांग्रेस पार्टी के नेताओं की जुबान बंद करने की कोशिश तो की है लेकिन देखने वाली बात यह है कि क्या दिसंबर में चुनाव होंगे घ वैसे भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी दोनों दलों की ओर से नगर निकाय चुनाव के लिए तैयारी तो शुरू कर दी गई है राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और बसपा पार्टी के अलावा इस बार राष्ट्रीय लोकदल के भी नगर निकाय चुनाव लड़ने की संभावना है इसलिए प्रदेश के सभी छोटे-बड़े दल नगर निकाय चुनाव में अपना भाग्य आजमाने के लिए बेताब दिख रहे हैं ।

### मानवता शर्मसार, छोटे भाई ने की बड़े की हत्या

## सीकर में जमीन विवाद में भाई को मार डाला

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** जमीन विवाद में छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या कर दी। दोनों के बीच बुधवार सुबह खेत में झगड़ा हुआ था। मामला इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने बड़े भाई पर हथियार से हमला कर दिया। परिवार के लोग घायल को लहूलुहान हालत में हॉस्पिटल लेकर गए। जहां घटना के 2 घंटे बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना जीणमाता थाना इलाके के इंद्रपुरा गांव की है। मामले में मृतक के छोटे भाई, उसकी पत्नी और बेटी के खिलाफ मर्डर का मामला दर्ज किया गया है। जीणमाता थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि बनवारी लाल सैनी उम्र 50 वर्ष की हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मृतक के बेटे विमल ने अपने चाचा चतुर्भुज सैनी, चाची सुशीला सैनी और चचेरे बहन सुनीता सैनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मृतक और उसके छोटे भाई के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर रंजिश चल रही थी। पहले भी दोनों के बीच कहासुनी हो चुकी है। किसान सुबह करीब 6 बजे खेत में ट्यूबवेल चालू करने के लिए गए थे। उनका छोटा भाई चतुर्भुज सैनी भी 7 बजे के करीब खेत पर आया। दोनों भाइयों के बीच कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर छोटे भाई चतुर्भुज सैनी ने बड़े भाई बनवारीलाल सैनी पर हमला कर दिया। खेत के पास ही बनवारीलाल का मकान है। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवार के लोग आए और पुलिस को सूचना दी। दोनों भाइयों को अलग किया। इसके बाद लहूलुहान हालत में किसान बनवारीलाल को हॉस्पिटल लेकर गए। घटना के 2 घंटे बाद इलाज के दौरान 8 से 9 के बीच मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा। बता दें कि मृतक किसान का पूरा परिवार खेती से जुड़ा है। उनके दो बेटे हैं। एक सरकारी परीक्षा की तैयारी कर रहा है और दूसरा दुकान चलाता है।

## धरती रत्नम इंडस्ट्रीज में सघन वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

### राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की प्रेरणा से हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**करौली/सवाई माधोपुर (निसं.)** राजस्थान राज्य प्रदूशण नियंत्रण मंडल, सवाई माधोपुर की प्रेरणा से गांव मांच, जिला करौली स्थित मैसर्स धरती रत्नम इंडस्ट्रीज परिसर में सघन वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे इस सराहनीय प्रयास की शुरुआत इंडस्ट्रीज के पार्टनर्स महेंद्र सिंह चौधरी (सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक) एवं मुकेश गुप्ता ने आम के पौधे लगाकर की। इस अवसर पर इंडस्ट्रीज के सभी कर्मचारियों और श्रमिकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए आम, कटहल, जामुन, नीम सहित अन्य उपयोगी पौधों का वृक्षारोपण किया और उन्हें जल देने व उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी स्वयं ली। इस वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत 1000 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। यह पहल न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि औद्योगिक इकाइयों की सामाजिक जिम्मेदारी का भी उत्तम उदाहरण है। धरती रत्नम इंडस्ट्रीज द्वारा उठाया गया यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ पर्यावरण देने की दिशा में प्रेरणादायक सिद्ध होगा। सभी प्रतिभागियों ने अभियान को सतत रूप से जारी रखने का संकल्प लिया।

## SMS अस्पताल में खून की बीमारियों के लिए अलग यूनिट शुरूः ब्लड कैंसर, थैलेसीमिया, लिम्फोमा मरीजों को मिलेगा समर्पित इलाज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में खून से जुड़ी गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए राहत भरी पहल की गई है। अस्पताल में अब क्लिनिकल हेमेटोलॉजी डिपार्टमेंट की स्थापना की गई है, जिसके तहत 20 बेड की एक डेडिकेटेड यूनिट शुरू की गई है। यह यूनिट पूरी तरह ब्लड कैंसर, एनीमिया, थैलेसीमिया और लिम्फोमा जैसे रोगों के इलाज के लिए समर्पित होगी। अब तक ऐसे मरीजों का इलाज जनरल मेडिसिन या ऑन्कोलॉजी विभाग के तहत होता था, लेकिन अब सुपर स्पेशियलिटी डॉक्टरों की निगरानी में केवल खून की बीमारियों के इलाज की अलग व्यवस्था की गई है। विभाग के एचओडी डॉ. विष्णु शर्मा के अनुसार, यूनिट में मरीजों को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। यह यूनिट अस्पताल के आईडीएच सेंटर में संचालित की जा रही है। यह राजस्थान का पहला सरकारी मेडिकल कॉलेज है जहां खून की बीमारियों के लिए अलग से क्लिनिकल हेमेटोलॉजी यूनिट शुरू की गई है। अभी तक यह सुविधा राज्य में केवल एक निजी कॉलेज में ही उपलब्ध थी। इस पहल को प्रदेश के लिए हेल्थ सेक्टर में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। डॉ. शर्मा ने बताया कि हर बुधवार को इस डिपार्टमेंट की ओपीडी लगाई जाती है, जिसमें फिलहाल हर सप्ताह 30 से अधिक मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए भविष्य में बेड की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। ब्लड कैंसर के मरीजों को इससे सबसे अधिक फायदा मिलने की उम्मीद है। अस्पताल में एडवांस ब्लड टेस्टिंग की सुविधा पहले से उपलब्ध है। साथ ही, डॉक्टरों की टीम बोन मैरो ट्रांसप्लांट और कीमोथेरेपी जैसी सुविधाएं भी दे रही है। डॉ. शर्मा ने एक अहम जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब अस्पताल में मौजूद संसाधनों के जरिए सैल थेरेपी जैसी आधुनिक तकनीक की शुरुआत भी की जा सकती है। यह थेरेपी देश के गिने-चुने अस्पतालों में उपलब्ध है और ब्लड कैंसर के इलाज में क्रांतिकारी मानी जाती है। हालांकि इसकी लागत काफी अधिक है, लेकिन अस्पताल प्रशासन इस थेरेपी को 'मां योजना' जैसी सरकारी बीमा योजनाओं में शामिल करवाने का प्रयास करेगा, ताकि गरीब मरीजों को इसका लाभ मिल सके। मेडिकल कॉलेज में यह नई यूनिट न केवल जयपुर बल्कि पूरे राजस्थान के मरीजों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है और आने वाले समय में यहां अत्याधुनिक इलाज की दिशा में और विस्तार होने की उम्मीद है।

## राईजिंग राजस्थानः पर्यटन एमओयू निवेश संवाद में उठाए गए ज़मीनी क्रियान्वयन के ठोस कदम

### पर्यटन को बताया गया राज्य के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन की धुरी

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)** राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) के होटल गणगौर में बुधवार को राईजिंग राजस्थान पर्यटन सेक्टर एमओयूज एक्सेलरेटिंग ग्राउंड ब्रेकिंग निवेशक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 79 एमओयू धारकों की उपस्थिति में भूमि आवंटन, रूपांतरण, भवन स्वीकृति सहित लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, राजेश यादव ने कहा कि पर्यटन न केवल उद्योग है, बल्कि यह राज्य की आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन की धुरी बन चुका है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 11-12 दिसंबर 2025 को "राईजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव" का आयोजन करने जा रही है, जिसमें पर्यटन परियोजनाओं की प्रगति प्रदर्शित की जाएगी। राज्य में परियोजनाओं की निगरानी मुख्यमंत्री स्तर तक की जा रही है और प्रत्येक 15 दिन में मुख्य सचिव द्वारा समीक्षा की जाती है। पर्यटन विभाग ने फैसिलिटेशन सेल गठित किया है और सभी वरिष्ठ अधिकारियों को ज़िला स्तर की ज़िम्मेदारी दी गई है। पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने बताया कि अब तक पर्यटन क्षेत्र में 1600 एमओयू हो चुके हैं, जिनमें 1.37 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावित हैं और 1.9 लाख रोजगार सृजित होने की संभावना है। 29 परियोजनाएं पूरी तरह चालू हैं और 213 परियोजनाओं में ज़मीन पर कार्य शुरू हो चुका है। टूरिज़्म फाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने ऋण आवश्यकताओं पर जानकारी दी। सभी ज़िलाधिकारियों को स्थानीय स्तर पर एमओयू समीक्षा बैठकें करने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त निदेशक पवन जैन ने बताया कि टूरिज़्म यूनिट पॉलिसी 2024 लागू हो चुकी है और सरकार शीघ्र ही फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति और नई समग्र पर्यटन नीति लाने जा रही है, जिससे राजस्थान वैश्विक फिल्म शूटिंग हब व अनुभव आधारित पर्यटन केंद्र बन सकेगा।

## अवैध ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें आने व नये ब्लॉक में खनन माफियाओं की अवैध गतिविधियों को रोकने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना

### जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपने के बाद एएमई व पटवारी ने एनएलसी को किया पाबंद

जयपुर टाइम्स



**कोटपूतली(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम कुजोता व अजीतपुरा कलां के ग्रामीणों द्वारा एनएलसी द्वारा अवैध ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें आने व नये ब्लॉक में खनन माफियाओं की अवैध गतिविधियों को रोकने की मांग को लेकर अजीतपुरा कलां स्थित सामुदायिक भवन में मंगलवार से धरना दिया जा रहा हैं। इसको लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था। जिस पर एएमई अमीचंद व पटवारी ने एनएलसी को पाबंद भी किया था। लेकिन 40-50 बदमाष प्रवृति के लोगों द्वारा ग्रामीणों को डराया धमकाया जा रहा हैं। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल हैं। बुधवार को एसडीएम बृजेष कुमार चौधरी ने धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्यायें सुनी। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्यवाही की मांग की। जिस पर एसडीएम ने उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुये ग्रामीणों से धरना समाप्त किये जाने की बात कही। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम अजीतपुरा में अवैध खनन माफिया द्वारा ग्रामीणों को डराया धमकाया जा रहा हैं। हैवी ब्लास्टिंग से गांव का बुरा हाल हो गया हैं, घरों में दरारें पड़ गई हैं। स्कूल व आंगनवाड़ी में हैवी ब्लास्टिंग से बच्चे बेहद परेशान हो रहे हैं। लगातार ब्लास्टिंग व अवैध खनन के कारण गांव के तालाब, जोहड़ व जल-स्त्रोत सूखते जा रहे हैं। इससे ना केवल पेयजल संकट, बल्कि पशुओं के लिये पानी की कमी भी उत्पन्न हो गई है एवं गांव की जल-परिसंचरण प्रणाली और पारंपरिक जल-संरचना खतरे में पड़ गई है। यदि दो-तीन दिनों में इस सम्बंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई तो वापस धरना प्रदर्षन किया जायेगा। इस दौरान सरपंच मीरा देवी, सरपंच प्रतिनिधि नेतराम ताखर, धर्मवीर पहलवान, रामस्वरूप पंच, अमीन, जुम्मा खान, पंजाबी बावरिया, रघुनाथ बावरिया, भागीरथ मीणा, महेंद्र मीणा, मातादीन, रामकरण, रामकुमार, शीशराम, प्रवीण जाट, अशोक, धोलाराम कुमावत, लीलाराम मीणा, विपिन मीणा समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहें। उल्लेखनीय है कि एनएलसी द्वारा अवैध ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें आने व नये ब्लॉक में खनन माफियाओं की अवैध गतिविधियों को रोकने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में लिखा कि एनएलसी कंपनी द्वारा की जा रही अवैध ब्लास्टिंग के कारण गांवों के कई घरों में दरारें आ गई हैं। रोजाना तेज धमाकों जैसी आवाज आती है

## रॉयल्टी की बढ़ी हुई दरें वापस लिए जाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलिया(निस)।** ऊपरमाल सेंड स्टोन विकास समिति बिजौलियां के सदस्यों की ओर से खनन समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ और खनि अभियंता प्रवीण कुमार अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में रॉयल्टी की बढ़ी हुई दरें वापस लिए जाने, पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने और पुरानी लीज और क्वारी लाइसेंस में ड्रोन सर्वे करवा कर जो पंचनामें बनाए जा रहे हैं उनका विरोध किया गया। इसके अलावा लघु उद्योग इकाई कटर मशीन के लिए स्लरी डालने के लिए डंपिंग यार्ड की भूमि दिलाने की भी मांग भी की गई। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष नरोत्तम धाकड़, कोषाध्यक्ष मोहनलाल धाकड़, उपाध्यक्ष अनिल गोधा, संजीव सेठिया, शंकर लाल धाकड़, नानालाल धाकड़, कल्पेश जैन, विशाल मेवाड़ा, रमेश चंद्र, कपिल समेत समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।

## कार से 10 किलो डोडा चूरा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पुलिस थाना बिजौलियां की ओर से अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10किलो 680 ग्राम डोडा चूरा व एक स्वीफ्ट कार जब्त करने के साथ ही आरोपी मुकेश बंजारा व सेठा उर्फ सीता बंजारा को गिरफ्तार किया।थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि कास्या चौकी प्रभारी एएसआई नरेश कुमार की ओर से चौकी के सामने से एएसआई शर्मा पर कार चढ़ाने का प्रयास करते हुए नाकाबंदी तोड़ कर भागने की सूचना पर मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। कार की तलाशी लेने पर 10.680 किलो अफीम डोडा चूरा मिला।कार व डोडा चूरा जब्त कार चालक मुकेश बंजारा निवासी सुवाणीया थाना बेगूं(चित्तौड़ गढ़)व साथी महिला सेठा उर्फ सीता बंजारा हाल निवासी गोरधनपुरा थाना बिजौलियां को मौके पर गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया।

## देव सेना में गिरधारी लाल गुर्जर को मिली नई जिम्मेदारी

### किशनगढ़ रेनवाल तहसील अध्यक्ष नियुक्त, समाजजनों और जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** गुर्जर समाज की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने वाले गिरधारी लाल गुर्जर को देव सेना ने किशनगढ़ रेनवाल तहसील अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति देव सेना प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर की गई। गिरधारी लाल गुर्जर, निवासी गुर्जरों की ढाणी, भैसलाना, को समाज हित में किए जा रहे निरंतर प्रयासों को देखते हुए यह पद सौंपा गया है। साथ ही उन्हें तहसील कार्यकारिणी के गठन का अधिकार भी दिया गया है। देव सेना को विश्वास है कि वह संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। इस नियुक्ति पर समाज में खुशी की लहर है। फुलेरा के पूर्व विधायक निर्मल कुमार कुमावत, सहदेव गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर, धर्मपाल गुर्जर, शंकरलाल गुर्जर,मोहनलाल, रामेश्वर, मुकेश,प्रेमचंद, धर्मचंद गुप्ता सहित अनेक समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने गिरधारी लाल गुर्जर को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने भी आशा जताई कि नव नियुक्त तहसील अध्यक्ष समाज और संगठन के हित में प्रभावी कार्य करेंगे।



## राजस्थान हाईकोर्ट में 11 अगस्त से नया रोस्टर लागू: 5 नई खंडपीठों का गठन, केस निपटारे में आएगी तेजी

जयपुर टाइम्स

**जोधपुर** राजस्थान हाईकोर्ट में 11 अगस्त से एक नया रोस्टर लागू किया जा रहा है। इस बदलाव के तहत मुख्य न्यायाधीश के.आर. श्रीराम अब जोधपुर स्थित मुख्य न्यायालय से कार्य करेंगे। कोर्ट के कामकाज की गति बढ़ाने और पुराने मामलों के निपटारे के लिए 5 नई खंडपीठों (डिवीजन बेंच) का गठन किया गया है। साथ ही, सिंगल बेंच का भी नए सिरे से पुनर्गठन किया गया है। मुख्य न्यायाधीश ने इस नई व्यवस्था में कुछ बेंच को दो जजों और कुछ को एक जज के साथ गठित किया है, जिससे न्याय प्रक्रिया और अधिक प्रभावी एवं तेज हो सकेगी। इससे न केवल लंबित मामलों का बोझ कम होगा, बल्कि जनता को समय पर न्याय मिलना सुनिश्चित होगा। मुख्य न्यायाधीश के.आर. श्रीराम और जस्टिस संदीप तनेजा की बेंच 2020 तक के सिविल रिट, PIL, टैक्स व अवमानना से जुड़े मामलों की सुनवाई करेगी। जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी व जस्टिस बिपिन गुप्ता 2021 से जुड़ी PIL ß CAT मामलों पर सुनवाई करेंगे। जस्टिस दिनेश मेहता और संगीता शर्मा 2017 से आपराधिक अपील व अन्य रिट याचिकाएं देखेंगी। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और अनूरूप सिंघी पारिवारिक व वैवाहिक विवादों के मामलों की सुनवाई करेंगे।

### सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़ आमजन की समस्याओं पर ध्यान दें: हरिशंकर मेवाड़ा

# जाखानगर सुनसान क्षेत्र में भूमि आवंटन के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपपुर(निस)।** राज्य सरकार की ओर से उपजिला चिकित्सालय बनाने के लिए जाखानगर में हाईवे के पास भूमि आवंटन को लेकर बुधवार को सुमेरपुर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। साथ ही चेताया कि अगर प्रशासन अपनी हठधर्मिता पर कायम रहा और उप जिला चिकित्सालय के लिए आबादी भूमि के आस-पास जहां मरीजो को आवागमन में सुगमता हो वहां भूमि आवंटित की जाए। ऐसा नहीं किया जाता हैं तो इस मामले को लेकर व्यापक जन आन्दोलन करेंगे। ज्ञापन देते समय पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगदीश राजपुरोहित, निवृतमान पार्षद खूबचंद खत्री, चतराराम मेघवाल, नरेश कुमावत, भरत बोराणा, शंकर देवासी, शैतान कुमार, राजेंद्र सिंह, भावेश कुमार, कैलाश गोयल, रामचंद्र मेघवाल, तेजाराम देवासी, कालू वाल्मीकि, रमेश हीरागर, चम्पालाल देवासी आदि मौजूद रहे। कांग्रेस प्रत्याशी रहें हरिशंकर मेवाड़ा ने बताया कि उप जिला चिकित्सालय के लिए 35 करोड़ रूपये का बजट स्वीकृत किया गया है। यह क्षेत्र के लिए अच्छी खबर है, लेकिन उपजिला चिकित्सालय प्रशासन की ओर से जाखानगर हाईवे पर जमीन का आवंटन किया गया है जिसे लेकर क्षेत्रवासियों में भारी रोष है। उक्त जमीन वर्तमान चिकित्सालय से करीब 4 से 5 किलोमीटर दूर है जो कि शहर कि आबादी से बहुत दुरी पर रहेगा। वहीं उक्त भुमि हाईवे पर सुनसान क्षेत्र में आई हुई है जिससे रात्रि में सुरक्षा का भी खतरा रहेगा व आवागमन में भारी परेशानी होगी। इन्ही कारणों से पूर्व में बना फुड़ क्राफ्ट इंस्टीट्यूट भी अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राजकीय मेहता चिकित्सालय में रोजाना करीब 500 से अधिक ओपीडी है। उपजिला चिकित्सालय बनने के बाद यह संख्या बढ़कर 1000 से अधिक तक पहुंचेगी, गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों को आवागमन के लिए ओटो रिक्शा करके आना जाना करना होगा जिससे उन पर आर्थिक बोझ भी पडेगा, रात्रि में वहां से आवागमन कि कोई सुविधा नहीं रहेगी। अभी चल रहें चिकित्सालय के आस-पास उप जिला चिकित्सालय बनेगा तो मरीजों के आवागमन में सुगमता रहेगी।



युवक कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश राजपुरोहित ने बताया कि क्षेत्रवासियों में भारी रोष है। सरकार व प्रशासन अपनी हठधर्मिता के आगे जनभावनाओं को दरकिनार करने पर आमाद है, चूंकि यह मामला आमजन से जुडा हुआ है तो बेहतर होता प्रशासन उपजिला चिकित्सालय के लिए जमीन आवंटन करने से पहले व्यापक जन समर्थन जुटाता। अब प्रशासन जमीन आवंटन कर चुका है तो हम सभी कांग्रेसजन जनभावनाओं के अनुरूप इस मामले में अपना विरोध दर्ज करवाते हुए प्रशासन व सरकार से मांग करते है कि उपजिला चिकित्सालय का निर्माण करने से पूर्व एक बार इस मामले में जनभावनाओं का सम्मान करते हुए आबादी क्षेत्र के आस-पास उपजिला चिकित्सालय के लिए जमीन आवंटित करें अन्यथा अगर प्रशासन अपनी हठधर्मिता पर कायम रहा तो हम इस मामले को लेकर व्यापक जन आन्दोलन करेंगे।

## पानी की समस्या से परेशान महिलाएं होकर विरोध प्रदर्शन किया, बिसलपुर पेजयल की एक एक बूंद के लिए तरसें लोग

### जिम्मेदार लोगों की मिली-जुली से सैकड़ों कनेक्शन अवैध रूप से चल रहे



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(कासं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गरूडवासी के गांव बाढ़राजपुरा मेवा बाबा की ढाणी में बिसलपुर पोइंट दिखावटी के लिए लगाया गया। महिलाओं ने पानी की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि हमारी ढाणी में पीने के पानी की बहुत बड़ी समस्या हो रही है। ऐसे में हम लिखित व मौखिक रूप से ग्राम पंचायत प्रशासन, बिसलपुर अधिकारियों, उपखंड अधिकारी, ग्राम पंचायत स्तर पर लगें शिविरों में भी अवगत कराया जा चुका है ऐसे में हमारी पानी की समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ। ऐसे में अजय बैरवा ने बताया की पानी की समस्या को लेकर 181 पर भी कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिलता है। महिलाओं ने बताया जिम्मेदारों की मिलीभगत से पाईप लाईन में कई अवैध रूप से कनेक्शन कर रखें है लेकिन उन पर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पाईप लाईन में अवैध रूप चल रहें कनेक्शनों के कारण हमारी ढाणी में पानी नहीं आ रहा है ऐसे पीने के पानी के लिए बहुत दूर से पानी लाना पड़ रहा है इस दौरान दूर से खारा पानी लाने से कई लोग बिमारियों का शिकार हो रहे हैं। वहीं लोगों ने बताया कि घर घर बिसलपुर पोइंट लगाने के लिए राशि भी ली गई। लेकिन उसके बदले में हमें एक बूंद पानी नहीं मिला। ऐसे में ग्रामीणों व महिलाओं में काफी आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि अगर हमारी पेयजल समस्या का? समाधान नहीं हुआ तो हम? उपखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर राधा देवी, बादाम देवी, रुक्मा देवी, नारंगी देवी, लक्ष्मी देवी, गंगा देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कानोता में हुआ सामूहिक वृक्षारोपण

### हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लगाए गए 50 से अधिक पेड़

जयपुर टाइम्स

**कानोता(निसं.)** कस्बे की सांभरिया रोड स्थित महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कानोता में हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर स्थित सामाजिक संस्था 'सृष्टि फाउंडेशन' द्वारा उपलब्ध कराए गए सिरस, अर्जुन, करंज, शीशम, एलस्टीनिया जैसे लगभग 50 पौधे विद्यालय परिसर में रोपे गए। ये सभी पौधे 6 से 8 फीट ऊंचाई के थे और उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। मीडिया प्रभारी शिक्षक श्री पवन शर्मा ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम हरित पाठशाला प्रभारी वरिष्ठ शारीरिक शिक्षिका शशि सामरिया एवं ईको क्लब प्रभारी ज्योति बाला सोनी के समन्वय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक विकास शर्मा, शिक्षक रवि जारवाल, रामचरण मीणा, अशोक शर्मा सहित अनेक शिक्षकों ने पौधों के लिए गड्ढे खोदने, खाद डालने व पानी की व्यवस्था में सहयोग किया। विद्यालय के समस्त शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक वृक्षारोपण में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्या शर्मा ने पौधों की नियमित देखभाल एवं सुरक्षा हेतु कक्षावार जिम्मेदारी निर्धारित की। शिक्षक कपिल प्रकाश सिंहल ने बताया कि आने वाले गुरुवार को समाजसेवी फौजी रमेश एवं उनके सहयोगियों द्वारा विद्यालय में अशोक, पीपल एवं बरगद के बड़े पौधे लगाए जाएंगे, जिसकी समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएँ प्रियंका, ऋतंभरा कल्याणी, विश्वमोहिनी मीणा, सुनीता मीणा, पल्लवी गोयल, हेमलता शर्मा, निर्मल जग्रवाल, पूनम खंडेलवाल, शुभ्रा लड़ीवाला, अनीता स्वामी, नीतू चंदेल सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे और इस पर्यावरणीय प्रयास में सक्रिय सहभागिता निभाई।



## जर्जर भवन में चल रहा है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कभी हो सकता है बड़ा हादसा

### कोटखावदा के रामगनर गांव का है मामला

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा के ग्राम पंचायत रामनगर में जर्जर हुई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग में कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, ऐसे में स्थानीय पीएचसी प्रभारी डॉ.मोहित धाभाई ने बताया कि 2019 से उप स्वास्थ्य केंद्र सबसेंटर से कमोन्नत करके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया था, जो कि आज तक सबसेंटर भवन में संचालित है। जिनकी स्थिति अत्यंत जर्जर व असुरक्षित है। जो कि कभी भी बड़े हादसे में तब्दील हो सकती है मानसून काल के चलते भवन की दीवारों व छत से लगातार पानी रिसाव हो रहा है। सीलन व फफूंदी और बदबू के कारण बिल्डिंग की हालत खराब है। और कार्य करना कठिन हो रहा है बल्कि भवन की संरचनात्मक स्थिति भी गंभीर होती जा रही है। भवन के कई स्थानों पर दीवारों में गहरी दरारें आ चुकी है इससे स्टाफ व मरीजों की सुरक्षा खतरे में है। भवन में रखी हुई जीवन रक्षक दवाइयां उपकरण और अभिलेख भी नमी व पानी के संपर्क में आकर खराब हो रही हैं। यहां सरकारी संसाधनों की हानि भी हो सकती है ज्ञात हो कि पीएचसी रामनगर हेतु पहले से नया भवन निर्माण हेतु भूमि का आवंटन हो चुका है किंतु अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इसको लेकर ग्रामीणों व स्थानीय स्टाफ ने तहसीलदार को भी ज्ञापन दिया था। बताया गया कि बिल्डिंग टेंडर हो गया है। भूमि आवंटन हो चुकी है राजस्व रिकॉर्ड की तरमीम त्रुटि होने के कारण अभी काम नहीं चल पाया है भवन में छह कमरे हैं जिनमें पांच की स्थिति बहुत ही खराब है स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी तुरंत प्रभाव से मामले को संज्ञान में ले जिस की कोई बड़ा हादसा ना हो।



## नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा कार्रवाई कर करीब 20 बीघा को अतिक्रमण कराया मुक्त



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा न्यास क्षेत्राधिकार में करीब 20 बीघा पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि टीम द्वारा ग्राम दिवाकरी के खसरा नंबर 512 से 516 के भू-भाग पर बिना न्यास स्वीकृति एवं भू-संपरिवर्तन कराये ही कृषि भूमि पर ग्रेवल सडक डालकर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग, चार दीवारी को नियमानुसार ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि ग्राम दिवाकरी में लगभग 20 बीघा साकेत नगर योजना की भूमि चन्द्रमोली मोटर्स के पीछे पर राहुल पांचाल, सकिला व अन्य द्वारा विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। उन्होंने बताया कि न्यास द्वारा आगे भी अवैध प्लॉटिंग एवं अवैध निर्माणों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि सभी नागरिक न्यास द्वारा विकसित की गई आवासीय योजनाओं तथा न्यास द्वारा स्वीकृत की गई योजनाओं में ही भूखण्ड अथवा मकान खरीदें तथा अवैध प्लॉटिंगकर्ताओं द्वारा अनाधिकृत रूप से काटी गई अवैध कॉलोनियों में भूखण्ड अथवा भूमि नहीं खरीदें। इस दौरान न्यास के अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, क्षेत्रीय कनिष्ठ अभियन्ता मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा कर शहर के मास्टर ड्रेनेज प्लान किया निरीक्षण

### मास्टर ड्रेनेज प्लान के अनुरूप शहर के नालों व नालियों का निर्माण कराया जावे - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नगर विकास न्यास एवं नगर निगम की टीम के साथ शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा कर अलवर के मास्टर ड्रेनेज प्लान का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को मास्टर ड्रेनेज प्लान के अनुसार कार्य करने के दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि मास्टर ड्रेनेज प्लान के तहत शहर के नालों का निर्माण होने से जनता कॉलोनी, टाइगर कॉलोनी आदि स्थानों में जल भराव की समस्या से आमजन को राहत मिलेगी। उन्होंने मास्टर ड्रेनेज प्लान के अंतर्गत पूर्व में बने हुए सभी नालों एवं प्रस्तावित समस्त नालों में शहर के तिजारा पुल से टेल्को सर्किल, मथुरा आरओबी के दोनों ओर बनने वाले नाले, काशीराम चौराहा से भगत सिंह चौराहे तक न्यास द्वारा बनाये जाने वाले नालों का निरीक्षण किया कर यूआईटी एवं नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल भराव की समस्या के निराकरण हेतु नालों का निर्माण कार्य मास्टर ड्रेनेज प्लान के अनुसार कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही सुनिश्चित करें कि बारिश के दौरान नाला व नाली चौक नहीं होवे, इसके लिए समयबद्ध रूप में नियमित साफ-सफाई करावे। उन्होंने नमन होटल, हनुमान सर्किल से मूंगस्का तक प्रस्तावित नालों का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि आगामी वर्षाकाल से पूर्व समस्त नालों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि गायत्री मंदिर रोड व ओसवाल विद्यालय की रोड पर नालों की कर्ल्वट पुनः बनाये जिससे जल भराव की समस्या से आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर के मुख्य मार्गों पर निर्मित पुलियाओं की सफाई सुपरसकर मशीन के माध्यम से करावे। उन्होंने बुध विहार डी ब्लॉक पार्क का निरीक्षण कर यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि आमजन की सुविधाओं में विस्तार हेतु पार्क में विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि पार्क में साफ-सफाई व पौधों के रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही मरम्मत आदि के कार्यों को प्राथमिकता में रखते हुए पूर्ण करावे। उन्होंने काली मोरी पुलिया के नीचे कराए प्रगतिरत सडक निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य को समयबद्ध रूप में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान नगर विकास न्यास के अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान, अधिशासी अभियन्ता अशोक मदान, नगर निगम के सहायक अभियन्ता दिनेश मौजूद रहे।



शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
7 अगस्त, 2025

## विधायक हरलाल सहारण ने अतिवृष्टि से नुकसान का लिया जायजा



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू विधायक हरलाल सहारण ने बुधवार को जिले के लालासर बणीरोतान में अतिवृष्टि से मकान, चारदीवारी के नुकसान का जायजा लिया। विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार भार्गव ने बताया कि विधायक सहारण ने अतिवृष्टि से आहत व्यक्तियों से व्यक्तिगत रूबरू होकर मौका निरीक्षण किया। तहसीलदार अशोक गोरा व विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता दिलवाने और जिन्हें पूर्व में आवास सहायता नहीं दी गई, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास निर्माण करवाने की बात कही। उन्होंने बताया कि पटवारी अनिल शर्मा व ग्राम विकास अधिकारी विकास कुमार मीणा ने मकान गिरने से हुए नुकसान की सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत की। विधायक सहारण ने अतिवृष्टि के कारण हुई क्षति के लिए राज्य सरकार से सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया।

## कलक्टर ने पटवार सीधी भर्ती परीक्षा को लेकर दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर चूरू जिला मुख्यालय पर 16 परीक्षा केन्द्रों पर 17 अगस्त, 2025 को सवेरे 9 बजे से दोपहर 12 बजे और दोपहर 3 बजे से सांय 6 बजे तक दो पारियों में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर की ओर से आयोजित की जाने वाली पटवार सीधी भर्ती परीक्षा, 2025 की पारदर्शिता व सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए समुचित निर्देश दिए हैं। जारी आदेशानुसार पुलिस विभाग, चूरू उपखंड अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मुख्यालय चूरू, सभी केन्द्राधीक्षकों, जिला परिवहन अधिकारी, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड चूरू व सरदारशहर आगार प्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए गए हैं।

## नवसृजित/रिक्त उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत चूरू जिले में नवसृजित/रिक्त उचित मूल्य दुकानों के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों से राजस्थान खाद्यान्न व अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण एवं विनियमन) आदेश, 1976 के खण्ड 31 के अंतर्गत प्राधिकार–पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला रसद अधिकारी अंशु तिवाड़ी ने बताया कि उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए जारी दिशा–निर्देशों के तहत सशुल्क आवेदन –पत्र 4 सितंबर, 2025 तक कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में जिला रसद अधिकारी कार्यालय, चूरू (भरतीया अस्पताल के सामने, नेचर पार्क के पास, चूरू) से 100 रुपए के भारतीय पोस्टल आर्डर जिला रसद अधिकारी के पक्ष में प्रस्तुत कर प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र 4 सितंबर, 2025 को सांय 6 बजे तक जमा करवाए जा सकेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## जतिन राज रोलानिया ने अंडर-14 श्रेणी में जीता गोल्ड मेडल

### 9वीं जयपुर जिला रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में स्कोलर स्कूल का प्रदर्शन शानदार




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** स्कोलर स्कूल, जगतपुरा के होनहार छात्र जतिन राज रोलानिया ने 9वीं जयपुर जिला रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में अंडर-14 श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता खेल सिरी, जगतपुरा में आयोजित की गई थी जिसमें जिलेभर के अनेक प्रतिभावान स्केटर्स ने भाग लिया। जतिन ने अपने बेहतरीन संतुलन, गति और तकनीक का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के निर्णायकों को प्रभावित किया और प्रथम स्थान हासिल किया। यह जीत जतिन की कठिन मेहनत और नियमित अभ्यास का परिणाम है। गौरतलब है कि जतिन इससे पहले भी राज्य और जिला स्तर की कई स्केटिंग प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुका है। हर बार की तरह इस बार भी उसने अपनी सफलता का श्रेय कोच नम्रता चम्पावत को दिया, जिनके मार्गदर्शन में वह निरंतर उत्कृष्टता की ओर बढ़ रहा है। स्कोलर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण और अभिभावकों ने जतिन की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। जतिन का यह प्रदर्शन निश्चित ही अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद है और जिले में रोलर स्केटिंग जैसे खेल को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा।

# राजस्थान के मेवाड़-वागड़ अंचल में रक्षा सूत्र कार्यक्रम में डॉ. सतीश पूनियां के हजारों आदिवासी बहन-बेटियों ने बांधी राखी

**बहन**
जब भाई की कलाई पर राखी बांधती है तो दुनिया के बड़े-बड़े आशीर्वाद फीके पड़ जाते हैं, मेरी 95 वर्षीय मां जब मेरे सिर पर हाथ फेरती है तो लगता है दुनिया की सल्तनत मुझे मिल गई; डॉ. पूनियां





### राजस्थान के गुजरात बॉर्डर पर डूंगरपुर में रक्षा सूत्र कार्यक्रम में आदिवासी माता-बहनों ने डॉ. सतीश पूनियां को बांधी राखी, अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु और उन्नति का दिया आशीर्वाद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर, डूंगरपुर(कासं.)** राजस्थान के मेवाड़-वागड़ क्षेत्र के आदिवासी अंचल के डूंगरपुर जिले में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में रक्षा सूत्र कार्यक्रम पूरे राजस्थान में सकारात्मक तौर पर भाजपा की वागड़ क्षेत्र में मजबूती के तौर पर चर्चाओं में है।

इस ऐतिहासिक रक्षा सूत्र कार्यक्रम में शामिल होने भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां गुजरात बॉर्डर पर प्रदेश के वागड़ क्षेत्र के डूंगरपुर पहुंचे, जहां काफी संख्या में जनजाति माता-बहनों ने उन्हें राखी बांधकर उनके अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु और उन्नति का आशीर्वाद दिया।

डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री, पूर्व राज्यमंत्री सुशील कटारा द्वारा रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में आयोजित रक्षासूत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में एक हजार से अधिक बहनों ने सतीश पूनिया एवं सुशील कटारा को राखी बांधी। कार्यक्रम में सागवाडा विधायक शंकरलाल डेचा, जिलाध्यक्ष अशोल पटेल, पूर्व भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अल्का मूंदड़ा,सभापति अमृत कलासुआ इत्यादि नेता व कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

पूनियां ने रक्षासूत्र कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि, पहले बेटियों को अभिशाप की तरह मानते थे, किसी जमाने में बेटियों को गर्भ में मार दिया जाता था, लेकिन मैं यह मानता हूं जिसने पिछले जन्म में अच्छे पुण्य कर्म किए होंगे, उनको बेटी नसीब होती है। मैं खुशनसीब हूं क्योंकि बेटी एक पिता का सबसे बड़ा संबल होती है।

उन्होंने कहा कि, एक बहन जब भाई की कलाई पर राखी बांधती है तो दुनिया के बड़े-बड़े आशीर्वाद फीके पड़ जाते हैं, एक मां भले ही उम्रदराज होगी मैं भी देखता हूं कि मेरी 95 वर्षीय मां जब मेरे सिर पर हाथ फेरती हैं तो मुझे लगता है कि दुनिया की सल्तनत मुझे मिल गई, मातृशक्ति किसी भी रूप में हो, जब मैं चुनौतियों से लड़ता था मेरे घर का चूल्हा जलाने का काम और विपरीत परिस्थितियों में मेरे पीछे डटकर खड़े होने वाली कोई थी वह मेरी धर्मपत्नी थी।

दुनिया में वह हमारा आदिवासी समाज है जो जल जंगल और जमीन की रक्षा करता है, दुनिया ने यह नारा बहुत देर से लगाया लेकिन हमारा आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति और संस्कृति का संरक्षण करता आया है, राजस्थान और हिंदुस्तान का इतिहास है कि पेड़ों के रक्षा के लिए अमृता देवी शहीद हो गईं।

मुझे सुखद अनुभूति और बहुत खुशी हुई कि हमारे आदिवासी समाज की बहन बेटियां पढ़ लिखकर तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ रही हैं और इन्हीं आदिवासी माता बहनों का आज रक्षा सूत्र कार्यक्रम में राखी के रूप में मुझे जो आशीर्वाद मिला वह मुझे नई ऊर्जा और ताकत के साथ कार्य करने की शक्ति प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है, इसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में बदलते युग की कहानी यह है इस आधुनिक आबादी की मान्यता भारत के लोकतंत्र में एक सामान्य आदिवासी परिवार की सामान्य महिला द्रौपदी मुर्मू जब देश की राष्ट्रपति बनती हैं तो महिलाओं की और हमारे आदिवासी समाज की वह ताकत बनकर खड़ी होती हैं, वह भारत के लोकतंत्र की मजबूती का अपने आपमें उदाहरण बनती हैं।

आप सब लोगों को अच्छे से पुरुषार्थ करना है, परिश्रम करना है, संयम नहीं खोना है, विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं जनकल्याणकारी नीतियों से राजस्थान के हमारे इस पूरे आदिवासी क्षेत्र का सुखद भविष्य नजर आता है, इस क्षेत्र की खूब तरक्की होगी और उस तरक्की के पीछे आदिवासी क्षेत्र की हमारी मातृशक्ति की ताकत होगी, राजस्थान का यह वागड़ अंचल प्राकृतिक और सांस्कृतिक तौर पर और मजबूत होगा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019-2023 तक लगभग साढ़े तीन तक भाजपा राजस्थान अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के दौरान सतीश पूनियां ने राजस्थान के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र तक दर्जनों बार प्रवास किये थे, जिसमें सबसे अधिक प्रवास सतीश पूनिया ने मेवाड़ वागड़ अंचल में किए थे, जहां संगठन की मजबूती के लिए कार्यक्रम, कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन और पदयात्राओं से आदिवासियों को पार्टी से जोड़ने के लिए तमाम कार्यक्रम किये, इसको लेकर बांसवाड़ा त्रिपुरा सुंदरी माताजी मंदिर से लेकर डूंगरपुर बेणेश्वर धाम तक लगभग 45 किलोमीटर से अधिक की पदयात्रा करके सतीश पूनिया ने न केवल वहां आदिवासियों को पार्टी से जोड़ा, बल्कि आदिवासी लोगों के बीच सामूहिक जलपान से लेकर और सांस्कृतिक-धार्मिक कार्यक्रमों के जरिए भी पार्टी की विचारधारा को मजबूती से पहुंचाने का कार्य किया था।

भाजपा राजस्थान अध्यक्ष की बागडोर संभालने के दौरान सतीश पूनिया ने सबसे अधिक पूरे राजस्थान के प्रवास करने से लेकर धरने प्रदर्शन, आंदोलन इत्यादि के साथ-साथ पूरे राजस्थान को नापने के लिए सतीश पूनिया ने 5 लाख किलोमीटर से अधिक के प्रवास भी किये।

संगठन की मजबूती के लिए प्रवास के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले सतीश पूनिया इन दिनों डूंगरपुर जिले में आदिवासी माता-बहनों के बीच रक्षा सूत्र कार्यक्रम में पहुंचे, जो आदिवासी अंचल में भाजपा की मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में देखा जा रहा है।

शेखावाटी के चूरू जिले के एक सामान्य किसान परिवार से आने वाले सतीश पूनिया की कार्यशैली संगठन को सर्वोपरि मानकर हमेशा सरोकारों की राजनीति करना है, छात्र राजनीति के दिनों में "ओलंपिक्स" के कारण चर्चित हुए,वहीं युवा राजनीति में युवा मोर्चा राजस्थान के अध्यक्ष कार्यकाल में अजमेर से भरतपुर तक 551 किलोमीटर की पैदल "युवा जागरण" पदयात्रा से सुर्खियों में आए,अपने भाजपा राजस्थान अध्यक्षीय कालखंड में सदन और सड़क पर विपक्ष के धारदार प्रदर्शन से प्रदेश के कार्यकर्ताओं की विशाल फौज को लेकर आगे आए,वहीं राजनीतिक रूप से हरियाणा भाजपा प्रभारी के रूप में हरियाणा विजय में भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जो भाजपा केंद्रीय नेतृत्व की उम्मीदों पर खरे उतरे।

उल्लेखनीय है कि पूनियाँ ने अपने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कार्यकाल के दौरान राजस्थान के मारवाड़, मेवाड़ और जनजाति क्षेत्र के सर्वाधिक प्रवास किए थे।

केंद्र की मोदी सरकार की अभिनव योजना 'सुकन्या समृद्धि योजना' के खाता खुलवाने के अभियान का संगठन स्तर पर शुभारंभ भी इसी वागड़ में बांसवाड़ा के त्रिपुरा सुंदरी माताजी मंदिर से सतीश पूनिया ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रहने के दौरान किया था, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने पूरे राजस्थान में 50 हजार से अधिक सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खुलवाए थे।

## माही डैम को जवाई बांध से जोड़ने की परियोजना धरातल पर उतरेगी

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंत्री जोराराम कुमावत की बैठक में डीपीआर को लेकर बनी सहमति

जयपुर टाइम्स



**पाली/जयपुर(कासं.),** राजस्थान के पश्चिमी जिलों पाली, सिरोही, जालोर और बाड़मेर की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए माही डैम को जवाई बांध से जोड़ने वाली महत्वाकांक्षी परियोजना अब मूर्त रूप लेने जा रही है। इस संबंध में सुमेरपुर विधायक एवं राज्य के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जयपुर में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में 7000 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री कुमावत ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बजट 2024-25 में माही एवं सोम नदी के मानसूनी अधिशेष जल को जयसमंद और अन्य बांधों के माध्यम से जवाई बांध तक लाने की घोषणा की थी। अब इसे धरातल पर उतारने की दिशा में तेज़ी से काम शुरू हो चुका है। इस परियोजना की डीपीआर तैयार करने के लिए 15.60 करोड़ रुपये की प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति जल संसाधन विभाग जयपुर के मुख्य अभियंता कार्यालय द्वारा जारी की गई है। वाप्कोस लिमिटेड को यह कार्य सौंपा गया है और सलूंबर जल संसाधन खंड के अधिशासी अभियंता द्वारा कार्यादेश भी जारी किए जा चुके हैं। वाप्कोस द्वारा प्रस्तुत इन्सपेक्शन रिपोर्ट को उदयपुर जल संसाधन संभाग द्वारा अनुमोदन भी मिल चुका है। मंत्री कुमावत ने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर उदयपुर, पाली, सिरोही और जोधपुर जिलों में न केवल पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान होगा, बल्कि 16,000 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई का भी पुर्नस्थापन हो सकेगा। यह प्रोजेक्ट राज्य के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और जल संकट से जूझ रहे हजारों ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

## राज्यभर में एक साथ 102 फर्मों पर कार्रवाई, 1.84 लाख रुपये जुर्माना वसूला

### उपभोक्ता मामलों के विभाग का कंज्यूमर केयर अभियान रक्षाबंधन पर सक्रिय



**जयपुर(कासं.)** रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा चलाए जा रहे कंज्यूमर केयर अभियान के तहत राज्यभर में पहले ही दिन बड़ी कार्रवाई की गई। विभाग की गठित टीमों ने राज्य के 102 फर्मों का निरीक्षण कर 1,84,000 रुपये का मौके पर ही जुर्माना वसूला। विधिक मापविज्ञान अधिनियम के तहत की गई इस कार्रवाई में 28 फर्मों पर डिब्बाबंद वस्तुओं के लेबल नियमों के उल्लंघन तथा 53 फर्मों पर सत्यापन प्रमाण पत्र व मानक माप-तौल उपकरण नहीं पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किए गए। संबंधित फर्मों को मौके पर ही नोटिस जारी किए गए। यह अभियान 6 अगस्त से 8 अगस्त 2025 तक राज्यभर में चलेगा। विभाग के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को सही माप-तौल के लिए प्रेरित करना, उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी देना और उपभोक्ता हितों का संरक्षण करना है। विभाग ने स्पष्ट किया कि कोई भी सेवा या वस्तु जिसके लिए उपभोक्ता भुगतान करता है, उसकी गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता और माप सुनिश्चित करना उपभोक्ता का विधिक अधिकार है। यदि इन अधिकारों का उल्लंघन होता है, तो उपभोक्ता उपभोक्ता मामले विभाग में शिकायत दर्ज कर सकता है। शिकायत के लिए राज्य उपभोक्ता हैल्पलाइन नंबर 18001806030 और 14435 तथा व्हाट्सएप नंबर 7230086030 उपलब्ध हैं। यह हेल्पलाइन एयरलाइन, बैंकिंग, मेडिसिन, टेलिकॉम, इंश्योरेंस, फूड, पेट्रोलियम आदि क्षेत्रों से जुड़ी शिकायतों पर कार्यवाही करने के साथ-साथ परामर्श, सलाह व मार्गदर्शन भी देती है। उपभोक्ता विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी विभाग को तुरंत दें।

## अमित शाह के नेतृत्व में देश की सुरक्षा हुई सुदृढ़, भारत का बढ़ा गौरव- भागीरथ चौधरी

### सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले केंद्रीय गृह मंत्री बनने पर अजमेर सांसद ने दी शुभकामनाएं

जयपुर टाइम्स



**दिल्ली/जयपुर/अजमेर(कासं.)** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भारतीय इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गृह मंत्री (2258 दिन) बनने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इसे भारतीय शासन व्यवस्था के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण बताया। भागीरथ चौधरी ने कहा कि अमित शाह के दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व में भारत ने आंतरिक सुरक्षा, राष्ट्रीय एकता, सीमाओं की रक्षा और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, आतंकवाद-नक्सलवाद पर कठोर प्रहार, संवैधानिक ढांचे की रक्षा, सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा और राजभाषा हिंदी के प्रोत्साहन जैसे कार्य उनकी सशक्त सोच और राष्ट्र के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं। केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा कि अमित शाह का कार्यकाल "विकसित भारत" के निर्माण में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में निर्णायक सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के बाद देश को ऐसा गृह मंत्री मिला है, जिसने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कठोर और त्वरित निर्णय लिए और भारत को वैश्विक मंच पर गौरव प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल प्रशासनिक रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और राष्ट्रभक्ति से देश की दिशा और दशा बदली जा सकती है। भागीरथ चौधरी ने कहा कि अमित शाह की यह उपलब्धि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सुरक्षा और एकता के लिए एक सुनहरा अध्याय बन चुकी है।

## हर घर तिरंगा अभियान से गूंज उठा जयपुर, देशभक्ति के रंगों में रंगी दीवारें और दिल मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिले में हो रहे विविध कार्यक्रम, राजीविका स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा और जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जयपुर जिले में "हर घर तिरंगा" अभियान पूरे उत्साह और जोश के साथ मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार करना और स्वतंत्रता दिवस को एक जनआंदोलन के रूप में मनाना है। जिले के शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक तिरंगा रैली, वाल पेंटिंग, रंगोली, मण्डना, पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। सभी राजकीय विद्यालयों में तिरंगे की दीवार चित्रकारी, प्रभात फेरी और जल स्त्रोतों की सफाई जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में 6 से 8 अगस्त तक राजीविका जयपुर स्वयं सहायता समूह द्वारा स्टॉल लगाई गई है। इस स्टॉल में जोबनेर से बाजरे के बिस्किट, आमेर और चाकसू से बनी राखियां, कोटखावदा के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद जैसी ग्रामीण महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुएं प्रदर्शित की गईं, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस अवसर पर जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने स्टॉल का अवलोकन कर महिलाओं को आजीविका संवर्धन हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक अनुपमा सक्सेना एवं जिला प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। हर घर तिरंगा अभियान के तहत चल रहे इन कार्यक्रमों के माध्यम से जयपुर जिले में देशभक्ति, जनसहभागिता और स्वच्छता की भावना को व्यापक रूप से प्रोत्साहन मिल रहा है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स



## मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत महिलाएं सीखेंगी ड्राइविंग



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बुधवार को मरू उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत महिला अधिकारिता विभाग की ओर से महिलाओं को निशुल्क मोटर ड्राइविंग कोर्स करवाया जाएगा। प्रथम बैच का शुभारंभ जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर किया। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर ने महिलाओं को सशक्त और रोजगार से जुडने के नए आयाम में एक नई पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि झुंझुनू एक नया कदम और प्राप्त करेगा। इस दौरान विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला, आईसीडीएस के उपनिदेशक विजेंद्र सिंह, सहायक जनसंपर्क अधिकारी विकास चाहर, मंजू, लता, गोविंद सैनी, उषा कुल्हरी, रेखा जांगिड़, पूजा कस्वा भी उपस्थित रही। विभाग के उपनिदेशक न्योला ने बताया कि एरिक ग्रुप झुंझुनू की ओर से संचालित मारुति सुजुकी ड्राइविंग स्कूल ने महिला अधिकारिता विभाग के साथ अनुबंध किया है जिसमें 20 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## कासिमपुरा स्कूल में विद्यार्थियों को बैंक प्रबंधक ने किए बैग वितरित



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक उदयपुरवाटी की ओर से प्रबंधक संग्राम सिंह शेखावत ने सामाजिक जिम्मेदारी के तहत स्वतंत्रता सेनानी श्री रिछपाल राम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कासिमपुरा में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रेरक माया राठौड़ एवं संस्था प्रधान मुकेश कुमार ने बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति उत्साह और लगन में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि इस तरह की सामाजिक गतिविधियां न केवल बच्चों की जरूरतें पूरी करती हैं बल्कि शिक्षा के महत्व को भी मजबूत करती हैं। विद्यालय परिवार और ग्रामीण जनों ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से ग्रामीण शिक्षा स्तर में सुधार होगा।

## चूरू में छात्र नेता अभिषेक व महेंद्र चौधरी का अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्र नेता अभिषेक चौधरी व जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी के छात्र नेता महेंद्र चौधरी के चूरू आगमन पर बुधवार को सर्किट हाउस के पास कांग्रेस प्रदेश सचिव मुस्ताक खान के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान छात्र संघ चुनाव को लेकर चूरू जिले में एनएसयूआई के प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गई और आगे की रणनीति बनाई गई। इस दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव महेश ढूकिया, पुलकित चौधरी, यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विश्वास सांगवान, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र डूडी, जय प्रकाश फगेडिया, छात्र नेता फरमान खान, युवा नेता गुलजार खान, लतीफ खान सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएचसी भवन की चारदीवारी झुकी, हादसे की आशंका



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुगाला के बनाए गए नए भवन की चारदीवारी का जगह-जगह से प्लास्टर उड़ गया है और कई जगह से टेढ़ी भी हो गई है। किसान नेता सुभाष बुगालिया व ग्रामीणों ने बताया कि इस भवन का 2 अक्टूबर 2023 को पूर्व विधायक व चिकित्सा राज्य मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा ने उद्घाटन किया था। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इसमें घटिया किस्म की सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। तुरंत ही चारदीवारी की मरम्मत की जाए वरना कुछ ही दिनों में यह गिर सकती है। परिसर में बनाए गए चेम्बर भी बरसाती पानी के साथ मिट्टी से भर गए।

## राजस्थानी गीत, कविता, गजल की प्रस्तुतियों से साकार हुई लोक संस्कृति

### ओपन माइक शो में रचनाकारों व कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** टेलेंट्स विला चूरू की ओर से रविवार को घंटेल के पास त्रिनेत्र योग धाम में राजस्थानी थीम पर हुए ओपन माइक शो में रचनाकारों व कलाकारों ने राजस्थानी गीत, कविता, गजल की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर लोक संस्कृति को साकार कर दिया। सिर पर साफा और राजस्थानी वेशभूषा में सजे कलाकारों की प्रस्तुतियों पर महिलाओं ने लोक नृत्य की भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कविता, गजल, भजन, लोकगीत, स्टोरी टेलिंग और म्यूज़िक की प्रस्तुति दी गई। मोनिका पंवार ने राजस्थानी गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का आगाज किया। हास्य कवि आशीष गौतम आशु ने अपनी हास्य प्रस्तुतियों से उपस्थित जन को खूब गुदगुदाया। अनिता व मीना सीलू राजलदेसर ने लोकगीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अनूप सैनी बेबाक, अंकुशा बुंदेला, हेमंत, मोनिका चारण, राहुल जय, मनीष शर्मा, सुलोचना पटेल, निरुल शर्मा, सिराज, राजेंद्र सिंह देपालसर, शौर्य शर्मा, प्रशांत प्रजापत, लीलाधर कत्थक से प्रस्तुत गीतों पर उपस्थित श्रोता झूम उठे। भगवती पारीक श्रीडूंगरगढ़ व पूनम शर्मा चूरू ने राजस्थानी गीत व कविता की प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटौरी। संदीप जांगिड़, पिंटू शर्मा भारतीय व तरुण शर्मा ने हास्य प्रस्तुति देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। मुकेश कुमार मनमौजी, रोहिताश घायल, पूर्वाक्षी सैनी, रितेश प्रजापत, अन्नु, ओम भगतानी, विक्की बजाज, शीशराम जाखड़, प्रवीण दानोदिया सेहला, मनराज कांटीवाल मेघसर, पारुल शर्मा ने राजस्थानी कविता, गीत और गजलों की प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। नुरुल ने वाद्य यंत्र व भरत सैनी ने बांसुरी वादन के जरिए खूब वाहवाही लूटी। टेलेंट्स विला के संस्थापक प्रदीप कथक ने कहा ये सिर्फ एक मंच नहीं है, बल्कि रिश्तों और जड़ों से जुड़ने का एक जरिया है। इस तरह के कार्यक्रम के जरिए वरिष्ठ रचनाकारों के साथ नवोदित प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। योगाचार्य मनोज शर्मा ने भी राजस्थानी गीत के जरिए अपने भाव व्यक्त किए। बजरंग कथक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल रजन्यंश व भगवती पारीक ने किया। शिवराज न्यामा, ओमप्रकाश देवरा, शायर देवी ने टेलेंटस विला की ओर से कार्यक्रम के सहयोगी योगिनी आशा अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह, योगाचार्य मनोज शर्मा व विनीता शर्मा का स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान किया। इस मौके पर विशाखा, खुशी, आदित्य, हर्षित, नीलम, मयंक, ओजस्वी सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

## टायर से भरा ट्रोला पलटा, हादसा टला

**फतेहपुर(निस)।** कस्बे के फतेहपुर चुरू हाइवे पर बुधवार को एक टायरों से भरा ट्रोला पलटा गया। स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर बीकानेर बाईपास की तरफ से चूरू की ओर जा रहे ट्राले का हाईवे पर बने ओवर ब्रिज के पास ट्रोले का टायर फट गया जिसके बाद नियंत्रित होकर ट्रोला पलटा गया लेकिन गनीमत रही कि पलटी खाते समय आसपास लोग मौजूद नहीं थे। जिसके कारण एक बड़ा हादसा टल गया। ट्रोले के पलट जाने के बाद फतेहपुर से चूरू रास्ते जाने वाले वाहन चालकों को अपना रास्ता बदलकर अपनी मंजिल पार करनी पड़ी। लोगों ने पुलिस को ट्रोले पलट जाने की सूचना दी जिसके बाद क्रेन की मदद से ट्रोले को सड़क से अलग करके रास्ता दुबारा सुचारू किया गया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर**

क्रमांक- डी- 557-66 दिनांक- 29/07/2025

**निविदा सूचना संख्या- 12 / 2025-26 खण्ड तारानगर**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला - चूरू में महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत् सड़क किनारे वृक्षारोपण हेतु कुल 9 कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "ए" एवं "एए" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है ।

SPPP पर अपलोड NIB No. PWD252642300 के UBN No. निम्न प्रकार है-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD 2526WSOB08444 | 2 | PWD 2526WSOB08445 |
| 3 | PWD 2526WSOB08447 | 4 | PWD 2526WSOB08448 |
| 5 | PWD 2526WSOB08451 | 6 | PWD 2526WSOB08453 |
| 7 | PWD 2526WSOB08455 | 8 | PWD 2526WSOB08456 |
| 9 | PWD 2526WSOB08458 | | |

(विजय प्रताप कस्वा)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड तारानगर

DIPR/C/11009/2025


## छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर एनएसयूआई ने निकाली छात्र चेतना यात्रा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस छात्र इकाई एनएसयूआई अब सड़कों पर उतर आई है। छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर जेएनयू जोधपुर से शुरू हुई छात्र चेतना यात्रा बुधवार को चूरू पहुंची। यहां एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचने पर यात्रा का भव्य स्वागत किया और लोहिया कॉलेज तक छात्र चेतना यात्रा निकालकर आक्रोश व्यक्त किया। यात्रा में प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर एनएसयूआई के राजस्थान विष्व विद्यालय के छात्र नेता अभिषेक चौधरी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव राजनीति की पहली सीढ़ी है और यह चुनाव होंगे तभी छात्रों की आवाज सदन तक पहुंचेगी। महेंद्र चौधरी ने कहा कि जब तक छात्र अपने हक के लिए नहीं जागेगा, तब तक किसी का भला नहीं हो सकता। इस अवसर पर एनएसयूआई के पूर्व महासचिव पुलकित चौधरी ने कहा कि सरकार छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाकर युवाओं की आवाज को दबाना चाहती है। सोयल खान डीके ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार युवा विरोधी है। छात्र संघ चुनाव नहीं होंगे तो महाविद्यालयों में व्याप्त अव्यवस्थाओं के मुद्दों को कौन उठाएगा। यात्रा के लोहिया कॉलेज पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य को ज्ञापन भी दिया। इस अवसर पर निवर्तमान छात्र संघ अध्यक्ष अनिल भाकर, छात्र प्रतिनिधि अमन चौधरी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनिता कपूरिया, छात्र नेता सूफियान झारिया, छात्र नेता राहुल कुमार, मोहित खान, अनिल भाकर, राकेश कस्वां, राकेश सिरसली, रोहन वैष्णव, अनिल कस्वां, अमित मेहरा, नरेंद्र मेहरा, लतिफ खान, आदिल गौरी, सोयल खान, अजीत आचार्य, रहीम खान, कार्तिक स्वामी, चिराग, करणीदान चारणवासी, अजीत सिंह, अजय चौधरी, गोविंद शर्मा, देवेंद्र खीचड़, मोनू पंडित, कपिल, शिव, पवन फोगावट, कुलदीप, अक्षय, अमन पूनिया, मोनू राजगढ़, राहुल सैनी, भारती, कोमल, केसर, मुस्कान आदि उपस्थित रहे।

## *निशुल्क नेत्र चिकित्सा में 85 रोगियों की जांच*

***फतेहपुर(निस)।*** *श्री लक्ष्मी नाथ लायंस क्लब की ओर से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन कस्बे के ग़रीब नवाज़ तेलियान वेल फेयर सोसायटी के हज्जन हाजरा मेमोरियल मैरिज हाल में आयोजित किया गया। क्लब सचिव लायन ओ.पी.जाखड़ ने बताया कि शिविर मे शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के डॉक्टर्स व उनकी टीम की ओर से 85 रोगियों की जांच की गई। शिविर में 30 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। पूर्व केम्प में ऑपरेशन हुए 32 रोगियों के आंखों की पुनःजांच कर चश्मा वितरण किया गया। चयनित रोगियों को एयर कंडिशनर बस से जयपुर शंकरा आई हॉस्पिटल ले जाया गया जहां पर उनका ऑपरेशन किया जाएगा। ऑपरेशन के बाद एयर कंडीशन बस से ही वापस फतेहपुर छोड़ा जाएगा*


**FFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH**

NO:-1022-1030 Date:- 25/07/25

**Notice Inviting Bid No 12/2025-26**

Bids for 3 (Three Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 08.08.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal- http://eproc.rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 44.13 Lacs
NIB No.- PWD2526A2236
UBN No :-
1. PWD 2526 WSOB 08125
1. PWD 2526 WSOB 08126
1. PWD 2526 WSOB 08127

**Executive Engineer**
**PWD Dn. Ratangarh**

DIPR/C/10921/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)**

क्रमांक- 993-1002 दिनांक- 25.07.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या- 04/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील राजगढ जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू.ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp:// eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. PWD2526A2240

| W.No. | UBN No. | W.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD 2526WSOB08132 | 2 | PWD 2526WSOB08133 |
| 3 | PWD 2526WSOB08134 | 4 | PWD 2526WSOB08135 |
| 5 | PWD 2526WSOB08136 | 6 | PWD 2526WSOB08137 |
| 7 | PWD 2526WSOB08138 | 8 | PWD 2526WSOB08139 |
| 9 | PWD 2526WSOB08140 | 10 | PWD 2526WSOB08141 |
| 11 | PWD 2526WSOB08142 | | |

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)

DIPR/C/10908/2025


## मूंडरू नरेश की पदयात्रा में श्याम के जयकारों से गूंजा आसमां



### त्रिवेणी धाम से मूंडरू श्याम मंदिर तक निकली पदयात्रा

जयपुर टाइम्स

**श्रीमाधोपुर(निस)।** श्रद्धा की बहती बयार, रंग गुलाल उडाता भक्तों का रैला, आसमान से होती पुष्प वर्षा, हाथों में केसरिया निशान, हर जुबां पर श्याम का जयकारा। ऐसा ही कुछ नजारा बुधवार को मूंडरू के श्याम नरेश की पदयात्रा में था। हीरे-मोतियों से जड़ी रंग-बिरंगी पोशाक, सिर पर केसरिया पगड़ी पहनकर बाबा श्याम रथ पर सवार होकर जब त्रिवेणी धाम से रवाना हुए तो हर एक श्याम भक्त पलक पांवडे बिछाए हुए उनके स्वागत में तैयार खडे रहे। द्वादशी पर सुबह सवा दस बजे रथ पर सवार बाबा श्याम की शोभायात्रा गाजे–बाजे के साथ त्रिवेणी धाम से रवाना हुई। त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास महाराज के सानिध्य में पंडितों ने पूजा अर्चना कराकर बाबा की रथ यात्रा को रवाना किया गया। रथ यात्रा में शोभायात्रा के आगे सैकडों श्याम भक्त रंग गुलाल उडाते नाचते हुए चल रहे थे। त्रिवेणी धाम से मूंडरू तक श्याम बाबा के जयकारों से गुंजायमान हो रहा था। रथ यात्रा के दौरान श्याम भक्तों की भारी भीड उमड पड़ी। पदयात्रा में श्याम नाम का जप व स्मरण तो कोई भजन- कीर्तन से बाबा को रिझा रहा था। भक्ति भाव से रोशन कर रहा है। तन थकान से चूर था लेकिन मन में नई नई उमंग थी। श्याम भक्तों की सेवा में जगह जगह जलपान व अल्पाहार की व्यवस्था की गई। शाम को रथ यात्रा श्याम मंदिर पहुंची। जहां पुजारी रामस्वरूप स्वामी ने महाआरती की। श्याम भक्तों ने बाबा को निशान अर्पित कर मन्नते मांगी। मंदिर में श्याम विकास समिति की ओर से श्याम भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया । भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान श्याम विकास समिति के संरक्षक भवानी सिंह, अध्यक्ष जगदीश सुजाका, कोषाध्यक्ष सोहन राधुका, पूर्व कोषाध्यक्ष मातादीन सुजाका, सचिव विजेंद्र सिंह, राजू बोहरा, नरसी सिंह सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांक- न.पा.रा. / 2025-26/6200 दिनांक- 5/8/2025

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आंवटन ) नियम 2012 के तहत भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार राजस्थान नगरपलिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावली के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अंदर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री जुनेद पुत्र श्री अब्दुल गनी खत्री | वार्ड नं. 29 | 278.70 वर्ग मीटर | 69-क |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.रा. / 2025-26/6168 दिनांक- 4/8/2025

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन ) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यार्पित के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन हेतु पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं0 | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री दिनेश कुमार पारीक एवं पवन कुमार पारीक पुत्रगण श्री मनशाराम जाति ब्राह्मण | वार्ड नं. 10 राजलदेसर | 428.06 वर्ग मीटर | 1335 | कृषि से आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

# किसानों को दो माह के भीतर मिलेगा मुआवजा, वार्ता में बनी सहमति

**खेतों में गुजर रही हाई टेंशन लाइन को लेकर धरना प्रदर्शन**

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस.)।** भानीपुरा तहसील के बिल्यू गांव में 440 केवी हाइटेंशन लाइन 2013 में किसानों के खेतों के बीच से डाली गई थी। उस समय कंपनी ने मुआवजा देने का वादा किया था। लेकिन कंपनी ने किसानों के साथ धोखा किया है। बिल्यू गांव में किसान सभा के नेतृत्व में काफी दिनों आंदोलन पर थे। मंगलवार को किसानों और पुलिस के बीच टकराव ओर आमने सामने की जंग जैसे हालात पैदा होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। पुलिस ओर पूरा प्रशासन पूरे दिन खेतों में अपना पूरा अमला लेकर किसानों से वार्ता करने आया था। किसान सभा के नेतृत्व में किसानों ने डटकर मुकाबला किया। जिससे पुलिस और पूरे महकमे को वार्ता में सहमति नहीं बनने पर वापस खाली हाथ लौटना पड़ा। बुधवार को एसडीएम कार्यालय में एसडीएम



डॉ दिव्या चौधरी के साथ किसान प्रतिनिधियों की वार्ता हुई। जिसमें किसान सभा की और से कॉमरेड रामकृष्ण छींपा, जिला मंत्री उमरावसिंह, तहसील अध्यक्ष भगवानराम जाखड़, सांवरमल मेघवाल, रामकरण भांभू सहित गांव के किसान मौजूद रहे। वार्ता में एसडीएम सरदारशहर, तहसीलदार भानीपुरा, बिजली विभाग के आला अधिकारी व टावर कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई। वार्ता में वर्तमान में तार खिंचाई के काम से फसल, खेजड़ी, मकान, पानी की कुंड सहित अन्य नुकसान की भरपाई का मुआवजा दो महीनों के अंदर किसानों के खातों में आने पर सहमति बनी। बिजली के टावर के नीचे जमीन का मुआवजा जो कि 2013 में सरकार का कोई ऐसा नियम उस समय नहीं था।

आंदोलन के दबाव से एसडीएम एक प्रस्ताव बनाकर भूमि अधिग्रहण का मुआवजा वर्तमान मुआवजे सरकार के सर्कुलर के मुताबिक किसानों को मिले प्रस्ताव जिला कलेक्टर चूरू को भेजेगी। जिला कलेक्टर उसको राज्य सरकार के पास क्लेम में शामिल करने हेतु भेजेंगे।

कॉमरेड रामकृष्ण छींपा ने बताया कि ये किसानों की जीत है। आंदोलन के दबाव से भूमि के मुआवजे पुराने लाइन गुजरी है। उसको वर्तमान मुआवजे में शामिल करने को लेकर जिला कलेक्टर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजेंगे। छींपा ने बताया कि अभी एक बड़ी लाइन 765 केवी की किसानों के खेतों से गुजर रही हैं। उसका काम चालू है। इसको लेकर किसान जागरूक होकर काम शुरू होने से पहले मुआवजा लें। सरकार का नियम है अगर कंपनी नहीं माने तो काम को रोके और जब तक मुआवजा नहीं मिलता कार्य शुरू नहीं करने दे।

# केकेसी कॉलेज की छात्रा बनी गोल्ड मेडलिस्ट

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के केकेसी पीजी कॉलेज की मेधावी छात्रा शालू सूथार ने महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की ओर से जारी गोल्ड मेडल वरीयता सूची 2024 में स्थान प्राप्त कर पूरे कॉलेज व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। शालू सूथार ने एम एससी कम्प्यूटर साइंस सत्र 2022-24 में उत्तीर्ण होकर विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इस प्रतिष्ठित सूची में स्थान पाया। विश्वविद्यालय हर वर्ष विभिन्न विषयों में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की गोल्ड मेडल मेरिट सूची जारी करता है। विभागाध्यक्ष महबूब अली चौहान ने बताया कि शालू सुथार की यह सफलता उसकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और तकनीकी शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतिफल है। विभाग की सबसे प्रेरणादायी छात्राओं में रही हैं और उनकी यह उपलब्धि आने वाले छात्रों के लिए एक प्रेरक आदर्श बनेगी। प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहान ने भी छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शालू सुथार की यह उपलब्धि पूरे कॉलेज परिवार के लिए सम्मान की बात है। कॉलेज के निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने कहा कि केकेसी कॉलेज जिले में तकनीकी शिक्षा का सबसे बड़ा और अग्रणी संस्थान है। शालू जैसी छात्राएं हमारे संस्थान की उत्कृष्टता का प्रमाण हैं। हम विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी ज्ञान, बल्कि जीवन मूल्यों और नेतृत्व क्षमता से भी समृद्ध करते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय व्याख्याता पुनीत वर्मा, राजकुमार सोनी, रजत कुमार, सुरेंद्र कुमार, देवीलाल सहित समस्त स्टाफ ने छात्रा को इस उपलब्धि के लिए बधाइयां प्रेषित की।

# मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। सीआई बेगाराम मीणा ने बताया कि 26 मार्च को अजय सिंह राजपूत निवासी सुजानगढ़ ने मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी अरसद अली पुत्र मो. अली सिलावट उम्र 23 साल निवासी तेली रोड़, लाडनूं को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरीशुदा मोटरसाइकिल पुलिस ने जप्त की है। आरोपी से अन्य चोरियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपी अरसद अली को गिरफतार करने वाली टीम में सीआई बेगाराम मीणा, एएसआई तेजाराम, हैड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद, कांस्टेबल राजकुमार शामिल रहे।

# प्रतियोगिताओं के विजेता को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नया बास स्थित दयानंद विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के कौशल विकास को मध्यनजर रखते हुए अनेक रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान मनोज मित्तल ने बताया कि हिंदी व अंग्रेजी भाषा में भाषण प्रतियोगिता व कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में गोरी, जिज्ञासा, तनीषा, वेदांत, हर्षिता, वैभव, वंदना, एकता, पलविशा, ईलेश, सना, आलिया, संध्या, नव्या व अर्पिता विजेता रहे। विजेताओं को सम्मानित भी किया गया।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर विचार विमर्श



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में नई शिक्षा नीति 2020 पर व्याख्यान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता लोहिया महाविद्यालय चूरू के प्रोफेसर महेंद्र खारडिया रहे। उन्होंने नई शिक्षा नीति से होने वाले बदलाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और विकसित भारत के निर्माण के लिए इसकी महती भूमिका को रेखांकित किया। लोहिया महाविद्यालय के प्रो अजय कुमार व एसबीडी राजकीय महाविद्यालय के भवानी शंकर, कमलेश जोशी व सिद्धि गुप्ता ने भी इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने आगंतुकों का स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी अतिथियों के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय संकाय सदस्य व छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ गजेंद्र दान चारण ने किया।

# राजेंद्र नायक ने किया बगड़िया अस्पताल का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अनुसूचित जाति वित आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र नायक ने सुजानगढ़ के राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयोग अध्यक्ष ने अस्पताल में भर्ती मरीजों व पर्ची काउंटर पर खड़े लोगों से अस्पताल की सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं और स्टाफ के व्यवहार की जानकारी ली। पीएमओ डॉ पुरूषोतम करवा ने अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। पीएमओ ने सरकार से अस्पताल में बैक अप के लिए नई एक्स रे मशीन स्वीकृत करवाने की मांग की। इस दौरान पीएमओ ने अस्पताल में किए जा रहे नवाचारों के साथ तैयार हो रहे डायलिसिस सेंटर के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता नरेंद्र गुर्जर, युवाम मोर्चा अध्यक्ष अमित मौसूण, विश्वदीपक काछवाल ने अस्पताल लंबे समय से रिक्त चल रहे सोनोलॉजिस्ट के पद पर चिकित्सक लगाने की मांग की। दूसरी ओर डॉ. सुरेश कालानी की ओर से चिकित्सकीय आवास खाली नहीं करने की बात भी भाजपा नेताओं ने राजेंद्र कुमार नायक को बताई। जिस पर पीएमओ ने बताया कि इसके लिए नियमों के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान नर्सिंग अधीक्षक बजरंगलाल वर्मा, अन्नाराम, कमलेश मंडावरिया आदि भी मौजूद रहे।

# एबीवीपी ने किया 330 प्रतिभाओं का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई की ओर से आर के गार्डन में आयोजित काली बाई भील प्रतिभा सम्मान समारोह में 330 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। अनुसूचित जाति वित आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र नायक की उपस्थिति व जिला प्रमुख वंदना आर्य के आतिथ्य में आयोजित समारोह में एबीवीपी के प्रांत सह मंत्री शुभेन्द्र सिंह निर्वाण, पवन मौसूण, पुटिया राजा, वासुदेव चावला, रमा शेखावत मंचासीन रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समारोह में प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र नायक ने पंच परिवर्तन की जानकारी देते हुए कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करने से वे आगे बढ़ती हैं और अन्य विद्यार्थियों को भी निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित करती है। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को समय का सदुपयोग करते हुए अपने सपने पूरे करने के लिए मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। जिला संयोजक जय सिंह राठौड ने भी विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य नौरंगलाल सीलू, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, पवन सोनी, प्रकाश भार्गव, एडवोकेट मनीष दाधीच, पार्षद दीनदयाल पारीक, पुरुषोतम शर्मा, गौरव इंदौरिया, हरिओम खोड़, राजेश सुंदरिया, शिव शंकर शर्मा, विकास शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, नरेन्द्र गुर्जर, मोहित बोचीवाल, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम सुंदर स्वर्णकार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# चेक अनादरण के मामले में आरोपी दोषमुक्त

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीपसिंह की अदालत ने चेक अनादरण के एक मामले में निर्णय पारित करते हुए तारानगर के कस्बे के गाँव रेवासी निवासी ताराचंद पुत्र जसूराम को दोष मुक्त कर चेक रिटर्न मेमो के साथ छेड़छाड़ करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं। परिवादी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता योगेश जैन ने बताया कि परिवादी तारानगर के दिनेश कुमार पुत्र लखनराम की ओर से ताराचंद के विरुद्ध चैक अनादरण का मामला दर्ज करवाया था। दोनों पक्षों की साक्ष्य के उपरांत न्यायालय की ओर से ताराचंद को दोष मुक्त किया गया है। यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अदालत ने इस मामले में चेक रिटर्न मेमो के साथ छेड़छाड़ करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं बचाव पक्ष ने अदालत में यह तर्क दिया कि परिवादी से आरोपी ने कोई ऋण नहीं लिया परिवादी ने चैक का दुरुपयोग कर मामला पेश किया। चैक रिटर्न मेमो के साथ छेड़छाड़ की गई है। अदालत ने साक्ष्य और गवाहों के बयानों को ध्यान से सुना। अदालत ने यह पाया कि परिवादी एक वैध ऋण के अस्तित्व को साबित करने में असफल रहा है परिवादी ने न तो ऋण देने की कोई तारीख माह व वर्ष बताया और ना ही यह बताया कि उसने कितनी मूल राशि ऋण के रूप में दी। इसके अलावा अदालत ने इस बात पर भी ध्यान दिया कि परिवादी ने खुद यह स्वीकार किया है कि वह पैसे ब्याज पर देने का काम नहीं करता है, उसका मनी लॉन्ड्रिंग का लाइसेंस नहीं बना हुआ। उसे राशि दिए जाने का समय याद नहीं है। इसके अतिरिक्त अदालत ने परिवादी की ओर से प्रस्तुत चैक रिटर्न मैमो व चैक रिटर्न रजिस्टर में काट छांट की गई होने से भी प्रकरण को विश्वसनीय नहीं माना अदालत ने अपने फैसले में परिवादी की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य में भी कई विसंगतियां पाई इसलिए अदालत ने अभियुक्त को बरी कर दिया व चेक रिटर्न मैमो व चेक रिटर्न रजिस्टर ?में चैक के अनादरण की दिनांक के साथ काट छांट करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं ताराचंद की ओर से पैरवी अधिवक्ता योगेश चंद जैन ने की।

# साधारण सभा की बैठक में पानी, बिजली, सड़क विभाग पर जमकर बरसे जनप्रतिनिधि

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के पंचायत समिति सभागार में बुधवार को प्रधान निर्मला राजपुरोहित की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र की बिजली, पानी, शिक्षा, सड़क, चिकित्सा समेत अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान रेवेन्यू विभाग, बिजली विभाग, पीएचडी विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग पर सही कार्य नहीं करने का आरोप लगाया।

**भानीपुरा तहसीलदार पर लगाया श्मशान भूमि की जमीन को खुर्द-बुर्द करने का आरोप**

जिला परिषद सदस्य श्योकरण पोटलिया ने भानीपुरा तहसीलदार पर रणसीसर गांव की श्मशान भूमि पर कब्जा करवाने का आरोप लगाया। पोटलिया कहा कि तहसीलदार ने सरपंच, पंचायत समिति सदस्य व गांव के लोगों को दरकिनार कर श्मशान भूमि के बाहर पटिया लगा दी। सभागार में मौजूद सभी सदस्यों ने भानीपुरा तहसीलदार के विरुद्ध जांच की मांग की है। पंचायत समिति सदस्य श्यामलाल शर्मा ने सरदारशहर उपखंड क्षेत्र की 9 ग्राम पंचायत जो तारानगर विधानसभा में आती है उनसे जुड़े मुद्दे उठाए। श्यामलाल शर्मा ने कहा कि उन पंचायत के समाधान के लिए तारानगर से पीडब्ल्यूडी, पीएचडी, आपणी योजना के अधिकारियों को भी साधारण सभा में बुलाना चाहिए ताकि उन 9 ग्राम पंचायत की समस्याओं का समाधान हो सके। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों की स्थिति बहुत खराब है। गांव की हर सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। इसके बाद भी सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। सदस्यों ने कहा कि बैठक में समस्याओं का मुद्दा उठाते रहते हैं। लेकिन कोई समाधान नहीं होता है। इस दौरान अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में विकास अधिकारी सहित जिला परिषद सदस्य श्योकरण पोटलिया, गिरधारी लाल पारीक, पंचायत समिति सदस्य श्यामलाल शर्मा, अजीज खान, बृजलाल ढाका, राज्यवर्धन सिंह, मामराज, रतीराम, गोपीराम सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गौ संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनू(निस)।** राणी सती रोड स्थित गौ सवंर्धन संस्थान झुंझुनू कार्यालय में गौ संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वैद्य दीपक शर्मा ने गौ पंचगव्य का महत्व बताया और साथ में पंचगव्य से असाध्य रोगों के उपचार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे उपायों से बड़े बड़े रोगो को समाप्त किया जा सकता है। इसके बाद विभाग प्रचारक मुकेश ने गौ माता से मिलने वाले सम्पूर्ण स्वास्थ्य लाभ बताए। इसके साथ में उन्होंने बताया कि गौ माता केवल आस्था का विषय नहीं, अपितु स्वास्थ्य, समृद्धि व संपूर्ण जीवनचक्र की आधारशिला हैं। भारतवर्ष की संस्कृति में गाय का स्थान सर्वोपरि रहा है। हमारे शास्त्रों, आयुर्वेद और गुरुकुल परंपरा में गाय केवल एक पालतू पशु नहीं बल्कि एक जीवित औषधालय के रूप में पूजनीय रही है। आज जब आधुनिक चिकित्सा पद्धति सीमाओं से जूझ रही है। अन्य वक्ता साध्वी राज राजेश्वरी बाईसा और विजयेंद्र वेदालकार ने पर्यावरण और गौ माता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष प्रवीण स्वामी, अमर सिंह बाकोलिया, सुरेंद्र बंशीवाल, ज्योतिप्रकाश शर्मा, संजय मोरवाल, प्रमोद जानू, गजेंद्र शाह, सुनील प्रधान, कपिल सोनी, गणेश सोनी, जितेंद्र यादव, विजय डारा, विजय सैनी, ताराचंद सैनी हलवाई, राकेश टेकड़ीवाल, वेदप्रकाश महनसरिया, धीरज हिसारिया, राकेश सहल, विजेंद्र हटवाल, सुशील कुमावत, अजित जखोड़ा, शम्भू नेहरा, अनिल ढाका, सुनील ढाका, पंकज टेलर, आकाश गौड़ समसपुरिया, दीपक महनसरिया, राजेश नायक, ज्ञानप्रकाश कटारिया, पवन सैनी, चन्दगी राम, विक्रम टांक, जयप्रकाश चौधरी, उमाशंकर महमिया, योगेंद्र सैनी, पशुपति गौ रक्षा दल, बिसाऊ गौ रक्षा दल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नेतभोमिया मंदिर में भजनों की प्रस्तुतियां दी

जयपुर टाइम्स

झुंझुनू(निस)। समाजसेवी मेवासिंह बोला की ओर से निकाली जा रही संस्कृति चेतना यात्रा के तहत बुधवार को नेत भोमिया मंदिर में भजनों का कार्यक्रम हुआ। अलीपुर के सुरेश आर्य, प्रवीण, प्रद्युम्न, गुगनराम व पार्टी ने धार्मिक भजनो की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान पुजारी जोगेंद्र माहिच, विजय कुमार जांगिड़, अमीलाल बुगालिया, अंकित बुगालिया, दीपचंद चूड़ी, सन्तराम माहिच, रामस्वरूप केडिया, अरविंद झाझडिया आदि मौजूद रहे।

# बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति की बैठक, आंदोलन का निर्णय

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** सूचना केंद्र झुंझुनू में बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति को मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता वयोवृद्ध किसान नेता फूलचंद ढेवा ने की। मीटिंग का संचालन एडवोकेट फूलचंद बर्बर ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि किसी भी कीमत पर स्मार्ट मीटर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर 17 अगस्त को अंबेडकर पार्क झुंझुनू में स्मार्ट मीटर के खिलाफ़ एक कन्वेंशन किया जाएगा। इस कन्वेंशन में जिले के तमाम जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बिजली उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस कन्वेंशन में स्मार्ट मीटर के खिलाफ़ व्यापक रणनीति बनाकर एक बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा। इस अवसर पर तहसील वाइज ज़िम्मेदारिया तय कर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। मीटिंग में सुल्ताना में गरीबों पर बिजली निगम की ओर से दर्ज मुक़दमा वापस लिया जाए, अन्यथा आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। बैठक में जैसलमेर जिले में स्मार्ट मीटर जबरन लगाने के लिए राजस्थान सरकार की ओर से पुलिस मुहैया करवा कर जोर जबरदस्ती करने की कड़ी आलोचना की। आगामी 20 अगस्त के जिला बंद का भी बैठक में समर्थन किया। मीटिंग में रामचन्द्र कुलहरि, राजेश बिजारनीया, बिलाल कुरैशी, राजेंद्र फौजी, सुरेश महला, कॉमरेड शीशराम, कैप्टेन मोहनलाल, सहीराम जाखड़, एड. बजरंगलाल, पोकरमल झाझडिया, प्रदीप चंदेल, करणी राम, मनफूल सिंह, रामविलास मूंड, सहदेव कसवा, रामविलास मुंड और महिपाल पूनिया ने विचार रखे।

## रतनगढ़ में 1100 कमल पुष्पों से भगवान शिव का अभिषेक

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** सावन के पवित्र महीने में क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के साथ रतनगढ़ के गणेश दरबार में एक विशेष पूजा का आयोजन किया गया। राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष मनीष रिणवा ने प्रदोष के अवसर पर भगवान शिव का 1100 कमल पुष्पों से अभिषेक किया।इस दौरान, रिणवा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव के 1100 नामों का जाप किया और एक-एक करके कमल के फूल अर्पित किए। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिन्होंने भगवान शिव से क्षेत्र की खुशहाली और शांति के लिए प्रार्थना की।यह आयोजन सावन माह के धार्मिक महत्व को दर्शाता है, जिसमें भगवान शिव की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व होता है। मनीष रिणवा ने बताया कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मकता और एकता की भावना को बढ़ाते हैं।

## रींगस में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष गोदारा का किया स्वागत




जयपुर टाइम्स

**रींगस(निस)।** एनएच 52 स्थित भैरुजी मोड़ पर जयपुर से बीकानेर जा रहे एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हरिराम गोदारा का एसके कॉलेज सीकर के पूर्व महासचिव नरेंद्र कुमावत के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बीकानेर जिले के एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हरिराम गोदारा को माला पहनाकर और साफा बंधवाकर भव्य स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष गोदारा ने कहा कि छात्र संगठन एनएसयूआई सदैव छात्रसंघ चुनाव करवाने के पक्ष में रही है कोरोना काल के दौरान छात्र संघ चुनावों को स्थगित कर दिया गया था लेकिन प्रदेश में गहलोत सरकार की ओर से फिर से छात्रसंघ चुनाव संपन्न करवाए गए। वर्तमान सरकार को आगाह करते हैं कि जल्द युवाओं के हितों में फैसला लेकर छात्रसंघ चुनाव करवाने की घोषणा करें अन्यथा प्रदेश भर में उग्र आंदोलन किए जाएंगे। गौरतलब है कि जयपुर में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई की ओर से सीएम आवास को घेरने की कोशिश की गई थी। जिसमें पुलिस की ओर से वाटर कैनन चलाकर, लाठी चार्ज करके और युवाओं की गिरफ्तारी करके आंदोलन को दबाने की कोशिश की गई। इस दौरान पार्षद लोकेश कुमावत, रोशन कुमावत, रोहित, विकास रोज, विशाल कुमावत, जितेन्द्र, राजकुमार घोड़ेला, हितेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निस)।** सुलियावास में बुधवार को आरोह फाउंडेशन व राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा दांता के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक सीकर से जगदीश भाटी और एलडीएम ऑफिस सीकर से रामस्वरूप की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक प्रबंधक राजश्री शर्मा व आरोह फाउंडेशन एफसी अन्नू खीचड़ की ओर से किया गया। जिन्होंने शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, खाता खोलना, साइबर क्राइम 1930 के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को बताया। उपस्थित ग्रामीणों को वित्तीय समावेशन बचत और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। बैंक से सहायक प्रबंधक राजश्री शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा योजना के बारे में साइबर क्राइम के बारे में व बैंक की ऋण, बीमा योजनाओं व जमा योजना के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। शिविर में राजपाल सिंह और कमल कान्त बैंक से बी सी एजेंट भी उपस्थित रहे। कैंप में कुल 28 आर ई केवाईसी व 22 एसबीवाई और 21 एसबीजेजेबीवाई की गई। शिविर के अंत में सहायक प्रबंधक राजश्री शर्मा ने सबका आभार जताया। कार्यक्रम के पश्चात 'हरित राजस्थान अभियान' के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों व अतिथियों की ओर से सामूहिक पौधारोपण किया गया।

## चार दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता आज से

**मण्डावा(निस)।** मंडावा के लुमास ग्राम में गोगाजी महाराज के पावन पर्व पर 41 वीं चार दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार से आयोजित हो रही है। 41 वी फुटबॉल प्रतियोगिता करवाने के लिए सावर मल गोदारा की अध्यक्षता में खेल मैदान में मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में नवयुवक मंडल के सदस्य संजय शर्मा, सुरेंद्र गोदारा, अरविंद सिंह शेखावत, अजीत सिंह शेखावत, विकाश गोदारा, सुनील सिंह शेखावत, रविन्द्र सिंह शेखावत, श्रवण साईं, ललित शेखावत, उत्तम सिंह, हिरेंद्र सिंह शेखावत, परवीन साईं, राजेश साईं, राहुल बुगालिया, बाबूसिंह, श्रवण सिंह शेखावत, रणजीत शेखावत आदि मीटिंग में उपस्थित रहे। इस मीटिंग में सदस्यों की ओर से 41चार दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता में विजेता टीम को 31000 हजार रूपए व ट्रॉफी, उप विजेता टीम को 15000 हजार रूपए व ट्रॉफी दी जाएगी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक के निधन पर दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक, पूर्व जिला प्रचारक और पाथेय कण जागरण पत्रिका के संरक्षक श्रद्धेय माणकचंद का देहावसान 30 जुलाई को हो गया। उनका जन्म 2 नवम्बर 1942 को हुआ था और वह वर्ष 1966 से प्रचारक जीवन में सक्रिय रहे। पाथेय कण के पुरोधा के रूप में संघ विचारों के प्रचार-प्रसार में लगातार सक्रिय रहे। उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर जीनगर भवन में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में माणकचंद के चूरू जिला प्रचारक रहते हुए उनके समय के स्वयंसेवकों ने उनके साथ के संस्मरणों, कार्य विस्तार और सम्पर्क को याद कर उन्हें भावांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने श्रद्धेय मानकचंद के जीवन और उनके कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि सादगी, तप, सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे। प्रचारक जीवन को उन्होंने पूर्ण निष्ठा और अनुशासन से निभाया। पाथेय कण के माध्यम से वैचारिक जागरण के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। सभा में जिला संघचालक डॉ बनवारीलाल शर्मा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, जिला कार्यवाहक संतोष शर्मा, विद्या भारती समिति चूरू के उपाध्यक्ष सुबोध सेठिया, वरिष्ठ स्वयंसेवक सुखाराम पारीक, रामलाल राव, ओमप्रकाश माली, विहिप जिला मंत्री रोहिताश सोनी, एबीवीपी नगर अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, विप्र फाउंडेशन के महेंद्र शर्मा सहित संघ के स्वयंसेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नगर के नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा का समापन श्रद्धा के पुष्प अर्पित करते हुए शांतिपाठ के साथ किया गया।

# चेक अनादरण के मामले में आरोपी दोषमुक्त

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीपसिंह की अदालत ने चेक अनादरण के एक मामले में निर्णय पारित करते हुए तारानगर के कस्बे के गाँव रेवासी निवासी ताराचंद पुत्र जसूराम को दोष मुक्त कर चेक रिटर्न मेमो के साथ छेड़छाड़ करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं। अधिवक्ता योगेश जैन ने बताया कि परिवादी तारानगर के दिनेश कुमार पुत्र लखनराम की ओर से ताराचंद के विरुद्ध चैक अनादरण का मामला दर्ज करवाया था। दोनों पक्षों की साक्ष्य के उपरांत न्यायालय की ओर से ताराचंद को दोष मुक्त किया गया है। यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अदालत ने इस मामले में चेक रिटर्न मेमो के साथ छेड़छाड़ करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। बचाव पक्ष ने अदालत में यह तर्क दिया कि परिवादी से आरोपी ने कोई ऋण नहीं लिया। परिवादी ने चैक का दुरुपयोग कर मामला पेश किया। चैक रिटर्न मेमो के साथ छेड़छाड़ की गई है। अदालत ने साक्ष्य और गवाहों के बयानों को ध्यान से सुना। अदालत ने यह पाया कि परिवादी एक वैध ऋण के अस्तित्व को साबित करने में असफल रहा है। परिवादी ने न तो ऋण देने की कोई तारीख माह व वर्ष बताया और ना ही यह बताया कि उसने कितनी मूल राशि ऋण के रूप में दी। इसके अलावा अदालत ने इस बात पर भी ध्यान दिया कि परिवादी ने खुद यह स्वीकार किया है कि वह पैसे ब्याज पर देने का काम नहीं करता तथा उसका मनी लॉन्ड्रिंग का लाइसेंस नहीं बना हुआ तथा उसे राशि दिए जाने का समय याद नहीं है। इसके अतिरिक्त अदालत ने परिवादी की ओर से प्रस्तुत चैक रिटर्न मैमो व चैक रिटर्न रजिस्टर में काट छांट की गई होने से भी प्रकरण को विश्वसनीय नहीं माना। अदालत ने अपने फैसले में परिवादी की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य में भी कई विसंगतियां पाई, इसलिए अदालत ने अभियुक्त को बरी कर दिया व चेक रिटर्न मैमो व चेक रिटर्न रजिस्टर में चैक के अनादरण की दिनांक के साथ काट छांट करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं ताराचंद की ओर से पैरवी अधिवक्ता योगेश चंद जैन ने की।

## सड़क हादसे में तीन लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गत रात्रि को हनुमानगढ़ किशनगढ़ मेगा हाईवे पर गुलेरिया से देवानी की ओर दो मोटरसाइकिलो की जबरदस्त भिड़ंत में 3 युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया, गणेश सैनी, विक्रम चायल, मनोज प्रजापत आदि मौके पर पहुंचे और तीनो गंभीर घायलों को सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल पहुँचाया। कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल भँवरलाल भी पहुंचे और मामले की जानकारी ली। घायल युवकों समंदर, जेठू सिंह, निवासी गुलेरिया, रामकिशन, निवासी बेनाथा का उपचार किया गया।

## भाजपा ने शुरू किया पौधारोपण अभियान


जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा राजस्थान ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान की शुरुआत की। मण्डावा में बुधवार को इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी के नेतृत्व में मंडल के विभिन्न बूथों पर 101 पौधों का रोपण किया गया। कार्यकर्ताओं और आमजन ने मिलकर इस अभियान में हिस्सा लिया। मोहनलाल सैनी ने कहा कि वृक्ष जीवनदायी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। उन्होंने इस अभियान को मां के प्रति श्रद्धा और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का माध्यम बताया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाई। भाजपा नेताओं ने बताया कि कार्यक्रम में सामूहिक पौधरोपण किया गया। लोगों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एसएन इन्दोरिया, एसएन शर्मा, संजय मील, सचिन चेजारा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।

ग्रामीणों की सुगम हुई राह

# 15 वर्षों से बंद चीपलाटा-लादिया आम रास्ते से हटाया अतिक्रमण

जयपुर टाइम्स




**थोई(निस)।** चीपलाटा से लादिया जाने वाला 15 वर्ष से बंद रास्ता अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में राजस्व टीम की ओर से बुधवार को पटवार मंडल चीपलाटा के राजस्व ग्राम चीपलाटा में चीपलाटा से लादिया तक जाने वाले एक किलोमीटर लंबे प्रचलित रास्ते से जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाकर रास्ता सुचारू किया गया। तहसीलदार ने बताया कि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की जनसुनवाई में परिवादी रामजीलाल वर्मा ने परिवाद पेश कर बताया कि विवादित रास्ता ग्राम का मुख्य रास्ता है, परन्तु ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर रास्ते को अवरूद्ध कर रखा है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन व कृषि कार्य बाधित हो रहा है। इस पर उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर से मिले निर्देशों की पालना में तहसीलदार श्रीमाधोपुर की ओर से मौके पर पहुंच कर समझाइश कर ग्रामीणों की ओर से रास्ते पर की गई तारबंदी, पक्की बाउंड्री वॉल, मेडबंदी आदि को जेसीबी मशीन से हटाकर रास्ता सुचारू करवाया गया। गौरतलब है कि उक्त रास्ते के कुछ हिस्से पर गौरव पथ बना हुआ है, परंतु शेष रास्ते पर सड़क निर्माण कार्य अतिक्रमण की वजह से प्रभावित हो रहा था। अतिक्रमण हटने पर ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## पौधारोपण से पर्यावरण संरक्षण का संदेश



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ढिगाल रोड़ स्थित शहीद रामेश्वर सिंह मेमोरियल उमावि, मण्डावा में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता का संदेश देते हुए स्कूल निदेशक महेश गढ़वाल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का फर्ज है कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के बाद नियमित रूप से उनकी सार संभाल करनी चाहिए ताकि पौधे, वृक्ष का रूप ले सके। प्रधानाचार्या पूनम गढ़वाल ने आमजन से भी अपील की है कि हमे समय समय पर पौधारोपण करना चाहिए और हमें लगाए गए पौधों की देखरेख भी करनी चाहिए। इस मौके पर स्टाफ सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

## मण्डावा एसडीएम को सौपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** आदिवासी सेवा संस्थान तहसील मंडावा ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर समता आंदोलन के अध्यक्ष के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने, समता आंदोलन समिति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने व समिति का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की मांग की है। मंडावा तहसील मीणा समाज के अध्यक्ष ने बताया कि समता आंदोलन समिति के अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री के नाम पत्र लिखकर मीणा समाज के कर्मचारियों पर अमर्यादित टिप्पणी की है। उन्होंने मीणा समाज के एसएमएस अस्पताल के कर्मचारियों को आतंकी जैसे शब्दों से संबोधित किया। जिससे संपूर्ण राजस्थान के आदिवासी समाज में गुस्सा हैं। मीणा समाज के कर्मचारी अधिकारी पढ़ लिखकर अपनी योग्यता के अनुसार मुकाम पर पहुंचे हैं। इस अवसर पर मंडावा मीणा समाज तहसील अध्यक्ष परमेश्वर मीणा तेतरा, सुरेंद्र सिंह मीणा भोजासर, भागीरथ मीणा वाहिदपुरा, सामाजिक कार्यकर्ता अमित मीणा बाजीसर, ओमप्रकाश मीणा पाटोदा शीशपाल मीणा चकबास, श्रीचंद मीणा चकबास, रामावतार मीना तेतरा, राकेश मीणा तेतरा आदि मीणा समाज के लोग मौजूद रहे। साथ ही आदिवासी सेवा संस्थान मंडावा में छात्रावास भूमि के लिए ज्ञापन दिया गया।

## विद्यार्थियों को 151 पौधों का वितरण



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** महाअभियान के तहत 'हरियालो राजस्थान' कार्यक्रम पौधरोपण उत्सव आयोजित किया गया। बाल भारती विद्या निकेतन में बुधवार को को सघन पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने अशोक का पेड़ लगाकर की। शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सरकारी व निजी विद्यालयों का स्टाफ, कर्मचारी व विद्यार्थी पूरी लगन व निष्ठा के साथ धरती माता को सुन्दर बनाने में लगे हुए हैं। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ व बच्चों में 151 पेड़-पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में दामोदर प्रसाद जांगिड़, आरपी उत्तम दाधीच, ताराचंद, स्कूल सचिव राजेन्द्र सनोदिया, प्रमोद कुमार कटारिया, निलेश सनोदिया, राकेश सनोदिया, अशोक कुमार हेतमसर, राकेश मीणा, मुस्कान सनोदिया, पल्लवी मिश्रा, उमा पाराशर, पायल चावला, पूनम मारवाल, नीतू चावला व उषा सैनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# लड्डूगोपाल का 27 वाँ वनभोज मनाया, भजन संग्रह भाव - प्रवाह का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** सावन के मनभावन मौसम में वन भ्रमण कर स्विमिंग पूल में नहाने झूला झूलने व खेलकूद कर पिकनिक का आनंद लेने के लिए नगर के कोने - कोने से और दिल्ली, उदयपुर, जयपुर, बीकानेर, डूंगरगढ़ आदि स्थानों से भी लड्डूगोपाल स्थानीय अग्रसेन भवन में पहुंचे। अवसर पर ललिता देवी व्यास की ओर से आयोजित लड्डूगोपाल की 27 वीं पिकनिक का श्याम प्रेमी मातृ शक्ति को विगत 26 वर्षों से लगातार हो रहे इस आयोजन की बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षा रहती है। पिकनिक को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए अग्रसेन भवन की विशेष रूप से सजावट की गई। अखिल भारतीय संघ समिति, जयपुर संभाग के अध्यक्ष श्री 1008 महंत विष्णुदास महाराज, अखिल भारतीय सिखवाल ब्राह्मण समिति, जयपुर की अध्यक्ष शशि शर्मा, रतनगढ़ के पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया, पूर्व पार्षद राहुल व्यास, सिखवाल ब्राह्मण समिति दिल्ली एन सी आर के अध्यक्ष कुणाल व्यास व व्यास परिवार के सदस्यों की ओर से दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। समारोह के प्रारंभ में अतिथियों ने कुलदीप व्यास की ओर से लिखे गए भजनों की पुस्तक श्री चौकवाले बालाजी, भाव - प्रवाह का लोकार्पण किया। पिकनिक में पहुंचे 202 लड्डूगोपालों ने सबसे पहले सुसज्जित उद्यान रूपी मंच पर खेलकूद करते, झूले पर झूलते हुए विविध व्यंजनों व फलों का आनंद लिया। फिर स्विमिंग सूट पहनकर विशेष रूप से बनाए गए तरण ताल के चंदन केशर युक्त जल में डुबकियां लगाई। स्विमिंग पूल में स्नान के बाद सभी गोपालों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। इस पूरी प्रक्रिया के साथ गायक छोटू राजस्थानी और कुलदीप व्यास की ओर है प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य करते हुए लड्डूगोपालों को खूब रिझाया। कुलदीप व्यास की ओर से प्रस्तुत सुप्रसिद्ध भजन " करके इशारो बुलाय गई रे, बरसाने की छोरी . और स्वरचित भजन " पिकनिक को प्रोग्राम कान्हो भाग्यो भाग्यो आयो है ... और " नान्हो सो कान्हो पिकनिक में आयो है .... " पर सभी ने तालियां बजाते हुये सुर में सुर मिलाए। अभिषेक के बाद लड्डूगोपालों को नवीन वस्त्राभूषण पहनाए गए और छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। महाआरती के बाद सभी लड्डूगोपालोडीकी रिटर्न गिफ्ट के रूप में पंखा प्राप्त चहकता चेहरा लियर अपनी माताओं के साथ घर के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सारस्वत, सरस्वती सिखवाल, ललिता ओझा, दमयंती सिखवाल, कविता सिखवाल, बसंती व्यास , लक्ष्मी ओझा, शकुंतला व्यास, प्रतिष्ठा सिखवाल, संगीता जोशी, अनीता ओझा , सुनीता सिखवाल, गीता राजा, मोहिता पारीक, ज्योत्स्ना ओझा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। महेश व्यास, राहुल, कुणाल, नवीन, प्रवीण आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। लड्डूगोपाल की आराधिका ललिता व्यास ने समस्त सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

## त्रिवेणी से रवाना हुई श्री श्याम श्रद्धालुओं की निशान यात्रा का अजीतगढ में स्वागत

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** शहर के निकटवर्ती पवित्र धाम त्रिवेणी के संत रामरिछपाल दास महाराज के आशीर्वाद से त्रिवेणी धाम से शुरू हुई श्री श्याम श्रद्धालुओं कि निशान यात्रा का अजीतगढ़ समेत जगह-जगह स्वागत किया गया। भाजपा नेता संदीप सिंह मूंडरू समेत कई श्रद्धालुओं ने बताया कि बुधवार की सुबह सैकड़ो की संख्या में श्री श्याम श्रद्धालु त्रिवेणी धाम मंदिर में इकट्ठे होकर त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास महाराज का आशीर्वाद लिया और त्रिवेणी धाम के मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान दास गंगादास व नारायण दास महाराज की मूर्तियों के परिक्रमा देकर विशाल निशान यात्रा शुरू की निशान यात्रा का अजीतगढ़ के गणेश गार्डन समेत कई स्थानों पर पुष्प बरसात कर स्वागत किया। कस्बे के गणेश गार्डन में सभी श्याम श्रद्धालु सामूहिक भोजन कर मूंडरू में स्थित श्री श्याम मंदिर के लिए रवाना हुए जिनका दिवराला व अन्य गांवो में लोगों ने स्वागत किया। यह सभी श्री श्याम श्रद्धालु अपने निशान मूंडरू के श्याम मंदिर में अर्पित करेंगे। ज्ञात रहे कि यह निशान यात्रा हर साल त्रिवेणी से रवाना होकर अजीतगढ़ से गुजरती हुई मूंडरू के श्री श्याम मंदिर में अपने निशान अर्पित करती है।



## विधायक गोरधन वर्मा की अनुशंसा पर ट्यूबवेल का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**लोसल(निस)।** स्थित शास्त्री नगर में धोद विधायक गोरधन वर्मा की अनुशंसा से बनाने वाली ट्यूबवेल व पानी की पाईप लाईन का शुभारंभ बुधवार को विधिवत रूप से पूजा अर्चना करके किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष बंशीधर शर्मा ने बताया की लंबे समय से क्षेत्र वासियों की मांग पर धोद के विधायक गोरधन वर्मा ने यह सौगात दी है। इस अवसर पर शेष भगवान मंदिर के महंत श्री जुगवेश्वर महाराज, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द राम बिजारणियां, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष बीआर हरिपुरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, बजरंग सिंह राठौड़, राजेन्द्र जांगिड़, केदार मारवाल, रामावतार कुमावत, ताराचंद, रिछपाल नरूका, हेमराज कुमावत, गोपाल जांगिड़, सावर मल, रामनिवास बिजारणियां, प्रहलाद शर्मा, सोहन लाल जांगिड़, कमल सिंह,लोकेश कुमार, बाबूलाल मारवाल, रतन लाल, पंकज शर्मा, अंकित जांगिड़ शिवप्रसाद शर्मा, गुलाब चन्द जांगिड़ सहित सैकड़ों महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित रहें। उपस्थित लोगों ने विधायक वर्मा का आभार व्यक्त किया।

## 95 वर्ष की बहन ने बांधा भाई की कलाई पर रक्षासूत्र



जयपुर टाइम्स

**पलसाना(निस)।** भाई बहनों के अटूट प्रेम स्नेह, प्यार व संबंधों का पर्व रक्षाबंधन है। इस दिन बहन अपने भाई के घर पहुंच कर रक्षा सूत्र बांधती है। इस बीच पलसाना कस्बे के अष्टसिरा कोठी में एक 95 वर्षीय बहन ने 92 वर्षीय अपने छोटे भाई के रक्षासूत्र बांधा हैं। भाई बहन की इस जोड़ी ने परिवार की चार पीढिय़ा देखी हैं। पलसाना के अष्टसिरा कोठी के कुमावत समाज के रामदेवा राम कुमावत व उनकी बहन रघुनाथगढ़ निवासी सुर्जी देवी रक्षाबंधन के लिए वर्ष भर बाट जोहते हैं। रामदेवा राम की बहन सुर्जी देवी रक्षाबंधन के पर्व के आने की खुशी में पांच दिन पहले ही भाई के यहां आने के लिए बेटों, बहुओं और पोतों को बार बार कहती हैं कि पलसाना जाना हैं, राखी ले आना, नारियल ले आना और रक्षाबंधन के 5 दिन पहले अपने भाई के घर आ गईं। और भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांध कर पर्व मनाया। रामदेवा राम के बेटे, बेटियां, पोते, पोतियां व पड़पोते भी अचरज करती हैं। सुर्जी देवी बताती है कि पांच साल की थी तब से भाई की कलाई पर राखी बांध रही है। 90 साल से अनवरत राखी बांधने का क्रम जारी है। पड़पोते व पोतियों के साथ साथ बेटे बेटियों को उनके बचपन व पुराने जमाने की राखी के किस्से जरूर सुनती हैं। इस बार भी सभी ने साथ मिलकर रक्षाबंधन मनाया जो औरों के लिए प्रेरणादायक है।

## वन व पर्यावरण मंत्री ने करड में किया पौधारोपण

जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निस)।** उगम संस्थान राजस्थान की ओर से बुधवार को करड़ में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में वन व पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने पौधारोपण किया। जानकारी के अनुसार हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत 1111 पौधों का पौधारोपण व वितरण कार्यक्रम नवीन चिकित्सालय करड़ में उगम संस्थान के तत्वाधान में किया गया। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नन्हें बच्चों को पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम की संयोजिका निकिता शेखावत संस्थापिका उगम संस्थान के तत्वावधान व संस्थान के सभी सदस्यों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



# फिकल्स ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** नगरपालिका में बुधवार को अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिह सांखला की अध्यक्षता में फिकल्स ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर बैठक हुई जिसमें ईओ अजय प्रताप सिंह ने बताया कि पालिका क्षेत्र में फिकल्स सदस्य ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार है और क्रियाशील है उक्त प्लाट को चलाने के लिए रख रखाव सहित सभी कार्य का ठेका एमवीआर टेक्नोलॉजी गुंटुर आंध्र प्रदेश को है उक्त प्लाट की क्षमता 25 केएलडी है अजय प्रताप ने बताया कि नगरीय सीमा व सीमा क्षेत्र से 15 किमी की परिधि में प्लस कर मुलाबा का ट्रीटमेंट अब उक्त प्लाट में किया जाएगा। फिकल्स स्लग को घरों से ले जाकर खुले स्थान पर छोड़ने वाले निजी टैंकरों पर कार्रवाई करने का प्रस्ताव लिया गया साथ ही टैंकर के विरुद्ध पहली बार 2000 जुर्माना लगाने तथा पुनरावृत्ति होने पर जमाने के साथ-साथ पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाने का निर्णय लिया गया। ईओ ने बताया कि एमवीआर टेक्नोलॉजी गुंटुर आंध्र प्रदेश के पास फिजिकल सलाद उठाने के लिए टैंकर उपलब्ध है हजार रुपए सर्वसम्मति से शुल्क निर्धारित किया गया किसी भी घर में फिकल्स स्लज खाली करवाए जाने के लिए नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक से संपर्क कर रसीद जारी करवा कर उक्त कंपनी के सुपरवाइजर के प्रस्तुत करनी होगी। उक्त कंपनी निशुल्क अपना टैंकर भेज कर फिकर सलाद खाली करवाएगी इसके अलावा निजी वेंडर की ओर से अगर पालिका के संचालित प्लांट में टैंकर खाली किया जाता है तो उसके लिए निशुल्क किए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया बैठक में पालिका कार्मिक लक्खू सिंह, सफाई निरीक्षक त्रिशूल भाटी, अनिल कुमार, आयुष वर्मा, गोपालराम, नितेश सहित पालिका स्टाफ उपस्थित रहा।



# सुरेश कुमार दांतारामगढ़ ब्लॉक के एसीबीईओ बने

### पीएमश्री विद्यालय परिवार ने दी प्रधानाचार्य को विदाई

जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निस)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांता के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार का पद स्थापन ब्लॉक दांतारामगढ़ में एसीबीईओ प्रथम पर होने पर विद्यालय परिवार ने विदाई दी। कार्यक्रम में दांता के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामगोपाल वर्मा, हरिओम पारीक प्रधानाचार्य राउमावि मोटलावास, महावीर प्रसाद सोनी प्रधानाचार्य राउमावि अमरपुरा, दिपेन्द्र गुप्ता प्रधानाचार्य, पूरण मल जोरम सेवानिवृत व्याख्याता व स्टॉफ ने माला साफा पहनाकर अभिनन्दन किया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने भामाशाहों से सम्पर्क कर विद्यालय भवन का काया कल्प कर दिया। सूत्रों के अनुसार छ वर्ष के कार्यकाल में भामाशाहो से लगभग पांच करोड़ का निर्माण कार्य, मुख्य द्वार, आधुनिक कम्प्यूटर लैब, सीसीटीवी कैमरा, बोर्ड की परीक्षा में सभी संकाय में शत प्रतिशत परिणाम, अन्य भौतिक सुविधा, सांस्कृतिक और प्रार्थना में राज्य स्तर पहचान उपलब्ध करवाके शेखावाटी में राजकीय विद्यालय की विशेष पहचान बनाई। समस्त स्टॉफ ने एसीबीईओ प्रथम सुरेश कुमार को ब्लॉक दांतारामगढ में एसीबीईओ पद पर कार्यग्रहण के दौरान साथ रहे। कार्यक्रम का संचालन दशरथसिंह शेखावत ने किया।



# मांगों को लेकर एसएफआई ने दिया प्राचार्य को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**फतेहपुर(निस)।** छात्र संगठन एस एफ आई ने अपनी कई मांगों को लेकर बुधवार को राजकीय मोदी सन महाविद्यालय में प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया।सचिव बीजू चाचीवाद ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय के सामने कट लगाने को लेकर प्राचार्य को उपखण्ड अधिकारी महोदया के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा कि अगर जल्द से जल्द महाविद्यालय के सामने कट नहीं लगाया जाएगा तो छात्रसंगठन एस एफ आई महाविद्यालय को बंद करेगा। सरअफराज आसास ने बताया कि महाविद्यालय की मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन दिया।



### इन मांगों को पूरा करने की मांग

महाविद्यालय में सुचारू रूप से कक्षाएं लगाई जाएं।महाविद्यालय में प्रत्येक कमरे में सफाई और कैंपस में साफ-सफाई की जाए। महाविद्यालय में बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाए।महाविद्यालय में खेल मैदान शुरू किया जाए। महाविद्यालय में लाइब्रेरी की व्यवस्था की जाए। सभी अध्यापक निश्चित समय पर महाविद्यालय में पहुंचें। सभी शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों को भरा जाए। महाविद्यालय में 75% उपस्थिति अनिवार्य की जाए। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कहा कि इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया जाएगा तो छात्रसंगठन एस एफ आई उग्र आंदोलन करेगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं प्रशासन की होगी। इस दौरान इरशाद, फैसल, सुरेश कुमार, शमशाद, गजेंद्र आदि छात्र मौजूद रहे।

# जान से मारने की नीयत से फायरिंग का एक साल से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** पुलिस ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का 1 साल से फरार एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की साथ ही गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में भी हत्या के प्रयास के आरोप में जेल जा चुका है। थाना अधिकारी रिया चौधरी ने बताया कि 24 अगस्त 2024 को सांवलपुरा तवरान निवासी हेमराज गुर्जर ने अजीतगढ़ थाने पर मुकदमा दर्ज करा आरोप लगाया था कि लुहारावास निवासी योगेश गुर्जर, चान्दौली थाना प्रागपुरा निवासी किशोर डोई, किशनपुरा निवासी अशोक मीणा, बुचारा निवासी मनोज मीणा उर्फ अविनाश ने मेरे ऊपर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की और रुपए मांगने समेत गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले का अनुसंधान शुरू कर दिया था और सीकर जिला पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक लुनावत व नीमकाथाना के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने अजीतगढ़ के उप पुलिस अधीक्षक उमेश गुप्ता के निर्देशन में थाना अधिकारी रिया चौधरी के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल किशन, कांस्टेबल नेकीराम यादव, अनिकेत वर्मा, दीपक कुमार व पुलिस वाहन के चालक कांस्टेबल सुरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। इस दौरान पुलिस टीम ने जगह-जगह आसूचना इकट्ठी कर मोबाइल के लोकेशन निकाले और बुधवार को इस मामले के एक आरोपी किशनपुरा निवासी अशोक मीणा को दबिश देकर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। थानाधिकारी रिया चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अशोक मीणा पूर्व में भी हत्या के प्रयास में जेल जा चुका है, अब इस मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।




## बाढ के बालाजी मंदिर में शिव परिवार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**घाटवा(निस)।** घाटवा कस्बे में स्थित श्री बाढ़ का बालाजी मंदिर परिसर में बुधवार को दो दिवसीय श्री बाढ़ेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और पूरा मंदिर परिसर भक्ति के रंग में डूबा रहा। जानकारी के अनुसार मंगलवार को घाटवा से मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई और बुधवार सुबह मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने बाढ़ेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया। महादेव को महाकाल की प्रतिमूर्ति की तरह सजाकर उनका भव्य श्रृंगार किया गया, जिसे देखकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान सात जोड़ों ने हवन में आहुतियां दीं, जिसके बाद पूर्णाहुति हुई। दोपहर में कन्या भोजन और प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक महाकाल का विशाल भजन-सत्संग कार्यक्रम चला, जिसमें भक्तों ने भक्तिगीतों का आनंद लिया। वहीं पुरुषों का एक दल लोहार्गल से डाक कावड़ लाया, वहीं कई महिला श्रद्धालु और एक छोटी बच्ची भी धार्मिक पर्यटन स्थल घाटवेश्वर महादेव मंदिर से कावड़ लेकर पहुंची। इस समारोह में स्थानीय भक्तों, श्रद्धालुओ, ग्रामीणों, महिला मंडल श्रद्धालु सहित अनेक ग्रामीण स्थानीय जनप्रतिनिधि, कुचामनसिटी के उप प्रधान सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

### पांच दिवसीय हिंडोले शुरू, उमड़ने लगे लोग



जयपुर टाइम्स

**फतेहपुर(निस)।** कस्बे मे पांच दिवसीय हिंडोले मंगलवार रात्री से शुरू हो गया है। शहर के श्री लक्ष्मीनाथ जी मंदिर, जानकीवल्लभ मंदिर, चमड़िया कॉलेज गोविन्द देव जी मंदिर, आशाराम जी मंदिर, छतरिया बस स्टेड स्थित रामगोपाल छतरी, चित्रकुट बालाजी सहित कस्बे के अन्य मंदिर में आयोजित हिंडोला महोत्सव के दौरान ऐतिहासिक झूले को रंग बिरंगी लाईट व फूलों से अलौकिक रुप में सजाया गया। लक्ष्मीनाथ जी मंदिर व जानकीवल्लभ मंदिर में मिट्टी, काष्ठ व स्वचालित खिलौनों से विशेष सजावट की गई है । वहीं गोविंद देव मंदिर चमड़िया कॉलेज के पास पानी में वोट सहित एक से बढ़कर एक झांकी सजाई गई जिसे देखने के लिए लोग अपने परिवार सहित मंदिर परिसर में दर्शन कर झूला उत्सव का आनंद लेने के लिए पहुंचे।वर्षों से नगर में चली आ रही यह परम्परा जानकीवल्लभ मंदिर के संत गोपेशाचर्य महाराज ने बताया कि हिंडोला महोत्सव फतेहपुर के मंदिरों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह त्यौहार भक्तों के लिए भगवान के प्रति अपनी भक्ति और प्रेम व्यक्त करने का एक अवसर है। कहा आइये हम सब भगवान के प्रति भक्ति और प्रेम व्यक्त करें ।खुशी और उत्सव का माहौल बनाए और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दें।

## त्यौहारों को लेकर श्री सूर्य मंडल की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निस)।** कस्बे के श्रीसूर्य मंडल समाज सेवा समिति की बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष हरिप्रसाद बलौदा की अध्यक्षता में बालेश्वर मोहल्ला स्थित मंडल कार्यालय में हुआ। बैठक में आगामी त्यौहारों को लेकर विचार विमर्श किया गया जिस पर सभी सदस्यों ने अपने सुझाव दिए। मंडल मीडिया प्रभारी केसी राजा ने बताया कि बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, लोकदेवता भैरुबाबा के मेले में सेवा देने, ऋषि पंचमी पर रामायण मुहूर्त को लेकर विस्तार से चर्चा की गई, जिस पर सभी सदस्यों ने त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाने की सहमति दी। भैरुजी मेले में भी सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सेवा कार्य करने की बात कही। इस दौरान कोषाध्यक्ष कैलाश चंद बिंवाल, कैलाश चंद छीपा, मंत्री श्रवण सैन, पोखरमल कुमावत, गौरव जांगिड़, अरुण बावड़ीका, हिमांशु पारीक, आशीष जांगिड़, श्याम सुंदर छीपा, मुदित जोशी, नईम खान, मिलन पारीक, शक्ति जांगिड़, प्रशांत अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, नाहर सिंह सहित मंडल के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के आवेदन 10 अगस्त तक

**चूरू(निस)।** राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना, 2025 अंतर्गत 10 अगस्त तक देवस्थान विभाग की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। प्रभारी अधिकारी (विकास) सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि देवस्थान विभाग की ओर से इस वर्ष रेल मार्ग से 50 हजार यात्री एवं हवाई जहाज से 6 हजार यात्री सहित कुल 56 हजार यात्री यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिक योजना के बारे में अधिक जानकारी व आनलाइन आवेदन के लिए देवस्थान विभाग की वेबसाइट सकते हैं।

# बाबा खींवादास महाराज की बरसी पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 16 व 17 को





### बाबा बंशीदास हॉस्पिटल का होगा शिलान्यास

जयपुर टाइम्स

**लोसल(निस)।** अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के संत शिरोमणि पीठाधीश्वर व बाबा खींवादास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्थापक मानवता के प्रेरक 1008 लादूदास महाराज के शिष्य श्री श्री 1008 बाबा खींवादास महाराज की 24 वीं बरसी(पुण्यतिथि)सांगलिया धूणी में श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी।अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 श्री ओमदास महाराज ने बताया कि बाबा खींवादास महाराज की बरसी पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन होगा।जिसमे 16 अगस्त कृष्ण जन्माष्टमी शनिवार को रात्रि में विशाल सत्संग समारोह का आयोजन किया जाएगा। 17 अगस्त को प्रातः 9.15 बजे समाधि पूजन व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। इसके बाद 11.15 बजे बाबा खींवादास कॉलेज सांगलिया के पास बाबा बंशीदास हॉस्पिटल की नींव का शुभ मुहूर्त स्वामी ओमदास महाराज के सानिध्य में किया जाएगा।बाबा की बरसी पुण्यतिथि को लेकर धूणी परिसर में साधु सन्तो व श्रद्धालुओं के आने जाने का दो दिन तक तांता लगा रहेगा। कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान सहित कई प्रान्तों से भक्तगण मत्था टेकने व नारियल चढ़ाकर मन्नोतिया मांगने के लिए आते हैं। कार्यक्रम में राजनीति के जनप्रतिनिधि सहित राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक संगठनों से जुड़े तमाम साधु संत मौजूद रहेंगे।